माघ कृष्ण पक्ष पंचमी 11:36 उपरांत
षष्ठी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कानपुर, बुधवार, 31 जनवरी 2024
वर्ष 2, अंक 160, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल 16
मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रहीं हैं स्मृति सिन्हा 15

तेजस्वी से ईडी ने 8 घंटे की पूछताछ, 60 सवाल दागे

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन घोटाले में उनके पुत्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की। ईडी के समन के बाद तेजस्वी पूर्वाह्न 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी के 12 अफसरों की टीम ने पूछताछ शुरू की, जो लगभग आठ घंटे तक चली। उनसे करीब 60 सवाल किए गए ।

तेजस्वी जब बाहर निकले तब पहले से वहां मौजूद उनके समर्थकों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। तेजस्वी ने भी पूरे जोश के साथ हाथ हिलाया और विक्ट्री साइन दिखाया। इस दौरान ईडी कार्यालय के बाहर उनकी बड़ी बहन राज्यसभा सांसद मीसा भारती और बड़े भाई पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के अलावा बड़ी संख्या में राजद के विधायक, पूर्व मंत्री और कार्यकर्ता उपस्थित थे। आरोप के अनुसार, लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था।

जमीन के बदले नौकरी घोटाला

घोटाला मामले में सीबीआई दाखिल करेगी आरोपपत्र

नई दिल्ली। सीबीआई ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत को अवगत कराया कि वह राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में एक माह के भीतर पूरक आरोपपत्र दाखिल करेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष यह दलील दी। कहा गया कि अंतिम रिपोर्ट फरवरी के अंत तक दाखिल कर दी जाएगी।

लापता होने के आरोपों के बीच रांची पहुंचे हेमंत सोरेन

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई घंटों तक उनके पते ठिकाने को लेकर बने असमंजस के बीच रांची में अपने आधिकारिक आवास पहुंच गए। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में बड़ी संख्या में विधायक और मंत्री एक बैठक में हिस्सा लेने से पहले सोरेन का अभिवादन करते नजर आए। मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। सोरेन ने ईडी को ईमेल भेजकर सूचित किया था कि वह बुधवार को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बयान देने के लिए तैयार हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से 36 लाख रुपये, एक एसयूवी और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

भाजपा नेता की हत्या मामले में केरल की कोर्ट का फैसला

पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा

अलप्पुझा (केरल), एजेंसी

केरल की एक अदालत ने दिसंबर 2021 में अलप्पुझा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अन्य पिछड़ा वर्ग शाखा के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 15 लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, मावेलिक्कारा वीजी. श्रीदेवी ने दोषियों को सजा सुनाई। विशेष अभियोजक प्रताप जी. पडिक्कल के अनुसार, मामले में दोषी ठहराए गए कुल 15 व्यक्तियों में से 14 को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया था। न्यायाधीश ने मौखिक रूप से कहा कि अस्पताल में भर्ती होने की वजह से एक दोषी को अदालत में पेश नहीं किया जा सका, जिसे पेशी के दौरान सजा सुनाई जाएगी। अदालत ने मामले में 20 जनवरी को 15 लोगों को दोषी ठहराया था।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव श्रीनिवासन पर 19 दिसंबर, 2021 को उनके परिवार के सामने पीएफआई और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हत्या कर दी थी।

सभी प्रशिक्षित हत्यारे थे : अभियोजन पक्ष

अभियोजन पक्ष ने दोषियों के लिए अधिकतम सजा का अनुरोध करते हुए कहा था कि पीएफआई के ये सदस्य एक प्रशिक्षित हत्यारा दस्ते से जुड़े थे और जिस क्रूर तथा वीभत्स तरीके से पीड़ित को उसकी मां, बच्चे और पत्नी के सामने मारा गया वह इसे दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी के अपराध के दायरे में लाता है।

श्रीनिवासन को आज न्याय मिला : भाजपा

अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि श्रीनिवासन को न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई– महान शहीद रंजीत श्रीनिवासन को आज न्याय मिला... हम फैसले से खुश हैं और इसका तहे दिल से स्वागत करते हैं।

फैसले से श्रीनिवासन का परिवार संतुष्ट

फैसले पर श्रीनिवासन के परिवार ने कहा कि वे इससे संतुष्ट हैं। श्रीनिवासन की पत्नी ने कहा कि यह एक असाधारण दुर्लभ मामला था और हमारा नुकसान बहुत बड़ा है। हम घटना की गहन और ईमानदार जांच करने के लिए अभियोजन और जांच अधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं।

सपा ने घोषित किए 16 प्रत्याशी डिंपल समेत तीन परिवार के

लोकसभा चुनाव : धर्मेंद्र बदायूं से तो अक्षय यादव फिरोजाबाद से लड़ेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी ने मंगलवार को 16 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी से चुनावी मैदान में उतारा गया है। संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया गया है। राजधानी लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं उम्मीदवारों की इस सूची में डिंपल यादव समेत तीन उम्मीदवार अखिलेश यादव के परिवार से ही है। इनमें चचेरे भाईयों धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम भी शामिल है।

समाजवादी पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनन्द भदौरिया, उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा को टिकट दिया है।

लालजी वर्मा बीते विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा छोड़कर वे सपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें कटेहरी विधानसभा सीट से टिकट दिया था। वे चुनाव जीतकर विधायक भी बने। विधायक रहते अब सपा ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी अधिकृत तौर पर घोषित किया है। बसपा सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके लालजी टांडा सीट से भी विधायक रह चुके हैं।

पत्नी डिंपल यादव के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। (फाइल फोटो)

- उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा होंगे मैदान में
- अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को टिकट

सपा ने मारी बाजी

लोस चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों की सूची जारी के मामले में सपा ने बाजी मार ली है। घोषित प्रत्याशियों को अपना प्रचार शुरू करने में ज्यादा वक्त मिल जाएगा। पार्टी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर सूची जारी करते हुए यह भी लिखा कि सपा ने कांग्रेस और रालोद गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने का फैसला किया है। उप्र. की 80 में से 60 सीटों पर सपा ने लड़ने का फैसला लिया है। सात सीटें रालोद को दी गई है, 11 सीटें सपा ने कांग्रेस को दी है। हालांकि, 11 सीट की बात पर कांग्रेस की तरफ से स्पष्ट सहमति नहीं दी गई है।

जम्मू-कश्मीर में शक्तिशाली विस्फोटक बरामद

जम्मू। पुलिस ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में मलेशियाई बैटरी से लैस दो शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कठुआ के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा श्मशान घाट के पास बेईन नाला के किनारे सुबह-सुबह तलाशी अभियान के दौरान झाड़ियों में छिपाई गई पॉलिथीन में पैक दो संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। तत्काल बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) को बुलाया गया। जांच में पता चला कि दोनों वस्तुएं आईईडी थीं। पुलिस ने कहा कि प्रत्येक आईईडी एक प्लास्टिक बोतल के भीतर थी। बोतल और इसमें एक इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक 9वी बैटरी (मलेशियाई), एक सर्किट, स्प्लिंटर्स के रूप में काम करने वाले स्क्रू और विस्फोटक सामग्री जैसे घटक शामिल थे। इसके अतिरिक्त आईईडी रखने वाले प्लास्टिक कंटेनरों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से लेपित किया गया था।

सीआरपीएफ के 3 कमांडो नक्सली मुठभेड़ में शहीद



- छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर सीमा पर तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़, 17 अन्य घायल

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सीआरपीएफ के तीन कमांडो शहीद हो गए और 17 अन्य घायल हो गए। पुलिस महानिदेशक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी. ने बताया कि यह घटना बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा पर स्थित टेकलगुडेम गांव के समीप उस वक्त हुई, जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल तलाश अभियान चला रहा था। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी।

कोबरा कमांडो की 201वीं बटालियन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 150वीं बटालियन का एक दल इलाके में अग्रिम अभियान शिविर (एफओबी) स्थापित करने के लिए काम कर रहा था, तभी अपराह्न करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। एफओबी एक दूरस्थ शिविर है, जिसका उद्देश्य मुख्य नक्सली क्षेत्रों में सक्रिय सुरक्षा बलों को अभियानगत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

सीआरपीएफ की 'कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन' (कोबरा) जंगल में युद्ध अभियान चलाने वाली इकाई है। सूत्रों ने बताया कि कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इनमें से चार जवानों की हालत गंभीर है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है।

एक नजर

पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की पत्नी की हादसे में मौत

जयपुर। राजस्थान में अलवर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम सड़क हादसे में बाड़मेर के पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल और उनका बेटा घायल हो गया, जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई। मानवेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के बेटे हैं। थानाधिकारी नेकीराम ने बताया कि दिल्ली से जयपुर आ रहे सिंह की (एसयूवी) कार नौगांव के पास एक पुल की दीवार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। उन्हें अलवर के सोलंकी अस्पताल ले जाया गया, चिकित्सक विक्रांत सोलंकी ने बताया कि मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। मानवेन्द्र सिंह और उनके बेटे हमीर सिंह तथा चालक नरेंद्र का इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अनेक नेताओं ने शोक जताया है।

रामदेव की मोम प्रतिमा का दिल्ली में अनावरण

नई दिल्ली। योग गुरु रामदेव की आदमकद मोम की प्रतिमा का मंगलवार को दिल्ली में मैडम तुसाद न्यूयॉर्क में अनावरण किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव स्वयं भी उपस्थित रहे और उन्होंने कुछ आसन भी किए। मर्लिन एंटरटेनमेंट्स ने एक बयान में कहा कि प्रशंसकों के लिए मोम की प्रतिमा उपलब्ध होगी। मोम की प्रतिमा का अनावरण दर्शकों के लिए एक उपहार और योगी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन है जो लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। मैडम तुसाद न्यूयॉर्क के प्रवक्ता टियागो मोगोडोरो ने कहा कि स्वामी रामदेव की प्रतिमा आध्यात्मिक ज्ञान और स्वास्थ्य के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का प्रतिनिधित्व करता है।

84 आईपीएस अफसरों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र शासन ने मंगलवार को 84 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। इसमें एक ही जिले में तीन साल से जमे और हाल ही प्रोन्नत अफसरों को नई तैनाती दी गई है। कुछ अफसरों को उनके तैनाती स्थल पर ही प्रमोशन दिया गया है। इस तबादले में कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात कई अफसर बदले गए हैं। यह तबादला लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

सचिव गृह डॉक्टर संजीव गुप्त और प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा को तैनाती स्थल पर ही एडीजी के पद पर प्रमोशन दिया गया है। डीआईजी कानून व्यवस्था एल रवि कुमार को आईजी कानून-व्यवस्था बनाया गया हैं। लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात जेपीसी आकाश कुलहरि को उनकी तैनाती स्थल पर आईजी बनाया गया है। कानपुर कमिश्नरेट में जेपीसी आनंद प्रकाश तिवारी को हटाकर आईजी भवन कल्याण बनाया गया है। अलीगढ़ रेंज के डीआईजी शलभ माथुर को वहीं आईजी रेंज बना दिया गया है।

बदलाव : अब संजय पीलीभीत और जोगिंद्र रामपुर के डीएम

लखनऊ। रामपुर और पीलीभीत में जिलाधिकारी पद के तबादले में फेरबदल किया गया है। अब संजय कुमार सिंह रामपुर की जगह पीलीभीत के डीएम होंगे, जबकि बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह रामपुर के डीएम होंगे। विशेष सचिव गृह राजेश राय कौशांबी और विशेष सचिव नमामि गंगे प्रवीण मिश्र को मऊ का डीएम बनाया गया है। राज्य संपत्ति अधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह को फर्रुखाबाद का डीएम व मऊ में डीएम रहे अरुण कुमार को विशेष सचिव नमामि गंगे बनाया गया है। अमरोहा की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रतिभा सिंह आगरा की सीडीओ बनाई गई हैं।

सड़क हादसे में छात्र-छात्रा समेत चार लोगों की मौत

रोडवेज बस-डीसीएम से भिड़ी स्कूल वैन

संवाददाता, उझानी/कछला (बदायूं)

अमृत विचार : रोडवेज बस को ओवरटेक करने के चक्कर में बच्चों को लेकर स्कूल जा रही वैन सामने से आ रही डीसीएम से टकराकर अनियंत्रित हो गई। हादसे में रोडवेज बस ने पीछे से अनियंत्रित वैन को टक्कर मार दी। भीषण हादसे में छात्र-छात्रा समेत वैन चालक और उसके डेढ़ साल के बेटे की मौत हो गई। जबकि छह अन्य छात्र-छात्राएं घायल हो गए।

उझानी क्षेत्र के गांव जनईया निवासी उमेश (28) पुत्र यशपाल के पास ईको वैन थी। वह गांव फूलपुर के बच्चों को उझानी क्षेत्र के गांव बुटला बोर्ड स्थित कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज में लाने-ले जाने का काम करता था। मंगलवार सुबह वह घर से वैन लेकर निकला तो डेढ़ साल का बेटा दुष्यंत भी साथ जाने के लिए जिद करने लगा। उमेश ने वैनर में बैठा लिया। वह फूलपुर पहुंचा। तेजपाल की बेटी मेहर (9), कृतिका (7), बेटा आलेख (6), सुरेंद्र मौर्य की बेटी राधा (11) व स्वाति (17), विक्रम की बेटी सरिता (6) व शीतल, छत्रपाल के बेटे निशांत (6) को कॉलेज लेकर जा रहा था। रास्ते में कोहरा था। सुबह करीब 9.30 बजे बरेली-मथुरा राजमार्ग पर करुआ पुल के पास फूलपुर मोड़ पर अलीगढ़ डिपो की बस को उसने ओवरटेक किया तभी सामने से आई डीसीएम से वैन टकराकर अनियंत्रित हो गई। उसी वक्त पीछे से रोडवेज बस ने वैन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वैन चालक उमेश, उसके बेटे दुष्यंत और छात्र आलेख की मौत हो गई। घायल छात्र-छात्राओं को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। स्वाति की हालत गंभीर होने पर सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

देर रात स्वाति ने भी दम तोड़ दिया। डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति से बच्चों की हालत के बारे में जानकारी की। उमेश के पिता यशपाल की तहरीर पर डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि डीसीएम, रोडवेज बस और वैन की भिड़ंत हुई थी। चालक, उसके बेटे और छात्र-छात्रा की मौत हुई। अन्य की हालत ठीक बताई गई है। फरार डीसीएम चालक की तलाश की जा रही है।

- भीषण हादसे में स्कूल वैन में सवार छह अन्य छात्र भी घायल
- वैन के चालक के ओवरटेक करने की वजह से हुआ हादसा

दुर्घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त वैन।

भाजपा के मनोज ने जीता चंडीगढ़ महापौर का चुनाव

चंडीगढ़, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में जीत हासिल की और तीन शीर्ष पदों पर कब्जा बरकरार रखा। इसे आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। इस बीच आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया और चुनाव परिणामों को रद करने तथा हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध किया।

महापौर पद के लिए परिणाम घोषित होते ही विपक्षी गठबंधन इंडिया के दो दलों के पार्षदों ने नगर निगम सदन में हंगामा किया और वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के चुनाव का बहिष्कार किया। भाजपा के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने कांग्रेस समर्थित आप के कुलदीप कुमार को हराकर जीत हासिल की। सोनकर को 16 और कुमार को 12 मत मिले। आठ मतों को अवैध घोषित कर दिया गया। भाजपा के कुलजीत संधू और राजिंदर शर्मा क्रमशः वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के लिए निर्वाचित हुए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा गुंडागर्दी में संलिप्त रही और आज का दिन लोकतंत्र के लिए काला दिन है।

- आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट का रुख किया

पेपर लीक मामला

आरआरबी के पूर्व अध्यक्ष को पांच साल की जेल

नई दिल्ली। हैदराबाद में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने 2010 में 1,936 सहायक स्टेशन मास्टर और सहायक लोको पायलट की भर्ती के लिए प्रश्नपत्रों के लीक होने के सिलसिले में रेलवे भर्ती बोर्ड मुंबई के तत्कालीन अध्यक्ष सतेंद्र मोहन शर्मा और नौ अन्य को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई मामलों के लिए प्रधान विशेष न्यायाधीश (हैदराबाद) ने जिन लोगों को सजा सुनाई है, उनमें आसन-मैंगलोर रेल विकास निगम के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ए के जगन्नाधम भी शामिल हैं। अदालत ने शर्मा पर 1.75 लाख रुपये और जगन्नाधम पर 1.31 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

प्रोन्नति से पूर्व एनसीटीई की अधिसूचना पर लें निर्णय

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सहायक अध्यापकों की प्रोन्नति के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए, राज्य सरकार से कहा है कि वह प्रोन्नति से पूर्व एनसीटीई (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद) द्वारा जारी 11 सितंबर 2023 की अधिसूचना पर निर्णय ले। उक्त अधिसूचना के तहत एनसीटीई ने जूनियर बेसिक व नर्सरी स्कूलों के प्रधानाध्यापक-प्रधानाध्यापिका तथा सीनियर बेसिक स्कूलों के सहायक व प्रधान अध्यापक-अध्यापिका के पदों पर प्रोन्नति के लिए टीईटी को अनिवार्य किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बीआर सिंह की खंडपीठ ने हिमांशु राना व अन्य की याचिका पर पारित किया।

याचिका में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 1981 के नियम 18 की वैधता को चुनौती दी गई है। याचियों की ओर से अधिवक्ता अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने दलील दी कि वर्ष 2010 में टीईटी लागू होने के बाद ही नियुक्ति व प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया था, इसके लागू होने से पूर्व नियुक्ति पाए अध्यापकों के लिए यह व्यवस्था दी गई थी कि वे अपने पदों पर कार्यरत रहेंगे परंतु प्रोन्नति पाने के लिए उन्हें भी टीईटी पास करना होगा। कहा गया कि 11 सितम्बर 2023 को अधिसूचना जारी करते हुए, एनसीटीई ने पुनः इस बात को स्पष्ट किया है कि प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य शर्त है, बावजूद इसके नियम 18 के तहत टीईटी न पास करने वाले अध्यापकों को प्रोन्नति दी जा रही है।

न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए, मामले में विचार की आवश्यकता जताई व केंद्र तथा राज्य सरकार समेत सभी प्रतिवादियों को तीन सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। साथ ही एनसीटीई के 11 सितम्बर 2023 के अधिसूचना के तहत निर्णय लेने के उपरांत ही प्रोन्नति करने का आदेश दिया है। हालांकि न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश अर्ह अध्यापकों के प्रोन्नति में बाधा न माना जाए तथा इस सम्बंध में की गई कार्रवाई वर्तमान याचिका के परिणाम के अधीन होंगी।

- सहायक अध्यापकों को लेकर हाईकोर्ट ने दिया आदेश
- एनसीटीई ने प्रोन्नति के लिए टीईटी को किया है अनिवार्य
- सभी प्रतिवादियों को 3 सप्ताह में जवाबी हलफनामा देने का आदेश

वसूली मामले में मुंबई के पुलिस आयुक्त को दी क्लीनचिट

ठाणे। सीबीआई ने पर्याप्त सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और अन्य के खिलाफ दर्ज कथित जबरन वसूली के मामले को बंद करने के संबंध में रिपोर्ट पेश की है।

एजेंसी ने 18 जनवरी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाणे के समक्ष एक क्लोजर रिपोर्ट पेश की। अदालत फरवरी में रिपोर्ट पर विचार कर सकती है। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मामले में तथ्य और परिस्थितियां आरोपों को साबित नहीं करतीं या किसी भी आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कोई भी सबूत का खुलासा नहीं करतीं।

एक नजर

आत्महत्या करने जा रही बालिका को बचाया

कानपुर। फजलगंज थानाक्षेत्र में लाजपत नगर में एक पान शॉप के पास एक बालिका ने आत्महत्या का प्रयास किया। इस दौरान वहां मौजूद टीएसआई अखिलेश कुमार दीक्षित और कांस्टेबल आशुतोष कुमार और होमगार्ड किशन दीक्षित ने सूझ बूझ से आत्महत्या करने जा रही बालिका को रोक लिया। पूछने पर उसने बताया कि उसे अपने घर नहीं जाना है। बालिका ने अपना नाम कविसा ओचनी और पिता का नाम रवि और माता का भावना ओचनी बताया। टीएसआई ने बालिका को समझाया और उनके परिजन को घटना की जानकारी देकर उनके सुपुर्द कर दिया।

जाल उखाड़कर हजारों का सामान पार

कानपुर। बिठूर थानाक्षेत्र में बगदौधी बांगर फूलमती माता निवासी पुष्पेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि 27 जनवरी को शाम चार से पांच बजे के बीच अपने बेटे के इलाज के लिए फरुर्खाबाद गए थे। इस दौरान उन्होंने घर में ताला लगा दिया था। बताया कि रात में चोरों ने आंगन का जाल उखाड़कर घर में प्रवेश किया और अलमारी से सोने और चांदी के ज्वैलरी चोरी कर लिए। साथ ही एलसीडी, तीन सिलेंडर, चार तोले का हार, टॉप्स, झुमकी झाला, दो चेन, दो रिंग, दो मंगलसूत्र, माथे का टीका, कंगन, पायल पार कर दिया।

पीडीए की झलक दिखाई दी और पुराने कांग्रेसियों पर लगाया दांव

सपा की पहली सूची में पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक राजनीति की झलक दिखी

विशेष संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 16 प्रत्याशियों की जो पहली सूची जारी की है, उसमें पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) की झलक के साथ अकबरपुर, फर्रुखाबाद, बांदा और उन्नाव लोकसभा क्षेत्र से कभी कांग्रेस के दिग्गज कहे जाने वाले नेताओं पर दांव लगाया गया है।

पार्टी की रणनीति जातीय जनगणना के आधार पर आरक्षण का मुद्दा उठाकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा के पक्ष में बना माहौल तोड़ना है। हालांकि बसपा के अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा से प्रदेश में भाजपा के खिलाफ विपक्ष के एक प्रत्याशी उतारने की कोशिशों को झटका लगा है, लेकिन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को कांग्रेस का साथ और पीडीए कार्ड पर पूरा भरोसा है।

- **सपा की पहली सूची में बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फर्रुखाबाद से नवलकिशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल और उन्नाव से अन्नू टंडन के नाम शामिल**

बांदा में इस बार कांग्रेसी दिग्गज पर जताया भरोसा

बांदा लोकसभा सीट से पूर्व कांग्रेसी दिग्गज शिवशंकर सिंह पटेल को सपा ने टिकट दिया है। यहां से भाजपा के आरके सिंह पटेल सांसद हैं। उन्होंने 2019 में सपा के श्यामाचरण गुप्ता को भारी अंतर से हराया था। पटेल को 4,77,996 जबकि श्यामाचरण बसपा का समर्थन हासिल होने के बाद भी 2,26,835 वोट ही मिले थे। 2014 के चुनाव में भाजपा के भैरोप्रसाद मिश्र ने बसपा के आरके पटेल को हराया था। लेकिन बाद में पटेल ने पाला बदल लिया था।

अकबरपुर में बैकवर्ड कार्ड से बसपा को दी चुनौती

अकबरपुर सीट से सपा ने राजाराम पाल को उतारकर बैकवर्ड कार्ड खेला। इसी क्षेत्र से सांसद रहे राजाराम पाल पहले कांग्रेस में राष्ट्रीय सचिव थे। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले वह सपा में शामिल हुए थे। इस सीट पर पाल वोटों की बहुतायत है। यहां से वर्तमान समय में भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले सांसद हैं। राजाराम पाल पर संसद में पैसा लेकर सवाल पूछने का गंभीर आरोप लगा था, जिसके बाद उनकी संसद सदस्यता चली गयी थी। पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन के कारण यह सीट बसपा के खाते में गयी थी। अकबरपुर से तब निशा सचान को बसपा का टिकट मिला था। उन्हें 3,06,140 वोट मिले थे जबकि भाजपा के भोले को 5,81,282 वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में यहां बसपा के प्रत्याशी अनिल शुक्ला वारसी दो नंबर पर आए थे। इस बार सपा और बसपा दोनों के ही प्रत्याशी मैदान में होने की संभावना है।

उन्नाव में पूर्व सांसद की छवि भुनाने की कोशिश

उन्नाव लोकसभा सीट से सपा ने कांग्रेस की पूर्व सांसद रहीं अन्नू टंडन को टिकट दिया है। हालांकि वह दो चुनाव भाजपा के साक्षी महाराज से भारी मतों से हार चुकी हैं। दो साल पहले वह सपा में शामिल हो गयी थीं। उनकी क्षेत्र में सामाजिक छवि बेहतर बतायी जाती है। उनका टिकट फाइनल होने की यही वजह भी बतायी जाती है। इस सीट पर तीन लाख लोधी वोट होने से साक्षी महाराज की स्थिति मजबूत बतायी जाती है। हालांकि भाजपा में अंदरखाने यहां से इस मर्तबा प्रत्याशी बदले जाने की चर्चा है। लेकिन उन्नाव सीट 2014 से भाजपा का मजबूत गढ़ बनकर उभरी है।

फर्रुखाबाद में सलमान खुर्शीद के लिए रास्ता बंद

कानपुर। फर्रुखाबाद सीट पर कांग्रेस से दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद जोर आजमाइश करना चाहते थे। सपा सूत्रों ने बताया कि इस सीट पर प्रत्याशी उतारने से कांग्रेस थोड़ा असहज है।

पूर्व विधायक और सलमान खुर्शीदकी पत्नी लुइस खुर्शीद यहां सलमान के प्रचार में जुटी थीं। लेकिन पिछले दो चुनाव का ट्रैक रिकार्ड देखते हुए सपा ने यहां से डॉ.नवल किशोर शाक्य को मैदान में उतारा है। वह सपा नेता स्वामीप्रसाद मौर्य के रिश्तेदार बताए जाते हैं। वर्ष 2014 के चुनाव में फर्रुखाबाद में सपा दूसरे नंबर पर थी। उसके प्रत्याशी रामेश्वर यादव को 2,55,693 वोट मिले थे, जबकि भाजपा के मुकेश राजपूत को 4,06,195 वोट मिले थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन के कारण यह सीट उसने बसपा के लिए छोड़ दी थी, तब बसपा प्रत्याशी मनोज अग्रवाल को 3,48,178 वोट मिले थे और भाजपा के मुकेश राजपूत ने 5,59,880 वोट पाकर सीट जीत ली थी। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ मानी जाती है।

पिछड़ी जाति पर पकड़ आई राजाराम के काम

विशेष संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अकबरपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने पिछड़ों के दिग्गज नेता राजाराम पाल को प्रत्याशी घोषित किया है। राजाराम किसी भी पार्टी में रहे पर बिरादरी के साथ ही अन्य पिछड़ी जाति के लोग उन पर भरोसा जताते रहे हैं। यही वजह है कि अखिलेश यादव ने पीडीएफ फार्मूला के तहत प्रत्याशी बनाया है।

राजाराम पाल।

राजाराम पाल ने अपना पहला चुनाव घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र (अब आरक्षित) से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर लड़ा था। वह 2004 में बिल्हौर (अब अकबरपुर) लोकसभा सीट से बसपा के टिकट पर सांसद निर्वाचित हुए थे। पार्टी ने एक विवाद के बाद उन्हें निष्कासित कर दिया था।

इसके बाद 2007 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2009 में वह इसी सीट से लोकसभा चुनाव जीते। 2014 में लोकसभा, 2017 में महाराजपुर विधानसभा फिर 2019 में अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी बनाए गए लेकिन लगातार हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2021 में वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे।

राजाराम पाल की खासियत है कि वह जिस पार्टी में भी गए वहां सुप्रीमों के खास बनकर रहे। पेशे से वकील राजाराम पर एक समय बसपा अध्यक्ष मायावती काफी भरोसा जताती थी। वह बिल्हौर से दो चुनाव में लगातार भाजपा के श्यामबिहारी मिश्रा को करारी टक्कर देते रहे।

2009 में श्यामबिहारी को करारी शिकस्त दी। इस संबंध में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फजल महमूद का कहना है कि राजाराम पाल अनुभवी नेता हैं। पार्टी अध्यक्ष ने काफी सूझबूझ के साथ उन्हें प्रत्याशी बनाया है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र की कल्याणपुर, बिठूर और महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र कानपुर महानगर में आती हैं। उनके चुनाव में जी-तोड़ मेहनत की जाएगी।

दरोगा-सिपाही निलंबित अब आरोपी मुकर गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **छात्र बोला, रुपये नहीं वसूले प्रतिष्ठा बचाने को कहा था**

अमृत विचार। चरस में जेल भेजने की धमकी देकर छात्र से डेढ़ लाख रुपये वसूलने के मामले में सोमवार को दरोगा और सिपाही निलंबित कर दिए गए थे और मंगलवार को आरोप लगाने वाला छात्र वसूली की बात से ही मुकर गया। मंगलवार को पुलिस ने पीड़ित छात्र का वीडियो बयान दर्ज किया जिसमे उसने कहा कि सर प्रतिष्ठा बचाने के लिए कह दिया था, एक भी रुपया नहीं लिया गया है।

डिप्टी पड़ाव निवासी नितिन त्रिपाठी बीटीसी के छात्र हैं और कोचिंग पढ़ाते हैं। उन्होंने बताया खा 23 जनवरी को वे कोचिंग पढ़ाकर लौट रहे थे, तभी पड़ोसी वासु सोनकर ने उनकी स्कूटी मांगते हुए कुछ देर में आने की बात कही थी। इसके बाद वह आया और मोतीझील चलने की बात कही। वह वासु के साथ वहां पहुंचा तो वासू वाशरूम जाने की बात कहकर चला गया। तभी कार से कोहना थाने के रानीघाट चौकी इंचार्ज कपिल यादव और सिपाही राहुल वर्मा एक अन्य युवक के साथ आए और कार में जबरन बैठा लिया। उन्होंने कहा कि उसकी स्कूटी में आधा किलो चरस मिली है। ये कहकर वे उसे कोहना थाने ले आए। उसने अपने भाई को फोन किया तो वह थाने पहुंचा। नितिन ने आरोप लगाया कि उससे डेढ़ लाख रुपये लेकर उसे थाने से छोड़ दिया गया था। सोमवार को पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी। जांच डीसीपी सेंट्रल को सौंपी गई थी। डीसीपी प्रमोद कुमार ने बताया कि निखिल के दोस्त वासू सोनकर ने पुलिस से मिलकर उसे फंसाने की कोशिश की थी। एसीपी कर्नलगंज की जांच में पाया गया कि दरोगा और सिपाही ने अपने क्षेत्राधिकार से अलग जाकर छात्र को उठाया था।

'नीतीश कुमार रावण सेना छोड़कर राम की सेना में आए'

खरी-खरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने विपक्षी गठबंधन को रावण की सेना बताया है। उन्होंने कहा कि इंडिया ठगबंधन में बारातियों की भीड़ है पर दूल्हा नजर नहीं आता है। नीतीश कुमार ने रावण की सेना को छोड़कर राम की सेना में शामिल होना ही ठीक समझा। उनका वहां दम घुट रहा था। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। वह अपनी सीट तक नहीं बचा पाएंगे। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की 80 सीटें और देश में कुल 411 सीटें जीतने जा रही है।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक के दौरान नौबस्ता क्षेत्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता कर विनीत शारदा ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का व्यापार प्रकोष्ठ हर कमिश्नरी में व्यापारी सम्मेलन करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन 10 फरवरी से 7 मार्च तक चलेंगे। इसको लेकर हर जिले में बैठक कर रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, मोहित पांडेय, अनूप अवस्थी, मनीष त्रिपाठी, अनीता त्रिपाठी आदि व्यापारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक करते प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक विनीत अग्रवाल। अमृत विचार

- **विपक्षी गठबंधन रावण की सेना, बारात है, दूल्हा नहीं**
- **10 फरवरी से शुरू होंगे भाजपा के व्यापारी सम्मेलन**

भोले का केंद्रीय कार्यालय खुला

कानपुर। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अकबरपुर लोकसभा के सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कमलेश्वरम गेस्ट हाउस के सामने छपेड़ा पुलिया चौराहा पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। सह मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई ने बताया कि 31 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी कानपुर लोकसभा के सांसद सत्यदेव पचौरी के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन बाल निकुंज स्वरूप नगर में होगा। उद्घाटन में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, मनोज शुक्ला, जितेंद्र विश्वकर्मा, आनंद मिश्रा, जन्मेजय सिंह, अभिनव दीक्षित, सुनील जायसवाल, गौरव पांडे मौजूद रहे।

स्मार्ट सिटी में नारी वंदन महिला सम्मेलन

कानपुर। भाजपा महिला मोर्चा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के दो स्मार्ट सिटी कानपुर महानगर व झांसी महानगर में स्मार्ट सिटी नारी वंदन महिला सम्मेलन आयोजित करेगी। 8 फरवरी को झांसी व 10 फरवरी को कानपुर में यह सम्मेलन होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि कानपुर महानगर में सम्मेलन की संयोजक महिला मोर्चा की क्षेत्रीय महामंत्री पुष्पा तिवारी जबकि झांसी सम्मेलन की प्रभारी मोना शुक्ला को बनाया गया। इन सम्मेलनों में प्रबुद्ध महिलाएं, शिक्षक, डॉक्टर, अधिवक्ता, एनजीओ संचालिकाएं व समाज की सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं सूचीबद्ध करके सम्मेलन में आमंत्रित की जाएंगी। बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता संयोजक, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रीता शास्त्री, विजया तिवारी, पूनम कपूर, अनिता त्रिपाठी, सरोज सिंह, लेखा जैन, रंजीता पाठक, संगीता शर्मा, आशा तोमर, स्नेहलता दीक्षित आदि मौजूद रहीं।

मंत्री, सांसद, विधायक गांवों में रात बिताएंगे

कानपुर। भाजपा गांव चलो अभियान के तहत 4 से 11 फरवरी तक गांव-गांव और शहरी क्षेत्र में बूथों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगी। जनप्रतिनिधि और संगठन के पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में किसी न किसी एक गांव और शहरी क्षेत्रों में बूथों पर रात्रि विश्राम करेंगे। केशव नगर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में गांव चलो अभियान की कानपुर उत्तर और दक्षिण जिले की संयुक्त जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे और संचालन दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि अभियान के दौरान जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी किसी न किसी गांव में 24 घंटे प्रवास करेंगे। कार्यशाला में राम बहादुर यादव, प्रबोध मिश्रा, सुनील बजाज, जसविंदर सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, गणेश शुक्ला, संजय कटियार, अर्जुन बेरिया, शिवपूजन सविता, वन्दना गुप्ता आदि रहे।

52 विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी व संयोजक घोषित

कानपुर। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र अंतर्गत 52 विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी व संयोजकों की घोषणा कर दी। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि कानपुर लोकसभा से सीसामऊ विधानसभा से प्रभारी रीता शास्त्री, संयोजक वीरेंद्र श्रीवास्तव, किदवई नगर विधानसभा प्रभारी संतोष सिंह राजू, संयोजक विनोद शुक्ला, आर्यनगर विधानसभा प्रभारी राकेश गुप्ता चुन्नू, संयोजक विनोद शुक्ला, गोविंद नगर विधानसभा प्रभारी कौशल किशोर दीक्षित, संयोजक विजय मिश्रा, कैंट विधानसभा प्रभारी अनिल दीक्षित, संयोजक रज्जन सिंह परिहार होंगे। वहीं, अकबरपुर लोकसभा से कल्याणपुर विधानसभा प्रभारी अखिलेश बाजपेई, संयोजक उमेश निगम, बिठूर विधानसभा प्रभारी गणेश यादव, संयोजक रूप नारायण त्रिपाठी, महाराजपुर विधानसभा प्रभारी सरस्वस्ती शरण द्विवेदी, संयोजक शैलेन्द्र त्रिपाठी होंगे।

युवक पर ईंट-पत्थरों से हमला, घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। काकादेव थानाक्षेत्र में घर के बाहर धूप सेंक रहे युवक पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने ईंट पत्थरों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। इलाके के लोगों ने एक आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

शास्त्री नगर निवासी सुनील कुमार बाजपेई ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र वेदांत उर्फ यश बाजपेई घर के बाहर धूप में बैठा था। इस दौरान कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस आने के बाद इलाके के लोगों ने पकड़े एक आरोपी रोहित शुक्ला को मय बाइक और मोबाइल के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि उसके साथ नौ लोग और थे। काकादेव प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि रोहित शुक्ला समेत 15 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

- **काकादेव थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर का मामला**

पुरानी रंजिश में पिता-पुत्र को डंडों से पीटा

कानपुर। कर्नलगंज थानाक्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने पिता पुत्र को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कर्नलगंज निवासी रऊफ ने पुलिस को बताया कि 28 जनवरी को पुरानी रंजिश को लेकर बाबू, इमरान, भइया, राजा, इसराइल आए और उनके पुत्र अरसलान को लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। बचाने पर उन्हें भी बुरी तरह से पीटा। इस संबंध में कर्नलगंज थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित रऊफ की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है।

कारोबारी ने फांसी लगा जान दी

कानपुर। जाजमऊ थानाक्षेत्र में प्लाईवुड के कारोबार में हुए लाखों के घाटे के कारण अवसाद में चल रहे कारोबारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जेके कालोनी निवासी 49 वर्षीय संजीव कुमार शर्मा का फ्लाईवुड का बड़ा कारोबार था। कोरोना के बाद उनका 25 से 30 लाख रुपये का नुकसान हो गया था। इस कारण वह अवसाद में रहने लगे थे। आर्थिक स्थिति बिगड़ी तो वह एक बड़ी फ्लाईवुड कंपनी में काम करने लगे। पिता रज्जनलाल शर्मा एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हैं।

पत्नी से झगड़ा करके जान देने पेड़ पर चढ़ गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **रेलबाजार थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस और दमकल जवानों ने उतारा**

अमृत विचार। रेलबाजार थानाक्षेत्र में पत्नी से झगड़ा करने के बाद जान देने के लिए एक युवक पेड़ पर फांसी लगाने के लिए चढ़ गया। आसपास लोगों का मजमा लग गया। पुलिस और दमकल कर्मियों ने समझा बुझाकर उसे उतारा।

जिला उन्नाव के थाना कोतवाली निवासी मोहम्मद मुश्तकीन मंगलवार सुबह अपनी ससुराल रेलबाजार पत्नी से मिलने आए थे। एसीपी अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि दंपति का तलाक का मामला चल रहा है। जिस पर दोनों में विवाद हुआ। इसके बाद मुश्तकीन आत्महत्या करने के लिए पेड़ पर चढ़ गया।

वहां कभी फांसी लगाने तो कभी पेड़ से कूदकर जान देने की धमकी देने लगा। आस-पास के लोगों ने काफी देर तक उसको उतारने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद आई रेलबाजार पुलिस ने कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके बाद भी वह नहीं माना। इसके बाद एफएसएसओ मीरपुर के नेतृत्व में रेस्क्यू यूनिट की मदद से एक्सटेन्शन लैडर लगाकर उसे सकुशल नीचे उतारा गया। एसीपी ने बताया कि उसे समझा-बुझाकर काउंसिलंग की सलाह दी गई है।

पेड़ पर चढ़े युवक को उतारने के लिए समझाती पुलिस। अमृत विचार

जनसुविधा निराश न हों सभी पात्रों को मिलेगा आसरा आवास- सतीश महाना

आसरा योजना में 864 आवास लॉटरी से बांटे गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आसरा आवास योजना (सजारी) के 864 आवासों की लॉटरी मंगलवार को एचबीटीयू के शताब्दी हाल में निकाली गई। दो चरणों में 4852 पात्र आवेदकों के बीच हुई लॉटरी प्रक्रिया में आवास पाकर लोग चहक उठे।

इस दौरान लाटरी में नाम न आने पर बड़ी संख्या में लोग मायूस भी हुये। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जो पात्र हैं उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है, सभी पात्रों को आसरा आवास मिलेगा।

इससे पहले सतीश महाना, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक कल्याणपुर नीलिमा कटियार ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आसरा आवास योजना (सजारी) में कुल स्वीकृत आवास 1104 हैं, जिसमें 864 पूरे आवासों को लॉटरी के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को आवंटित किया गया। आवास की कुल लागत 5141.82 लाख है। उक्त योजना में आवास प्राप्त करने के लिए 18514 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 4852 आवेदक पात्र पाए गए, जिनके बीच लॉटरी द्वारा चयनित लाभार्थियों को आवास प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बचे हुये 240 आवास निर्माणाधीन हैं, जिनको पूरा होते ही बचे पात्र लाभार्थियों को आवंटित किया जाएगा। आसरा आवास योजना के तहत घाटमपुर में 840 आवास निर्मित हैं, जिनका आवंटन फरवरी में किया जाएगा।

प्रथम चरण में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मेयर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार ने 21 पात्र लाभार्थियों के नाम की घोषणा लॉटरी में से पर्ची निकालकर की। जिनकी पर्ची निकली, उनको आवास आवंटन प्रमाण पत्र दिया गया। द्वितीय चरण में सांसदों ने पांच-पांच लाभार्थियों के नाम की पर्ची निकालकर उनके नाम की घोषणा की।

लाटरी निकालते सतीश महाना, नीलिमा कटियार। अमृत विचार

आवास की आस में बैठे रहे लोग। अमृत विचार

18514 आवेदन प्राप्त हुए थे

4852 आवेदक पात्र पाए गये

1104 कुल स्वीकृत आवास हैं

420 आवास का निर्माण बाकी

महापौर और सांसद ने पूर्व सरकारों को घेरा

महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि पिछली सरकारों ने कभी नहीं सोचा कि एक गरीब के सर पर छत हो, उसका भी अपना आवास हो। सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि सरकार द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ आवास आवंटन कराया जा रहा है। हर वर्ग के लोगों को बिना भेदभाव लाभ मिल रहा है। सांसद देवेन्द्र सिंह भोले ने कहा कि सरकार प्रत्येक गरीब, मजदूर, नौजवान, महिलाओं व बेटियों की है। यह सरकार देश, धर्म, जाति व भाषाओं के आधार पर लोगों को बांटने का कार्य नहीं करती है, गरीब, मजदूर, नौजवान की कोई जाति नहीं होती है। नीलिमा कटियार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भू-माफियाओं से जमीन मुक्त कराकर उसका उपयोग जनकल्याण के लिए किया जा रहा है। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, सीडीओ सुधीर कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ. राजेश कुमार, अपर नगर आयुक्त मो. आवेश सहित अधिकारी व सैकड़ों लाभार्थी मौजूद रहे।

7000 कक्ष निरीक्षकों को मिलेगा बारकोड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पहचान पत्र में छपकर आएगा स्कैन भी हो सकेगा**
- **परीक्षा में उसी विषय के कक्ष निरीक्षक की तैनाती रुकेगी**

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान जिले में तैनात किए जाने वाले लगभग सात हजार कक्ष निरीक्षकों को बारकोड मिलेगा। इससे परीक्षा में धांधली पर अंकुश लगेगा। विषय विशेषज्ञ शिक्षक यदि परीक्षा के दिन ड्यूटी करते हुए पाये जाते हैं तो उन्हें तत्काल पकड़ा जा सकेगा।

जिले में बोर्ड परीक्षा में इस बार लगभग सात हजार शिक्षक ड्यूटी में लगाए जाएंगे। इनमें लगभग पांच हजार शिक्षक माध्यमिक व दो हजार शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग के होंगे। बोर्ड कक्ष निरीक्षकों को इस बार बारकोड वाला पहचान पत्र जारी करेगा। इससे केंद्र व्यवस्थापक और उड़नदस्तों के लिए कक्ष निरीक्षक की पहचान करना आसान होगा। मोबाइल फोन पर बोर्ड की ओर से जारी एप के जरिए स्कैन करने पर कक्ष निरीक्षक का पूरा ब्यौरा साफ हो जाएगा। कोई कक्ष निरीक्षक बगैर बताए अपने ही विषय के प्रश्न पत्र पर ड्यूटी करता हुआ पाया जाता है तो उसकी तुरंत ही पहचान हो सकेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि इससे परीक्षा और कड़ाई के साथ कराई जा सकगी। बोर्ड की ओर से इस बार कक्ष निरीक्षकों का पूरा ब्यौरा ऑनलाइन मांगा गया है। इस ब्यौरे में शिक्षक के विषय, उम्र, जिला, स्कूल, कार्य अनुभव सहित अन्य जानकारियां हैं। यहां तक कि बोर्ड की ओर से कक्ष निरीक्षक के रूप में जिस स्कूल में ड्यूटी लगेगी वह भी अपडेट होगा।

आज का मौसम
प्रातः और रात के समय कड़ाके की सर्दी के आसार।

22.0°	06.6°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:54	सूर्यास्त 05:50

शहर में आज

- **बैठक:** गंगा के बढ़ते प्रदूषण को लेकर समग्र विकास समिति की बैठक गंगा बैराज पर 12 बजे।
- **ज्ञापन:** शहर में टूटी सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू न होने के विरोध में कानपुर विकास मंच की ओर से डीएम को ज्ञापन 11 बजे।
- समाजवादी विकास मंच की ओर से कानपुर के समग्र विकास को लेकर डीएम को ज्ञापन 12 बजे।
- **क्रिकेट:** केसीए के केडीएमए लीग के मैच अलग-अलग मैदानों में सुबह 10 बजे।
- **कार्यालय उद्घाटन:** बीजेपी के चुनाव कार्यालय का बाल निकुंज स्वरूप नगर में उद्घाटन 10 बजे।
- **ज्ञापन:** ईवीएम के विरोध में सामाजिक संगठनों का संयुक्त मंच जिलाधिकारी को रष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन देगा दोपहर 12 बजे।

गुमटी में धंसे नाले की मरम्मत में घरों की सीवर लाइनें हुईं ध्वस्त

एक दर्जन से ज्यादा मकानों और दुकानों में भरा सीवर का गंदा पानी, लोग परेशान

लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गुमटी में पिछले साल छह नवंबर को धंसे डॉट नाले का कार्य अभी भी पूरा नहीं हुआ है। निर्माण कार्य के दौरान एक दर्जन से ज्यादा मकानों और दुकानों की सीवर लाइन ध्वस्त हो गई है। जिससे अब गंदगी मकानों और दुकानों में भरने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम ने लोहे के पाइपों को डालकर काम बंद कर दिया है, सीवर लाइनों को नाले से अटैच न करने की वजह से समस्या बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने आला अधिकारियों के साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ को भी समस्या से अवगत कराया है।

गुमटी में धंसे नाले की मरम्मत अभी तक पूरी नहीं हो सकी। अमृत विचार

गुमटी नंबर 5 में 6 नवंबर 2023 को लगभग 30 मीटर लम्बाई में डॉट नाला धंस गया था। यह नाला अंग्रेजों के जमाने का है। मौके पर बेरीकेट करते हुए एक तरफ की सड़क को बंद कर कार्य प्रारम्भ किया गया था। निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार की वजह से पिछले दिनों मंडलायुक्त ने नगर निगम को जांच के आदेश देते हुये 15 दिन में कार्य पूरा करने के निर्देश दिये थे। जिसके बाद नगर निगम के अधिकारियों ने कंपनी के साथ लगकर 15 दिनों में काम पूरा किया है। इस दौरान यहां लोहे के तीन पाइप डाले गये हैं लेकिन, अभी तक न हीं गड्ढे को भरा गया है और न ही सड़क को मोटरेबल किया गया।

> गुमटी में धंसे नाले का काम पूरा हो गया है। जल्द सड़क को मोटरेबल करा दिया जायेगा। सीवर की समस्या को भी ठीक किया जायेगा।
> – शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त

ये भी जानें

- **6 नवंबर** – गुमटी डॉट नाला धंसा
- **9 नवंबर** – दीपावली के चलते रोड मोटरेबल करके रास्ता खोल दिया
- **12 नवंबर** – फिर रोड धंसने पर रास्ता बंद कर दिया
- **24 नवंबर** – काम शुरू किया
- **30 जनवरी**– सड़कें अब तक मोटरेबल नहीं हो सकी हैं

गुमटी बाजार में नवंबर से ये हालत होने से व्यापार चौपट हो रहा। अमृत विचार

धंसे डॉट नाले की मरम्मत ढाई महीने बाद भी पूरी नहीं

लाइन जोड़ने का दिया था आश्वासन

118 ब्लॉक में रहने वाले डॉ. विपिन सलूजा ने बताया कि पाइप लाइन डालने की वजह से करीब एक दर्जन घरों और दुकानों की सीवर लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जब पाइप लाइन डाले जा रहे थे तो नगर निगम अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि काम पूरा होने पर सभी घरों की लाइनों को नाले से जोड़ दिया जायेगा, लेकिन कुछ नहीं किया।

लोगों और दुकानदारों ने सीएम को पत्र लिख की शिकायत

घरों में सीवर का गंदा पानी भर रहा

मोहिंदर कौर ने बताया कि 118/230 से 118/239 तक घरों के सीवर लाइन ध्वस्त हो गई हैं। इसकी वजह से घरों में सीवर का गंदा पानी भर रहा है। जिससे बीमारियां फैलने का डर है। दुकानदारों और निवासियों ने सीएम को पत्र लिखकर कहा कि यदि मकानों को कोई क्षति होती है तो इसकी जिम्मेदारी अधिशाषी अभियंता नगर निगम की होगी।

कारोबारी को पीटने में दरोगा पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गैर इरादतन हत्या के प्रयास में दर्ज की रिपोर्ट, थाने के कमरे में बंद कर दरोगा ने पीटा था

अमृत विचार। रुपयों के लेनदेन के मामले में हार्डवेयर कारोबारी को कमरे में बंद कर बर्बरता से पीटकर मरणासन्न करने के मामले में निलंबित दरोगा पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास में मुकदमा दर्ज किया गया है। दरोगा से शिकायत करने वाले व्यापारी को भी नामजद किया गया है।

गुजैनी ए ब्लॉक निवासी ऋतिक गुप्ता नौबस्ता हंसपुरम में हार्डवेयर व प्लाई वुड का कारोबार करते हैं। छोटे भाई शिवा ने बताया कि वर्ष 2020 में हार्डवेयर का ही काम करने वाले नौबस्ता यशोदा नगर निवासी सौरभ भदौरिया ने लाल बंगला के एक व्यापारी को तीन लाख का सामान दिया था, जिसमें ऋतिक गारंटर बने थे। व्यापारी की ओर दी गई चेक बाउंस होने

पर सौरभ ऋतिक पर रुपये देने का दबाव बनाने लगा था। इसके बाद सौरभ ने नौबस्ता थाने में शिकायत की थी। जिसके बाद 19 जनवरी को नौबस्ता थाने में तैनात दरोगा वीरेश यादव हंसपुरम स्थित दुकान आकर अभद्रता कर चले गए थे। शिवा ने बताया कि 25 जनवरी को दरोगा वीरेश कुमार ने ऋतिक को थाने बुलाया था। ऋतिक छोटे भाई शिवा के साथ थाने पहुंचा, जहां दरोगा ने शिवा को भगा दिया। इसके बाद ऋतिक को थाने की पहली मंजिल पर बने कमरे में ले जाकर बेल्टों व पट्टों से पिटाई की। हालत बिगड़ने पर दरोगा वीरेश कुमार ऋतिक को लेकर अस्पताल पहुंचा। मामला प्रकाश में आने के बाद एडीसीपी अंकिता शर्मा ने उच्च अधिकारियों को सूचना देकर दरोगा को निलंबित कर दिया था। वहीं न्याय संघर्ष समिति के अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर दरोगा पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी, जिसके बाद मंगलवार को दरोगा वीरेश यादव व सौरभ भदौरिया पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली। एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि कारोबारी के छोटे भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

मोदी की सभा के लिए मैदान देखा

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित रैली को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को डीसीपी दक्षिण रविंद्र कुमार ने टीम के साथ निराला नगर मैदान का निरीक्षण किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन पहले एक फरवरी को प्रस्तावित था। लेकिन भाजपा पदाधिकारियों के अनुसार अब यह सम्मेलन 15 फरवरी तक हो सकता है। इसी सम्मेलन में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इससे पहले कानपुर प्रभारी और विधायक पंकज सिंह ने युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन के लिये सीएसए मैदान को भी देखा था। हालांकि अभी तक पीएम का कार्यक्रम फाइनल नहीं होने की वजह से मोर्चा के अधिवेशन की तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

वकील की हत्या में अतीक व बाले को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अधिवक्ता की हत्या में डी-टू गैंग के सरगना कुख्यात अपराधी अतीक व उसके भाई इरशाद उर्फ बाले को मंगलवार को कोर्ट ने दोषी पाया है। अपर सेशन न्यायाधीश नवम शेष बहादुर निषाद की कोर्ट ने अधिवक्ता की ताबड़तोड़ गोली मार कर हत्या करने के मामले में दोषियों को आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। बाले कानपुर जेल व अतीक आगरा जेल में बंद है।

शहर में आतंक का पर्याय रहे डी-टू गैंग के सरगना अतीक और इरशाद उर्फ बाले को कुली बाजार निवासी अधिवक्ता खुर्शीद अहमद की हत्या का दोषी पाया गया है। खुर्शीद के चचेरे भाई कुली बाजार निवासी मो.नासिर ने मार्च 2004 में कोतवाली थाने में डी-टू गैंग के

- अपर सेशन न्यायाधीश नवम की कोर्ट ने सुनाया फैसला
- 2004 में कोतवाली में दर्ज हुआ था हत्या का मुकदमा
- कुख्यात डी-टू गैंग के सरगना थे अतीक व बाले

सरगना भाइयों अतीक, रफीक, बिल्लू व बाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मो. नासिर ने बताया था कि 24 मार्च 2004 की शाम वह अपने चचेरे भाई अधिवक्ता खुर्शीद अहमद के साथ स्कूटर में पीछे बैठकर कचहरी से परेड चौराहे की ओर जा रहा था। वे लोग डीएवी लॉ कॉलेज के गेट के पास पहुंचे ही थे, तभी पहले से घात लगाए अतीक, रफीक, बिल्लू व बाले ने खुर्शीद पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थीं, जिससे खुर्शीद लहुलूहान होकर गिर पड़े थे। नासिर मुंशी महमूद अहमद के साथ खुर्शीद को लेकर उर्सला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। नासिर ने अतीक, रफीक, बिल्लू व बाले के खिलाफ कोतवाली थाने में हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रफीक व बिल्लू की पुलिस मुठभेड़ में मौत के बाद अतीक व बाले के खिलाफ मुकदमा चल रहा था। मामला अपर सेशन न्यायाधीश नवम शेष बहादुर निषाद की कोर्ट में विचाराधीन था। मामले में अभियोजन एडीजीसी प्रद्युन कुमार अवस्थी ने बताया कि घटना के प्रत्यक्षदर्शी मो. नासिर व खुर्शीद के भाई इफ्तखार अहमद समेत 10 गवाह पेश किए गए थे। कोर्ट ने सबूतों के आधार पर इरशाद उर्फ बाले व अतीक को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

गोलीबारी में नासिर को क्यों नहीं लगी चोट

सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता शराफत अली कुरैशी ने घटना पर संदेह जताते हुए कोर्ट को बताया कि अतीक ने नासिर के बड़े भाई को मारा था, जिसके बाद से वह अतीक से रंजिश रखता था। बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि घटना के दौरान नासिर स्कूटर में पीछे बैठे हुए थे। तर्क दिया कि ताबड़तोड़ गोलीबारी के दौरान नासिर को चोट क्यों नहीं लगी।

दो महीने बचे, वसूली 50 फीसदी भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारियों को जारी किये निर्देश, फटकारा

अमृत विचार। नगर आयुक्त ने कामर्शियल भवनों से शत प्रतिशत वसूली का अल्टीमेटम जोनल अधिकारियों को जारी कर दिया है। शासन की ओर से दिये गये 414.25 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष जोनल अधिकारी 50 फीसदी भी वसूली नहीं कर सके हैं जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के खत्म होने में दो महीने ही बचे हैं। जिसके बाद मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने जोनलों कों संपत्तियों का विवरण जारी करते हुये रणनीति बनाकर जोनलों में वसूली के निर्देश दिये हैं।

नगर निगम के जोन-1 में कुल 14993 कामर्शियल संपत्तियां हैं। जिसमें से अभी तक 6765 संपत्तियों से अभी भी वसूली नहीं हो सकी है। अभी 121.95 करोड़ की वसूली करनी है जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के खत्म होने में दो महीने ही बचे हैं। इसी तरह जोन-2 में 10391 कामर्शियल संपत्तियां हैं जिनमें से अभी तक 5118 संपत्तियों से वसूली नहीं हुई है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के मुताबिक इस जोन में 32.92 करोड़ रुपये की वसूली करना बाकी है। जोन-5 में कामर्शियल संपत्तियों से 60.02 करोड़ रुपये तो जोन-6 में 3588 कामर्शियल संपत्तियों से 20.23 करोड़ रुपये वसूली बाकी है।

मनकामेश्वर महादेव मंदिर में नौ प्रतिमाओं की प्राणप्रतिष्ठा के लिए निकाली गई भव्य शोभा यात्रा। अमृत विचार

मनकामेश्वर मंदिर में आज होगी प्राण प्रतिष्ठा

कानपुर। बर्रा दो स्थित मनकामेश्वर महादेव व खाटूश्याम मंदिर में मंगलवार को देवी देवताओं की नौ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी की गई। प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा से पहले भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली। यह शोभा यात्रा बर्रा छह काली मंदिर, हनुमान मंदिर, बाबा दुख हरण नाथ मंदिर, संकट मोचन मंदिर, रामजनकी मंदिर होते हुए मनकामेश्वर मंदिर पहुंची। रास्ते में भक्तों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजक नंद किशोर तिवारी ने बताया कि मनकामेश्वर मंदिर में वर्तमान में बाबा खाटू श्याम की प्रतिमा है और अब मां दुर्गा, राम दरबार, हनुमान जी और विशाल शिव लिंग की वैदिक मंत्रोचारण द्वारा्था स्थापना होगी। इस दौरान नंद किशोर तिवारी, बब्लू मिश्र, वेद प्रकाश गुप्ता, अमित वर्मा, अरुदेंद्र पाण्डेय, हिमांशु मिश्र, रमाशंकर तिवारी समेत आदि लोग मौजूद रहे।

घाटमपुर में 14 करोड़ से बनेगा स्टेडियम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- युवा कल्याण विभाग बनाएगा डीपीआर भेजी गई
- 2.4 हेक्टेयर भूमि पर होगा निर्माण, मंजूरी का इंतजार

अमृत विचार। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के क्षेत्र में युवाओं को पारंगत करने की दिशा में सरकार की ओर से तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। उम्मीद है कि सरसौल, भीतरगांव, बिधून और पतारा में खेलो इंडिया अभियान के तहत प्रस्तावित मिनी स्टेडियम के प्रोजेक्ट को अगले माह मंजूरी मिल जाएगी। इसके संकेत मिलते ही युवा कल्याण विभाग ने घाटमपुर ब्लाक के तहारापुर गांव में भी 14 करोड़ रुपये की लागत से स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव प्रदेश शासन को भेज दिया है।

2.4 हेक्टेयर भूमि पर इसका निर्माण होगा। इन प्रोजेक्ट को शासन से हरी झंडी मिल जाए इसके लिए एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने भी कवायद शुरू कर दी है।

केंद्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को भी विभिन्न खेलों में पारंगत करने के लिए ही हर ब्लाक मुख्यालय में खेलो इंडिया अभियान के तहत मिनी स्टेडियम बनाने का अभियान चला रखा है। मिनी स्टेडियम में सिर्फ इंडोर गेम्स का प्रशिक्षण दिया जाना है।

कल्याणपुर ब्लाक के मकसूदाबाद गांव में मिनी स्टेडियम लगभग बनकर तैयार हो गया है। दो साल पहले कल्याणपुर, सरसौल, भीतरगांव, बिधनू व पतारा में भी 35 करोड़ दो लाख रुपये की लागत से खेलो इंडिया मिनी स्टेडियम बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था।

मंजूरी मिलने के बाद इसकी डीपीआर भेजी गई लेकिन उसे फाइनल मंजूरी नहीं मिल पायी थी। योजना के तहत सरसौल के बौसर, भीतरगांव के साढ़, बिधनू के पिपौरी व पतारा में मिनी स्टेडियम बनने हैं। अब शासन ने इनकी मंजूरी के संकेत दिए हैं।

खेल मंत्री से बात कर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने घाटमपुर में भी 14 करोड़ रुपये की लागत से स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव तैयार कराया और डीपीआर भी बनवाकर भेजवा दिया है। घाटमपुर के तहारापुर में प्रस्तावित इस स्टेडियम में आउटडोर गेम भी हो सकेंगे। ऐसे में यहां हाकी, क्रिकेट, फुटबाल आदि गेम के साथ ही इनडोर गेम जैसे ताइक्वांडो, बैडमिंटन, कुश्ती, बॉक्सिंग, जूडो, कबड्डी, जिम्नास्टिक, टेबल टेनिस, वेट लिफ्टिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मिनी स्टेडियम की लागत 883.00 लाख रुपये होगी।

संतोष कुमार मीना कानपुर के नए संयुक्त पुलिस आयुक्त बनाए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आनंद प्रकाश तिवारी को पुलिस महानिरीक्षक भवन एवं कल्याण लखनऊ भेजा गया

अमृत विचार। मंगलवार दोपहर शासन ने 84 आईपीएस अधिकारियों की ट्रांसफर सूची जारी की जिसमें लोक सभा चुनाव को देखते हुए तीन वर्ष से शहर में टिके कई आईपीएस अधिकारियों का गैर जनपद ट्रांसफर हो गया। गैर जनपद से कई आईपीएस अधिकारी कमिश्नरेट कानपुर आए हैं। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था आनंद प्रकाश तिवारी को पुलिस महानिरीक्षक भवन एवं कल्याण बनाया गया है। उनके स्थान पर प्रयागराज से संतोष सिंह मीना संयुक्त पुलिस आयुक्त होंगे।

पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर हरीश चन्दर को कानपुर कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। अपर पुलिस आयुक्त अंकिता शर्मा का

वाराणसी हुआ ट्रांसफर कैंसिल हो गया है। वे अब कानपुर में ही रहेंगी। इसी तरह शिवा सिंह अपर पुलिस उपायुक्त कानपुर से अपर पुलिस उपायुक्त कानपुर होंगी। एडीसीपी आकाश पटेल को एडीसीपी वाराणसी भेजा गया है। सलमान ताज पाटिल डीसीपी क्राइम से डीसीपी लखनऊ होंगे। डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप सिंह डीसीपी लखनऊ होंगे। वहीं शिवाजी डीसीपी कानपुर से डीसीपी लखनऊ होंगे। रामसेवक गौतम डीसीपी वाराणसी से डीसीपी कानपुर नगर होंगे। वहीं आशीष श्रीवास्तव डीसीपी लखनऊ से डीसीपी कानपुर होंगे। डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार का ट्रांसफर वाराणसी कमिश्नरेट कर दिया गया है।

अपराध रोकने में आनंद तिवारी की अहम भूमिका

संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने कमिश्नरेट कानपुर में अपराध को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया। पुलिसिंग को हर समय अलर्ट मोड पर रखा। समय समय पर अपराधियों पर कड़ा शिकंजा कसा। साथ ही सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी पर ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद काफी चर्चा में आए। नशे के कारोबार, हिस्ट्रीशीटर, भूमाफियाओं, वांछितों पर कड़ी कार्रवाई की। कई अपराधियों को जिला बदर किया।

nafed
A Farmers' Cooperative
...Since 1958

FEDERATION OF INDIA LIMITED (NAFED)

NAFED's
BHARAT ATTA

NAFED has commenced the sale of **NAFED's** Bharat Atta, Whole Wheat Flour **@ Rs. 27.50/kg** under Open Market Sale Scheme (Domestic) of GoI. **NAFED's** Bharat Atta is available in various pack sizes. Interested buyers may visit the following locations for purchase of **NAFED's** Bharat Atta:

AVAILABLE AT: SAVARIA INDUSTRIES PVT LTD
Unit at: B3, UPSIDC, Industrial Area, Phase-1, Lucknow - Hardoi Road, Sandila, Hardoi - 241127 (U.P.) India

ALSO AVAILABLE THROUGH MOBILE VANS IN FOLLOWING DISTRICTS
BARABANKI, HARDOI, LUCKNOW

State Head: Uttar Pradesh
Address: Nafed Warehousing Complex, Beside Fire Station Chatha Meel (6th Mile Chaurah, Sitapur Road, Lucknow -226021(U.P.)

भत्ता, चेंबर व मेडीक्लेम से रिझा रहे प्रत्याशी

लायर्स चुनाव

कानपुर। लायर्स एसोसिएशन से महामंत्री का चुनाव लड़ रहे छह प्रत्याशियों की किस्मत लगभग छह हजार अधिवक्ताओं के हाथ में है। दावेदार अधिवक्ताओं के हितों की लड़ाई, उनके लिए मेडीक्लेम, आवास व चेंबरों की समस्याओं के निदान का वादा कर रहे हैं। मंगलवार को महामंत्री पद के पांच प्रत्याशियों ने अमृत विचार से अपने चुनावी एजेंडे को साझा किया।

- लायर्स चुनाव में महामंत्री के दावेदारों ने बताए अपने एजेंडे
- सबने अधिवक्ताओं के लिए किए लुभावने वादे

महामंत्री पद के प्रत्याशी अभिषेक तिवारी समर्थकों के साथ जन सम्पर्क करते हुए।

वोट मांगते कोषाध्यक्ष प्रत्याशी कपिल देव।

संयुक्त मंत्री प्रशासन पद के प्रत्याशी मनीष गौड़ समर्थकों के साथ प्रचार करते हुए।

अधिवक्ताओं से वोट मांगते संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद के प्रत्याशी प्रवीण कुमार शर्मा।

फर्जी अधिवक्ताओं के खिलाफ चलाएंगे अभियान

19 साल से प्रैक्टिस कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार पांडेय पहली बार लायर्स चुनाव में महामंत्री पद के दावेदार हैं। सुनील ने बताया कि जूनियर अधिवक्ताओं को कोर्ट में सबसे बड़ी समस्या चेंबर की होती है, उनको चेंबर मुहैया कराया जाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। 25 साल से प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ताओं के लिए कल्याण निधि की राशि को बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ फर्जी अधिवक्ताओं से पेशे की हो रही बदनामी को रोकने के लिए जिला प्रशासन अधिकारियों से चर्चा कर उनके खिलाफ मुहिम चलाई जाएगी। पांच साल से कम प्रैक्टिस वाले जूनियर अधिवक्ताओं को दो हजार रुपये भत्ता दिलाने का कार्य भी किया जाएगा।

अधिवक्तापुरम और आशा कैंटीन खोलेंगे

तीन बार महामंत्री पद के रनर रहे अजय प्रकाश अग्निहोत्री लायर्स एसोसिएशन से महामंत्री के दावेदार हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव जीतने के बाद सारे सदस्यों को आजीवन सदस्य बनाने का प्रयास करेंगे। अधिवक्ताओं के लिए डिजिटल लाइब्रेरी खोलेंगे। वकीलों के लिए अधिवक्तापुरम बसाने का प्रयास किया जाएगा। अधिवक्ताओं के लिए आशा कैंटीन खुलवाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे उचित दरों में गुणवत्ता पूर्ण स्वल्पाहार अधिवक्ताओं को मिल सके। अधिवक्ताओं के लिए कम से कम दो लाख के इंश्योरेंस का प्रयास किया जाएगा।

लंबित मुकदमों को खत्म करने के लिए होगी चर्चा

अधिवक्ता राजीव यादव ने बताया कि कार्यकारिणी निर्धारित होने के बाद जो कार्यकाल बढ़ाने का कार्य किया जाता है इस व्यवस्था को पद पर आते ही समाप्त करेंगे। चुनाव की तिथियां निर्धारित होंगी, आम सभा बुलाकर सबसे पहले यह योजना तैयार की जाएगी। अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम, स्वास्थ्य कवर के लिए प्रदेश सम्मेलन बुलाकर संघर्ष किया जाएगा। पूर्व पदाधिकारियों व वरिष्ठों के साथ अधिवक्ता हितों के लिए चर्चा की जाएगी। कोर्ट में लंबित पड़े मुकदमों को खत्म कराने के लिए न्यायिक अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

कचहरी में पार्किंग की समस्या दूर करने का करेंगे प्रयास

वर्ष 2001 से वकालत के पेशे में आए अभिषेक तिवारी लायर्स एसोसिएशन से महामंत्री पद के प्रत्याशी हैं। अभिषेक ने बताया कि जिन अधिवक्ताओं के पास बैठने की पर्याप्त जगह नहीं है, उन्हें जगह मुहैया कराना पहली प्राथमिकता रहेगी। अधिवक्ता कल्याण की योजनाएं सुगम रूप से नहीं मिल पा रहीं हैं, इसके लिए प्रयास किया जाएगा। बार और बेंच के बीच सामंजस्य बना रहे इसके लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं का अनुभव लेकर सामंजस्य बनाने का काम किया जाएगा। अधिवक्ताओं को मेडीक्लेम दिलाने का कार्य करेंगे। पार्किंग व्यवस्था के लिए वार्ता कर तहसील के पास जगह मुहैया कराने का काम किया जाएगा। जिससे अधिवक्ता व वादकारियों को जाम की समस्या का सामना न करना पड़े।

जूनियर अधिवक्ताओं को भत्ता दिलाने का प्रयास

दोबारा महामंत्री पद के प्रत्याशी अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि फंड से अधिवक्ताओं का बीमा कराया जाना पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही जूनियर अधिवक्ताओं को डेढ़ से दो हजार रुपये भत्ता दिलाया जाना प्राथमिकता रहेगी। बताया कि एक अधिवक्ता की ओर से एसोसिएशन के नाम प्रापर्टी नाम की गई थी, जिसे गलत तरीके से दूसरे पक्ष ने अपने नाम करा लिया था। पिछले कई वर्षो से मुकदमें की पैरवी कर रहा हूं। पक्ष में फैसला आने पर प्रापर्टी का प्रयोग अधिवक्ताओं के हित में किया जाएगा। अधिवक्ताओं के हित में कार्य करेंगे।

हिस्ट्रीशीटर ने किशोरी का अश्लील वीडियो बनाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बाथरूम के रोशनदान से बनाया था अश्लील वीडियो
- भाई को ब्लैकमेल करके रुपये मांगे, धमकाया
- किशोरी ने एडीसीपी को सुनाई आपबीती

अमृत विचार। हिस्ट्रीशीटर ने बर्रा थानाक्षेत्र निवासी 13 वर्षीय किशोरी का बाथरूम में नहाते समय रोशनदान से अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद उसके भाई को ब्लैकमेल करके रुपये मांगे। मंगलवार को पीड़िता ने एडीसीपी अंकिता शर्मा से शिकायत की। जिस समय किशोरी भाई संग एडीसीपी को आपबीती बताने पहुंची थी, तभी हिस्ट्रीशीटर ने किशोरी के भाई को वाट्सएप कॉल कर धमकाया। जिसको पीड़ित ने रिकॉर्ड कर एडीसीपी को सुनाया। इसके बाद एडीसीपी के आदेश पर बर्रा पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर, अंशु सेंगर समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज की।

बर्रा थानाक्षेत्र निवासी 21 वर्षीय युवक ऑनलाइन शिपिंग कंपनी में मैनेजर है। माता पिता का देहांत होने के बाद वह अपनी 13 वर्षीय बहन के साथ रहता है। पीड़ित ने बताया कि बीते अगस्त माह में बर्रा दो डबल स्टोरी कॉलोनी में किराये पर रहता था। मकान में ऊपर रहने वाले हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर के साथी अंशू सिंह सेंगर ने बाथरूम के रोशनदान से नहाते हुए बहन का वीडियो बना लिया। अंशू ने वीडियो बनाकर साथी वैभव तिवारी, अभय भदौरिया, अजय ठाकुर को दिया। इसके बाद आरोपी बहन को परेशान करने लगे। विरोध जताने पर मारपीट की और मोबाइल लूट कर भाग गए। पीड़ित ने 12 सितंबर 2023 को बर्रा के यादव मार्केट पुलिस चौकी में शिकायत की तो तत्कालीन चौकी इंचार्ज ने मोबाइल लूट को नकारते हुए किराये के घर को छोड़ने के लिए कह दिया। इधर 24 दिसंबर को जानलेवा हमला करने के आरोप में हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर जेल गया तो अन्य आरोपी उसे जेल से छुड़ाने के लिए रुपयों की मांग करने लगे, न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

मंगलवार को एडीसीपी अंकिता शर्मा ने पीड़िता के कार्यालय बुलाकर बयान लिए। एडीसीपी ने बताया कि पीड़ित के भाई की तहरीर पर छेड़छाड़, लूट, आईटी एक्ट, मारपीट, धमकाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

क्राइम ब्रांच बताकर भाई-बहन पर बनाया दबाव

भाई ने बहन के साथ किए गए कृत्य का विरोध किया तो सत्यम तिवारी नाम का शख्स आरोपियों के साथ घर पहुंचा और खुद को क्राइम ब्रांच बताकर धमकाया। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि उस व्यक्ति की जांच की जाएगी।

बर्तन कारोबारी से हड़पे 40 लाख, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र के दो व्यापारियों का मामला

अमृत विचार। हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में एक व्यापारी ने बर्तन कारोबारी से 40 लाख रुपये उधार लिए और हड़प गया। बर्तन कारोबारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दानाखोरी निवासी अनिल कुमार गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह बाला जी स्टील के नाम से बर्तन का कारोबार करते हैं। बताया कि राजेश कुमार वर्मा निवासी गड़रिया मोहाल आनन्देश्वर मेटल सेन्टर के नाम से व्यापार करते थे। उन्होंने 16 जनवरी 2022 से लेकर 27 जनवरी 2023 तक विभिन्न तिथियों में नेफ्ट के जरिए 40 लाख रुपये लिए थे। बताया कि इसके एवज में गड़रिया मोहाल के मकान हक में रजिस्टर्ड बैनामा करने को कहा। अनिल कुमार गुप्ता का आरोप है कि रुपये लेने के कुछ दिन बाद आरोपी सपरिवार कानपुर छोड़कर पालघर महाराष्ट्र चले गए। उनके हक में एक नोटेरियल इकरारनामा स्वनिर्मित व स्वहस्ताक्षरित करके उनको दिया तथा एक माह का समय मांगा। जब उनके हक में बैनामा नहीं किया तो बातचीत की। आरोप है कि इस पर उन्होंने धमकी दी। पीड़ित के अनुसार वह पालघर महाराष्ट्र स्थित उनके निवास पर आठ सितंबर 2023 को गए तो राजेश ने अपने पुत्र हिमांशु के साथ मिलकर धमकाया।

महिला को दिया तीन तलाक, रिपोर्ट

कानपुर। रेलबाजार थानाक्षेत्र में एक महिला ने पति समेत ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने और तीन तलाक का आरोप लगाया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रेलबाजार निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह 2017 में कन्नौज के रहने वाले मोहम्मद फैजान से हुआ था। उनका एक पांच वर्ष का बेटा है। आरोप लगाया कि पिछले एक साल से उनके पति और ससुरालीजन उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। जिससे तंग आकर वे मायके आकर रहने लगीं। पीड़िता ने बताया कि 10 सितंबर को पति और ससुर मायके पहुंचे। इस दौरान उन लोगों ने मारपीट की। विरोध करने पर पति उन्हें तलाक देकर चले गए।

पुलिस की निष्क्रियता से गई छात्र की जान!

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पिता बोले, पुलिस ने न तो नहर में जाल डलवाया और न ही गोताखोर उतारे
- सुसाइड नोट लिखकर लापता हुए छात्र नितिन की मौत का मामला

अमृत विचार। अर्मापुर थानाक्षेत्र में सुसाइड नोट लिखकर लापता हुए छात्र 17 वर्षीय नितिन का शव मिलने के बाद परिजनों में पुलिस की कार्रवाई के प्रति आक्रोश व्याप्त है। आर्डिनेंस कर्मी पिता नितेश कुमार का कहना है कि अगर पुलिस तेजी दिखाती तो उनका इकलौता बेटा जिंदा होता। पुलिस केवल कार्रवाई करने का ढिंढोरा पीटती रही। अर्मापुर पुलिस ने न तो नहर में जाल डलवाया न ही गोताखोर उतारे। सोमवार देर शाम भैरोघाट पर उसका अंतिम संस्कार किया गया। पोस्टमार्टम के बाद उसका बिसरा लखनऊ विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया।

अर्मापुर स्टेट निवासी इंटर का छात्र नितिन ऑनलाइन गेम खेलता था, जिसमें वह कई बार हार भी चुका था। दो सप्ताह पहले गेम खेलने के दौरान उसने पिता नितेश के खाते से 50 हजार रुपये ट्रांसफर किए थे, जिसे वह हार गया था। इस बात को लेकर उसका मन अंदर से कचोट रहा था। इसके बाद नहर में डूबकर जान देने की बात लिखकर 15 जनवरी को वह लापता हो गया। पिता ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पिता का आरोप है कि पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे और पता न चलने पर चुप्पी साधकर बैठ गई। नितिन ने नहर में कूदकर जान देने की बात लिखी थी, इसके बावजूद पुलिस ने नहर में न तो जाल डाला और न ही गोताखोरों को उतारा। घटना के 13 दिन बाद गोविंद नगर थानाक्षेत्र के दादा नगर लोहे वाले पुल के पास से उसका शव मिला था। आरोप था कि वह अर्मापुर में कूदा था तो बहकर गोविंद नगर की ओर गया लेकिन पुलिस को नजर नहीं आया। इस संबंध में अर्मापुर थाना प्रभारी राममूरत पटेल ने बताया कि परिजनों को साथ लेकर नहर में जाल डलवाने के साथ गोताखोरों को तलाश में उतारा गया था। लेकिन छात्र की कोई जानकारी नहीं हो पाई थी। लगातार प्रयास किया गया।

बच्चों को मोबाइल से रखें दूर, करें निगरानी

इन दिनों बच्चों में मोबाइल का उपयोग काफी बढ़ गया है। इंटरनेट के जरिए पढ़ाई के साथ-साथ गेम खेलना, सोशल मीडिया का ज्यादा प्रयोग करने के दौरान कई बार बच्चे साइबर क्राइम का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में अभिभावकों के लिए ज्यादा जरूरी हो गया है कि वे बच्चों की ऑनलाइन गतिविधि पर नजर रखें ताकि पता चल सके कि कहीं वह गुमराह तो नहीं हो रहे हैं। अक्सर अभिभावक छोटे बच्चों को बहलाने के लिए मोबाइल दे देते हैं जो उनकी आदत में शुमार हो जाता है। बच्चे अक्सर ऑनलाइन गेमिंग और टॉस्क पूरा करने वाले गेम को खेलने के चक्कर में लती हो रहे हैं। अगर बच्चे बात न मानें या जिद करें तो किसी मनोवैज्ञानिक से उनकी काउंसिलिंग करानी चाहिए। बच्चों की निगरानी करें। जितना ज्यादा हो सके बच्चों को मोबाइल से दूर रखें।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र के कांशीराम कालोनी फेस-2 में रहने वाले 18 वर्षीय टेनरी कर्मी सोहेल ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोहेल का शव बंद कॉलोनी में फंदे से लटका हुआ मिला। युवक जाजमऊ की नॉर्दन टेनरी में काम करता था। युवक पर बीती सात जनवरी को चोरी करने का आरोप लगा था। जिसकी जानकारी होने के बाद से टेनरी वालों ने युवक की तलाश शुरू की थी। इसके बाद से आठ जनवरी से युवक लापता था। 22 दिन बाद शव मिला। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

तिलक हाल में कांग्रेसियों ने चरखा काता। अमृत विचार

बापू की याद में चरखा काता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तिलक हॉल मुख्यालय में किया गया आयोजन

अमृत विचार। मंगलवार को महात्मा गांधी का 76वां शहादत दिवस मनाया गया। कांग्रेसियों ने तिलक हॉल में एकजुट होकर 'रघुपति राघव राजाराम एवं वैष्णव जन ते तेने कहिए जो पीर पराई जाने रे' गीत पर सामूहिक चरखा कताई कर सर्वधर्म प्रार्थना की।

महात्मा गांधी के 76 वें निर्वाण दिवस पर तिलक हाल में आयोजित कार्यक्रम पर पुष्पांजलि सभा को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने महात्मा गांधी जी के सत्य-अहिंसा, सहिष्णुता के सिद्धांतों को उत्कृष्ट बताया। उन्होंने कहा कि गांधी जी के मूल को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देश के लिए बेहद ऐतिहासिक है। न्याय यात्रा देश के सुखद भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा का अयोजन किया। पवित्र धार्मिक ग्रंथ श्रीमद भगवत गीता, कुरआन, बाइबिल व गुरुग्रन्थ साहिब के सामायिक अंशों का पाठ आचार्य सन्तोष शुक्ल, हाफिज नोमान रजा, पादरी जितेन्द्र सिंह व सरदार जसप्रीत सिंह ने किया। वहीं डा. हलीम उल्लाह खां, उमाशंकर तिवारी, अमिताभ दत्त मिश्रा व सजल तिवारी सहित खादी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने भी तकली से सूत कातकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्र, मदन मोहन शुक्ला, पवन गुप्ता, अतहर नईम, करिश्मा ठाकुर, दिलीप शुक्ला, महिला नेत्री पुष्पा जी, नमिता जी, मूलचंद सेठ, श्याम देव सिंह, लल्लन अवस्थी आदि थे।

बंद घर से ताले तोड़ चोर ले गए नकदी और जेवरात

कानपुर। ग्वालटोली थानाक्षेत्र में बंद घर का ताला तोड़कर चोर नकदी समेत लाखों का जेवर समेट ले गए। पूरा परिवार तिलक समारोह में कन्नौज गया हुआ था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

खलासी लाइन निवासी राकेश कुमार शर्मा ने पुलिस को बताया कि 27 जनवरी को वह तिलक समारोह में कन्नौज सपरिवार गए थे। 28 जनवरी को दोपहर में वापस आए तो देखा कि मकान के गेट के ताले टूटे हुए थे। अन्दर अलमारी के लॉकर का ताला टूटा हुआ था तथा सारा सामान अस्त व्यस्त था। चोरों ने लॉकर में रखे सामान में एक मग टीका सोने का, दो जोड़ी सोने के कान के टॉप्स, तीन जोड़ी चांदी की पायल, छह चांदी की बिछिया, एक चांदी का सिक्का, एक चांदी की कटोरी, प्लेट, लॉकर में रखे पचास की नोटों की दो गड्डियां, बीस के नोटों की तीन गड्डियां, तथा दस के नोट की चार गड्डियां पार कर दीं। इस संबंध में ग्वालटोली थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज की है।

फ्लैट खाली करने को मांगी 10 लाख रंगदारी, धमकी दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हनुमंत विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई

अमृत विचार। फ्लैट खरीदने के नाम पर किरायेदार ने कब्जा कर लिया और फ्लैट खाली करने के एवज में 10 लाख रुपये रंगदारी की मांग की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने हनुमंत विहार थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

किदवई नगर एन ब्लॉक निवासी राम जानकी गुप्ता ने बताया कि उन्होंने केशव नगर स्थित केशव विला में वर्ष 2020 में 51 लाख रुपये में फ्लैट खरीदा था। जिसे जुलाई 2021 वीरेंद्र कुमार सिंह को किराए पर दे दिया था। राम जानकी ने अगस्त 2023 में फ्लैट बेचने की बात कही, जिस पर वीरेंद्र सिंह ने 42 लाख रुपये में फ्लैट खरीदने पर सहमति जताई। वीरेंद्र सिंह ने एडवांस के तौर पर करीब 11 लाख रुपये दिए। आरोप है कि अक्टूबर 2023 में वीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह ने बिना बताए 32 लाख में एग्रीमेंट तैयार कर लिया। रामजानकी के विरोध करने पर वीरेंद्र व उसके बेटों से जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की तो आरोपियों ने एडवांस दिया पैसा वापस करने पर फ्लैट खाली करने की बात कही। झांसे में आकर रामजानकी ने एडवांस वापस कर दिया। इसके बाद फ्लैट खाली करने की बात कहने पर आरोपियों ने 10 लाख रुपये की मांग की।

मुंहबोले मामा ने की छेड़छाड़, रिपोर्ट

कानपुर। गोविंद नगर थानाक्षेत्र निवासी किशोरी संग उसके मुंहबोले मामा ने अश्लील हरकतें कीं। परिजनों ने आरोपी को रंगेहाथ दबोच कर गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। गोविंद नगर थानाक्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि उनकी 13 वर्षीय बेटी नौवीं कक्षा की छात्रा है। किशोरी ने बताया कि घर में मुंहबोले मामा नंदकिशोर अक्सर आते थे। नंदकिशोर उसे अश्लील वीडियो दिखाकर अश्लील हरकतें करते थे। किशोरी के मुताबिक उसने विरोध किया तो नंदकिशोर ने किशोरी समेत परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद किशोरी सहम गई। किशोरी ने अपनी बड़ी बहन व जीजा को आपबीती बताई। 23 जनवरी को बड़ी बहन व जीजा ने आरोपी को रंगेहाथ दबोच लिया।

नमन शहादत दिवस पर जगह-जगह कार्यक्रम कर याद किया गया बापू को

महात्मा गांधी से नम्रता और अहिंसा सीखें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गांधी शांति प्रतिष्ठान व सर्व धर्म प्रार्थना सभा के सदस्य मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत दिवस पर फूलबाग पहुंचे। यहां पर उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी धर्म निरपेक्ष थे। इनमें कोई विरोधाभास नहीं है। राष्ट्रपिता से नम्रता व अहिंसा सीखनी चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि गांधी जी धार्मिक थे और धर्मनिरपेक्ष भी। वर्तमान में उन्हीं भावनाओं की आवश्यकता है।

इस दौरान गांधीवादी जगदंबा भाई, सुरेश गुप्ता, छोटे भाई नरोना, बिंदा भाई, जय नारायण गुप्ता, मोहन तिवारी, कृष्ण कांत अवस्थी, डॉ.जहांन सिंह, नसीम रजा, अजीत खोटे, शंकर सिंह, विनय मिश्रा डॉ.एमके राजपूत, मनोज सेंगर, आनंद शुक्ला, फारूक, अशोक तिवारी, उमाकांत आदि रहे।

गांधी शांति प्रतिष्ठान में महात्मा गांधी को याद किया गया। अमृत विचार

बेहमई कांड में फिर टली सुनवाई

कानपुर देहात: जिले के बहुचर्चित बेहमई सामूहिक नरसंहार कांड में मंगलवार को फिर सुनवाई टल गई। अब कोर्ट ने सुनवाई के लिए पांच फरवरी की तारीख नियत की है।

बेहमई गांव में 14 फरवरी 1981को दस्यु फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ धावा बोलकर 20 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। कानूनी दांव-पेंच के चलते 42 साल बीतने बाद भी बेहमई कांड के पीड़ितों को न्याय नहीं मिल सका है। आरोपी रामरतन व मानसिंह को पुलिस आज तक गिरफ्तार करने में नाकाम है। फरार आरोपितों को पकड़ना तो दूर पुलिस उनका सुराग तक नहीं लगा पाई है। मंगलवार को स्पेशल जज एंटी डकैती अमित मालवीय की कोर्ट में आरोपित श्यामबाबू और विश्वनाथ अदालत में हाजिर रहे।

बजट में महंगाई घटे, रोजगार व बचत बढ़े तो कुछ बात बने

कानपुर। आम लोगों को इस बार चुनावी साल होने से केंद्रीय बजट से भारी उम्मीदें हैं। बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहा मध्यम वर्ग ऐसी नीतियां और योजनाएं चाहता है, जो रोजगार के अधिक अवसर पैदा कर सकें। मध्यम वर्ग आयकर में छूट, किफायती आवास, महंगाई से राहत और होम लोन ब्याज दर में कमी जैसे

ऐलान की उम्मीद लगाए बैठा है। लोगों का कहना है कि वित्त मंत्री ऐसा बजट लाएं, जिससे उनकी बचत बढ़ सके।

बैंक में जमा धन की ब्याज दरों में बढोत्तरी होनी चाहिए। आम लोगों के लिए ब्याज दरें बहुत बड़ा सहारा होती हैं। उम्मीद है कि इस बार बैंक ब्याज दरों में सकारात्मक संशोधन होगा।

–अवधेश कटियार, सरकारी कर्मचारी

वित्त मंत्री को पुरानी पेंशन को दोबारा शुरू करने के लिए आम बजट में प्रावधान करना चाहिए। इससे करोड़ों कर्मचारी के हित जुड़े हुए हैं। पुरानी पेंशन लागू कर सरकार उन्हें लाभ दे सकती है।

–संतोष तिवारी, सरकारी कर्मचारी

आज हर ओर महंगाई की मार है। ऐसा बजट आना चाहिए जिससे आम लोगों को लाभ हो सके। घर चलाने के लिए खाने-पीने की चीजे सरकार को सस्ता करना चाहिए।

–नेहा फतवानी, गृहिणी

महंगाई की वजह से घर में बचत नहीं हो पाती है। ऐसा बजट हो जिससे बचत हो सके। महंगाई कम होनी चाहिए। चुनाव से पहले उम्मीद है कि केंद्र सरकार यह राहत जरूर देगी।

–दुर्गा इसरानी, गृहिणी

बजट ऐसा होना चाहिए जिससे घर का बजट नहीं बिगड़े। यदि बजट से महंगाई कम होती है तो ऐसा बजट हम सभी लोगों के लिए बहुत अच्छा रहेगा। –अनीषा भट्टाचार्या, गृहिणी

यदि पुरानी पेंशन का लाभ मिले तो हम लोगों के लिए बजट राहत देने वाला है। पुरानी पेंशन योजना का बजट में प्रावधान किया जाना बहुत जरूरी है। –श्रीनारायण मिश्रा

आयकर में मिलने वाली छूट बढ़नी चाहिए। इसके लिए प्रावधान जरूरी है। इनकम टैक्स से देश का पूरा मध्यम वर्ग जुड़ा हुआ है।

–डॉ. सत्येंद्र शुक्ला, सरकारी कर्मचारी

लोन की ब्याज दरें कम होना जरूरी है। बजट में ऐसा होता है तो आम लोगों की बचत बढ़ेगी। वित्तमंत्री को यह काम करना चाहिए।

–स्मिता तिवारी, सरकारी कर्मचारी

व्यापारी संवाद

आयात शुल्क घटाने से सराफा बाजार में आएगी बहार

कानपुर। सराफा कारोबारियों को उम्मीद है कि रत्न व आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद ने सरकार से सोने और कटे व पॉलिश हीरे पर आयात शुल्क कम करने की जो मांग की है, वह बजट में मानी जा सकती है। इससे लोगों को सोना-चांदी की खरीद में राहत मिलेगी। कारोबारियों ने सोना-चांदी कारोबार पर जीएसटी किए जाने की भी मांग की है। चौक सराफा में कानपुर महानगर बुलियन एंड सराफा एसोसिएशन की बजट पर चर्चा में अध्यक्ष अंशू शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जलज द्विवेदी व महामंत्री जयदीप गुप्ता ने कहा कि मंझोला सराफा कारोबारी जीएसटी की जटिल प्रक्रिया से प्रभावित है। इसका असर कारोबार पर पड़ रहा है। सरकार जिस तरह कॉर्पोरेट को सहूलियत देती है, वैसे ही मंझोले कारोबार को भी लाभ देना चाहिए। जीएसटी की जटिल प्रणाली को लचीला बनाकर एक्साइज ड्यूटी में कमी की जाए। अरुण द्विवेदी, अरुण कुमार त्रिवेदी, राजेश शुक्ला, धनेंद्र देव जैन व ग्रीष्म अवस्थी ने इनकम टैक्स छूट बढ़ाने की मांग की।

व्यापारी संवाद में भाग लेते सराफा कारोबारी। अमृत विचार

कार्ड से भुगतान पर बैंक चार्ज हटना चाहिए

कारोबारी प्रदीप सिंह, नीरज द्विवेदी और गौरव वर्मा ने कहा कि क्रेडिट और डेबिट कार्ड से भुगतान करने पर बैंक चार्ज कटता है। यह सराफा कारोबार में काफी होता है। बजट में ऐसे प्रावधान की जरूरत है जिससे कारोबारी पर यह अनावश्यक भार कम हो सके।

कैश लेनदेन की लिमिट बढ़ाकर पांच लाख करें

कारोबारियों ने कहा कि कारोबार में कैश लेनदेन की लिमिट अभी दो लाख रुपये तक है। इससे ऊपर के लेनदेन में पैन जरूरी है। इस लिमिट को पांच लाख रुपये करना चाहिए

एक नजर

आज नगर निगम सदन बैठक, हंगामे के आसार

कानपुर। नगर निगम सदन की बैठक बुधवार को 11 बजे होगी। महापौर प्रमिला पांडेय ने नगर निगम मुख्यालय स्थित सदन सभागार में सभी पार्षदों और नगर निगम, जलकल और जल निगम अधिकारियों को बुलाया है। महापौर ने बताया कि बैठक में केवल पूर्व सदन की बैठक में दिये गये निर्देश और प्रस्तावों पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट से सदन को अवगत कराया जाएगा। नगर निगम सचिव के मुताबिक अध्यक्ष की अनुमति के बाद ही नये प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। हलांकि, कुछ पार्षद क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सदन में मांग उठा सकते हैं। जिसको लेकर हंगामा होने की उम्मीद है।

बीकानेर एक्सप्रेस में कोच की स्प्रिंग टूटी

कानपुर। बीकानेर से प्रयागराज जा रही 20404 बीकानेर एक्सप्रेस के कोच की स्प्रिंग टूट गई। इसके चलते ट्रेन को धीमी रफ्तार से रवाना किया गया। मंगलवार सुबह लगभग 9.40 बजे ट्रेन के कानपुर सेंट्रल पर पहुंचने पर सूचना दी गई कि कोच में झटके लग रहे हैं। जांच के दौरान पाया गया कि बी-4 कोच की एक स्प्रिंग टूट गई है। इस पर सेंट्रल पर कैरिज एंड वैगन अनुभाग इंजीनियरों ने चेक करने के बाद कानपुर से प्रयागराज तक ट्रेन को 10.15 बजे 95 किमी प्रति घंटे का कॉशन देकर रवाना किया। आम दिनों में इस ट्रेन की गति 130 किमी प्रति घंटा रहती है। ट्रेन 35 मिनट तक सेंट्रल पर खड़ी रही।

मेडिकल कालेज में 21.17 करोड़ से बनेगा मानसिक रोग विभाग

पहली बार किसी मेडिकल कालेज को मनोरोग इलाज के लिए इतनी बड़ी धनराशि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग का विस्तार और कायाकल्प होगा। आजादी के बाद पहली बार प्रदेश के किसी शासकीय मेडिकल कालेज को मानसिक रोगों का इलाज सुलभ कराने के लिए 21.17 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस रकम से बालरोग विभाग के सामने खाली पड़ी जमीन पर बेसमेंट के साथ तीन मंजिला भवन बनाया जाएगा, जिसमें मानसिक रोगियों के इलाज के साथ पीजी और एमडी की पढ़ाई भी होगी।

मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध हैलट अस्पताल में मानसिक रोगियों के इलाज की सुविधा नगण्य जैसी है। वर्ष 2011 में मानसिक रोग विभाग तो खोला गया, लेकिन वार्ड या अन्य संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए। ऐसे में विभाग सिर्फ ओपीडी के सहारे संचालित है। इसके चलते मानासिक रोगियों को जनरल वार्ड में रखने से दिक्कत उठानी पड़ती है। अभी विभाग में एक प्रोफेसर व एक एसआर है, इनके हवाले ओपीडी और हैलट इमरजेंसी में औसतन रोज आने वाले सौ मरीजों की जिम्मेदारी रहती है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभागाध्यक्ष डॉ.धनंजय चौधरी, चिकित्साधिकारी डॉ.दिनेश कुमार व जेआर डॉ.आर्शी सोठी जानकारी देते हुए।

अत्याधुनिक इलाज के साथ परामर्श व थेरेपी भी

मानसिक रोग भवन में बाल एवं किशोरावस्था मानसिक क्लीनिक, वृद्धावस्था क्लीनिक, साइकोसेक्सुअल क्लीनिक, कीटमीन थेरेपी, बायो केमेस्ट्री लैब, लिथियम जांच, थीन लेयर क्रोमेटोग्राफी, साइकोलॉजिकल, आईक्यू और डिप्रेशन की जांच होगी। छात्र-छात्राओं के लिए कांफ्रेंस रूम, सेमिनार हाल, कंसल्टेंट्स चेंबर्स, इमरजेंसी कक्ष, ईसीटी कक्ष, बायोफीडबैक कक्ष, म्यूजिक थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, रेक्रीएशनल थेरेपी की भी सुविधा होगी।

वर्ष 1954 में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद अब मानसिक रोग विभाग का निर्माण किया जाएगा। इस विभाग का भवन बाल रोग अस्पताल के बगल में बनेगा। मानसिक रोग विभाग बनने से करीब 18 जिलों के रोगियों को लाभ मिलेगा।

–प्रो.संजय काला, प्राचार्य, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज

- पहली किस्त में 5.29 करोड़ मिले, तीन मंजिल की बिल्डिंग में पीजी व एमडी की पढ़ाई भी

तीन साल पहले शासन को भेजा गया था प्रस्ताव

मेडिकल कालेज ने वर्ष 2021 में 20 बेड का मानसिक रोग वार्ड और 10 बेड का आधुनिक नशा मुक्ति वार्ड तथा एमडी कोर्स शुरू कराए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। अब शासन ने विभाग के निर्माण के लिए 21.17 करोड़ रुपये स्वीकृत कर पहली किस्त के रूप में 5.29 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय चौधरी ने बताया कि सी एंड डीएस कंपनी को दो वर्ष में निर्माण कार्य पूरा करना है।

चार साल में बढ़ गए 14 प्रतिशत मनोरोगी

भागदौड़ भरी जिंदगी, प्रतिस्पर्धा व सोशल नेटवर्किंग के कारण लोगों की मनोदशा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इससे तनाव, अवसाद, चिंता व अनिद्रा की समस्या बढ़ रही है। मेंटल हेल्थ सर्वे के अनुसार युवाओं में मानसिक रोगों का प्रतिशत वर्ष 2019 में 31 प्रतिशत था, जो 2023 में 45 प्रतिशत हो गया है।

(बाएं से दाएं) अरविंद कुमार सिंह, हरेंद्र पाल, डॉ. मुकेश कुमार सिंह (डीन एकेडेमिक्स), डॉ. जी. नालनकिल्ली (निदेशक यूपीटीटीआई), यूसुफ अमीन (निदेशक-सुपरहाउस ग्रुप), रामजी मिश्रा और रोहित कुमार यादव। अमृत विचार

सुपर हाउस देगा यूपीटीटीआई छात्रों को शोध और रोजगार का अवसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सुपर हाउस ग्रुप व उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (यूपीटीटीआई) के बीच हुए करार के तहत सुपर हाउस ग्रुप संस्थान के युवाओं को शोध और रोजगार के मौके उपलब्ध कराएगा।

सुपर हाउस ग्रुप के निदेशक युसूफ अमीन व मार्केटिंग मैनेजर रोहित कुमार यादव ने बताया कि सुपर हाउस समूह के एलन कूपर ब्रांड की लेदर जैकेट्स, जूते,

- युवाओं को शोध और रोजगार परक शिक्षा हासिल कराएगा सुपर हाउस समूह
- कपड़ा उद्योग से संबंधित वैश्विक जरूरत के अनुसार परिवर्तन पर होगा शोध

स्पोर्ट्स शूज जैसे अनेक उत्पादों की मांग देश के साथ विदेशों में भी है। इसी उत्कृष्टता को बनाए रखते हुए अब कपड़ा उद्योग में भी आधुनिक फैशन, मौसम व आवश्यकता को देखते हुए युवाओं को जोड़ा जा रहा है। विश्व में कपड़े से जुड़े तमाम उत्पादों की मांग बहुत अधिक है। करार के तहत समूह की ओर से संस्थान के छात्रों को वैश्विक स्तर की जरूरतों के लिहाज से शोध में सहयोग दिया जाएगा। समझौता करार के लिए हुए कार्यक्रम में एलन कूपर के सीनियर वाईस प्रेजिडेंट रामजी मिश्रा के अलावा यूपीटीटीआई के निदेशक जी नालन्किल्ली, डीन ऑफ़ एकेडेमिक्स मुकेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

एलिवेटेड रेल ट्रैक को मिल सकती हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सांसद पचौरी ने अगले माह शिलान्यास का जताया भरोसा

अमृत विचार। शहर के बीच से गुजरने वाली फर्रुखाबाद रेलवे लाइन पर अनवरगंज से मंधना तक बनने वाले एलिवेटेड रेल ट्रैक के लिए गुरुवार को पेश होने वाले बजट में हरी झंडी दिखाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। रेलवे बोर्ड इस ट्रैक के निर्माण को मंजूरी दे चुका है।

शहर के बीच से गुजरने वाली फर्रुखाबाद रेलवे लाइन के कारण लोगों को रोज घंटों जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। जीटी रोड के समानांतर बने इस रेलवे ट्रैक पर स्थित 18 क्रासिंग का थोड़ी-थोड़ी देर में खुलना और बंद होना वाहन सवारों के लिए मुसीबत बना रहता है। इस समस्या के समाधान के लिए अनवरगंज से नानकारी तक 995 करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना को रेलवे बोर्ड की ओर से भी हरी झंडी दी जा चुकी है। इसे लेकर माना जा रहा है कि सरकार बजट में इस ट्रैक के निर्माण लिए धनराशि आंवटन की व्यवस्था कर सकती है। सांसद सत्यदेव पचौरी ने बताया इसी माह एलिवेटेड रेल ट्रैक के शिलान्यास का प्रयास हो रहा है। कोशिश है कि शिलान्यास के तुरंत बाद निर्माण शुरू हो सके।

सिटी बस खड़ी करने पर चालक व परिचालक को पीटा

कानपुर। होटल में चाय पी रहे सिटी बस चालक और परिचालक को छह से ज्यादा लोगों ने जमकर मारापीटा। बस में बैठी सवारियों ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनसे भी हाथापाई की। चालक व परिचालक ने थाने में तहरीर दी है।

घाटमपुर ओरिया निवासी सुरेश कुमार फजलगंज डिपो की सीएनजी सिटी बस के चालक हैं। वह मंगलवार दोपहर घाटमपुर से सवारियां बैठाकर नौबस्ता जा रहे थे। जाम की वजह से रमईपुर में खड़ी कर परिचालक महेंद्र कुमार के साथ चाय पीने लगे। इसी दौरान आधा दर्जन लोगों ने गालीगलौज करते हुए दुकान के सामने से बस हटाने को कहा और मारपीट की।

एनएसआई ने उठाया बेसहारा पशुओं की देखभाल का बीड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) ने बेसहारा पशुओं की देखभाल के साथ उन्हें आश्रय प्रदान करने का संकल्प लिया है। इसके लिए मंगलवार को एनिमल केयर यूनिट का पोस्टर लांच किया गया है। यह यूनिट पशुओं का डाटाबेस तैयार करके टीकाकरण भी कराएगी। बेसहारा पशुओं के लिए स्थान निर्धारित करते हुए चारे की व्यवस्था की जाएगी। निदेशक नरेंद्र मोहन ने बताया कि संस्थान के कर्मियों और विद्यार्थियों ने एनिमल वेल्फेयर ग्रुप भी बनाया है, जो पशुओं पर सेमिनार

एनिमल केयर यूनिट के बारे में जानकारी देते और पोस्टर लांच करते राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

- संस्थान में एनिमल केयर यूनिट खुली, निर्दयता रोकने के लिए लाएंगे जागरूकता

आयोजित करेगा और उनके विरुद्ध निर्दयता रोकने के लिए लोगों को जागरूक करेगा। संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बृजेश कुमार साहू ने बताया कि जल्द ही पशु कल्याण के लिए अन्य संस्थानों को भी एनिमल केयर यूनिट के साथ जोड़ा जाएगा।

तनाव-अवसाद का होगा आईआईटी में समाधान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आईआईटी में छात्र-छात्राओं को खुशनुमा माहौल उपलब्ध कराने के साथ उनकी मानसिक स्थिति, पढ़ाई-लिखाई और तनाव या अवसाद जैसी परिस्थितियों पर नजर रखने के लिए अपनी परामर्श सेवा को और मजबूत बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए छह सदस्यीय पेशेवर काउंसिलिंग सर्विस टीम बनाई गई है। यह टीम छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों के साथ अन्य समस्याओं के निदान में परामर्श देने के साथ मदद करेगी।

- मनोचिकित्सकों, छात्रावास प्रबंधकों की छह सदस्यीय काउंसिलिंग टीम हुई तैनात

आईआईटी परिसर में हाल में हुई आत्महत्याओं की घटनाओं के बाद बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने का फैसला लिया गया है, ताकि छात्र-छात्राएं बिना किसी समस्या और मानसिक तनाव के शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य बना सकें। इसके लिए मनोचिकित्सकों, परामर्शदाताओं और छात्रावास प्रबंधकों के साथ पेशेवरों को तैनात किया गया है। इस टीम के सदस्य चौबीस घंटे सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे।

दूर हुई बड़ी परेशानी | सीडी-4 की जांच के लिए मेडिकल कालेज को मिली 35 लाख रुपये की मशीन

एचआईवी, एड्स और टीबी की होगी अब हर जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हैलट के संक्रामक रोग अस्पताल में आने वाले एचआईवी व एड्स के मरीजों को सीडी-4 जांच के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के संक्रामक रोग अस्पताल में बने एआरटी सेंटर में इस जांच के लिए 35 लाख की मशीन राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण सोसाइटी (नाको) ने उपलब्ध करायी है।

मेडिकल कॉलेज से वर्तमान में करीब 12 हजार एचआईवी मरीजों का इलाज चल रहा है, इन मरीजों के लिए सीडी-4 जांच बेहद जरूरी होती है, जिसकी सुविधा अभी तक यहां नहीं थी। मरीजों को इस जांच के लिए अन्य डायग्नोस्टिक सेंटर जाना पड़ता था। लेकिन अब हैलट के संक्रामक रोग अस्पताल में बने एआरटी (एंटी रेट्रो टेस्ट) सेंटर में 35 लाख की सीडी-4 सेल मशीन स्थापित कर दी गई है। इसका उद्घाटन मंगलवार को प्राचार्य प्रो. संजय काला, उप प्रचार्य प्रो.रिचा गिरी, प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह, संक्रामक रोग अस्पताल के सीएमएस डॉ.आरएस सिंह, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ.एसी गुप्ता व डॉ.एमपी सिंह ने किया।

सीडी-4 सेल कक्ष का उद्घाटन करते प्राचार्य प्रो.संजय काला, उप प्राचार्य, प्रो.रिचा गिरी, प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह, प्रो.एसी गुप्ता, प्रो.एमपी सिंह। अमृत विचार

सीडी4 मशीन की फोटो। अमृत विचार

प्राचार्य ने बताया कि एचआईवी की जांच में सीडी-4 (क्लस्टर ऑफ डिफरेंटेशन-4) मशीन काफी मददगार होती है। इससे एचआईवी संक्रमित और एड्स रोगियों में रोग के वायरस की संख्या कितनी है, इसका पता चल जाता है। इससे मरीजों के इलाज और मॉनिटरिंग में आसानी होती है।

टीबी कल्चर ड्रग सेंसटिव लैब बनकर हुई तैयार

कानपुर। कानपुर समेत आसपास जिलों के टीबी मरीजों को अब जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में टीबी से संबंधित सभी प्रकार की जांच उपलब्ध होगी। 42 दिन में मरीज की रिपोर्ट निगेटिव आने पर उनकी दवा छह माह ही चलेगी। इसके लिए कॉलेज में 64 लाख रुपये से टीबी कल्चर ड्रग सेंसिटिव लैब का निर्माण किया गया है। जीएसवीएम में टीबी कल्चर ड्रग सेंसिटिव लैब के निर्माण का काम लगभग पूरा हो चुका है। अभी ऐसी लैब लखनऊ में है। इस कारण मरीजों के सैंपल वही भेजे जाते हैं। जीएसवीएम की लैब में फालोअप लिक्विड कल्चर व टीबी कल्चर की संयुक्त जांच होंगी। लैब में तीन सीनियर टेक्निकल, एक माइक्रोबायलॉजिस्ट व एक डाटाएंट्री आपरेटर की नियुक्ति होनी है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि लैब का अगले माह से संचालन किया जाएगा। लैब में मौजूद मिजिट मशीन की मदद से 42 दिन में टीबी के निगेटिव की जांच व जानकारी हो सकेगी। एमडीआर के मरीजों की भी जांच यहां पर संभव है।

जीएसवीएम में स्थापित की गई लैब।

कुष्ठ निवारण जागरूकता रैली निकाली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नेग्लेक्टेड ट्रोपिकल डिजीज (उपेक्षित उष्ण कटिबंधीय रोग) दिवस के तहत मंगलवार को आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम में फाइलेरिया, मलेरिया, डेंगू, कुष्ठ रोगों के इलाज, बचाव और रोकथाम के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने कार्यालय से जनजागरूकता रैली को रवाना किया। नुक्कड़ नाटक में कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने का संदेश दिया गया।

सीएमओ ने बताया कि एनटीडी रोगों का एक समूह है, जो अधिकतर गरीब व कमजोर आबादी को प्रभावित करता है। इसमें हाथीपांव, कालाजार, कुष्ठरोग, डेंगू, चिकुनगुनिया, सर्पदंश, रेबीज जैसे 16 रोग शामिल हैं, जिनकी रोकथाम संभव है। कुष्ठ रोग दिवस पर कल्याणपुर, बिल्हौर, शिवराजपुर, सरसौल ब्लॉक के स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम हुए। फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क सदस्यों ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को फाइलेरिया समेत अन्य रोगों से बचाव की जानकारी दी।

हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते सीएमओ व अन्य स्वास्थ्य अधिकारी।

15 दिन में मिले 35 कुष्ठ रोगी

जिला कुष्ठरोग अधिकारी डॉ. महेश कुमार ने बताया कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया। अब 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वर्तमान में 200 कुष्ठ रोगियों का इलाज चल रहा है। 15 दिवसीय अभियान में 35 नए कुष्ठ रोगियों की पहचान हुई है।

20 वर्षों से टूंठ बनी टंकी, आज तक नहीं हुई सप्लाई

❍ कल्याणपुर, नई शिवली रोड, खुर्द के लाखों लोग प्रभावित ❍ सबमर्सिबल और खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कल्याणपुर नई शिवली रोड स्थित खुर्द में करीब 20 वर्ष पहले बनाई गई पानी की टंकी आजतक चालू नहीं हो सकी है। जिसके कारण क्षेत्र में निवास करने वाली लाखों की संख्या में अबादी प्रभावित है। लोग सबमर्सिबल और खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि टंकी में लीकेज के कारण लाखों रुपया बर्बाद हो गया। पानी की किल्लत ज्यों का त्यों है।

क्षेत्रीय निवासी आरपी सिंह, बीआर अहिरवार और अशोक सिंह ने बताया कि पानी की टंकी बनाने में लाखों रुपये खर्च किए गए। जब बनकर तैयार हुई तो टेस्टिंग के बाद चल ही नहीं पाई। आरपी सिंह बताते हैं कि टंकी में लीकेज है। 20 वर्ष पहले जब इसका उद्घाटन किया गया तो पूरे मोहल्ले में पानी भर गया। उस दिन के बाद किसी ने इसका लीकेज ठीक कराने का प्रयास नहीं किया। कई बार इसको चालू करने की मांग की गई लेकिन जलकल और निगम ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। यहां के लोग सबमर्सिबल के सहारे हैं। जिनके घरों में बोरिंग नहीं है वे पड़ोस से पानी भरते हैं। हजारों लोग खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं।

कल्याणपुर खुर्द में 20 वर्षों से बिना पानी के खड़ी टंकी। अमृत विचार

> आपके माध्यम से समस्या सामने आई है, इसको दिखवाते हैं। पेयजल की सप्लाई को दुरुस्त करने के लिये प्रयास किए जाएंगे।
>
> – आनंद त्रिपाठी, जलकल महाप्रबंधक

क्षेत्रीय जनता ने बताया दर्द

हर चुनाव में वादा किया जाता है कि टंकी को चालू करा दिया जाएगा। लेकिन चुनाव खत्म होने के साथ ही मुद्दा भी दब जाता है। इसे चालू होना चाहिए। –गोगी सिंह

क्षेत्र के लाखों लोग इस टंकी से पानी नहीं मिलने के कारण प्रभावित हैं। इसको जल्द चालू कराया जाना चाहिए। जन प्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। –अजय द्विवेदी

जनता वोट भी दे और पानी के लिए परेशान भी रहे यह कहां का न्याय है। टंकी बनी खड़ी है लेकिन सप्लाई चालू नहीं की जा रही है। –उमा देवी

पानी की टंकी 20 वर्ष पुरानी है कुछ समय बाद जर्जर हो जाएगी, तोड़कर हटा दी जाएगी। लाखों रुपया पानी के नाम पर बर्बाद हो जाएगा। –आरपी सिंह

क्षेत्र में हर घर में पानी की दिक्कत है। इसके बावजूद टंकी के लीकेज को ठीक नहीं किया जा रहा है। सप्लाई चालू की जानी चाहिए। –सौरभ कुमार



पानी की टंकी से सप्लाई नहीं दी जानी थी तो जनता को सपने क्यों दिखाए गए। 20 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। –हरि नारायण

किशोरी से दुष्कर्म में दोषी को सात साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छोटी बहन संग दवा लेने गई किशोरी से युवक ने अपहरण के बाद दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी 41 की कोर्ट ने विचाराधीन था। कोर्ट ने मामले में युवक को दोषी पाते हुए सात साल की सजा व 16 हजार रुपये जुर्माना लगाया। बाबूपुरवा थानाक्षेत्र निवासी किशोरी की मां ने बताया था कि पांच मई 2008 की शाम उसकी 16 वर्षीय बेटी अपनी छोटी बहन के साथ दवा लेने मेडिकल स्टोर जा रही थी। रास्ते में दवा के लिए कम पैसे लेने की जानकारी होने पर किशोरी ने छोटी बहन को घर भेज दिया था। छोटी बहन पैसे लेकर वापस आई तो किशोरी मौके पर नहीं मिली। उसने घर आकर बहन के न मिलने की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने आस पड़ोस व रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन किशोरी का कही पता नहीं चला। परिजनों ने घर के पास रहने वाले राजू के परिजनों से पूछताछ की तो वह भी नहीं मिला। परिजनों ने बताया था कि राजू ने काफी समय से किशोरी संग छेड़खानी कर रहा था। जिसके बाद परिजनों राजू व उसके साथी राकेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने राजू के खिलाफ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी 41 शैलेंद्र यादव की कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। कोर्ट ने राजू को पीड़िता से दुष्कर्म के मामले में दोषी पाते हुए सात साल की सजा व 16 हजार अर्थदंड लगाया।

बाइक चोरी होने से दुखी मजदूर ने दे दी जान

कानपुर। चकेरी के अहिरवां में बाइक चोरी होने से दुखी मजदूर ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी और पुलिस ने जांच की।

अहिरवां के यादव नगर निवासी मजदूर हरिशंकर पत्नी शिखा और तीन वर्ष की बेटी व दो वर्ष के बेटे के साथ रहते थे। परिजनों ने बताया कि सोमवार दोपहर को उनकी बाइक रामादेवी पुल के नीचे से चोरी हो गई थी। जिससे वे काफी परेशान थे। उन्होंने अहिरवां चौकी में बाइक चोरी की शिकायत की थी। दुखी होकर मंगलवार शाम उन्होंने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। हरिशंकर का शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया।

जीआरपी दरोगा जय प्रकाश ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की पुष्टि हुई है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

कांग्रेस के महिला सम्मेलन में 16 को आएंगी अल्का लांबा

विशेष संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने कानपुर में महिला कार्ड चलने की तैयारी कर ली है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर अल्का लांबा की पहली महिला सभा हरिहरनाथ शास्त्री भवन में होगी। लांबा को हाल ही में महिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है। वह कांग्रेस की मुखर वक्ता के रूप में जानी जाती हैं।

यूपी की कानपुर-बुंदेलखंड की प्रांतीय अध्यक्ष करिश्मा ठाकुर ने बताया कि 16 फरवरी को महिला सम्मेलन का स्थल हिमाचल महिला कांग्रेस की नेत्री पुष्पा कटोच व नमिता मिश्रा के साथ खलासी लाइन स्थित हरिहरनाश शास्त्री भवन फाइनल किया है। करिश्मा का दावा है कि हर क्षेत्र व वर्ग की करीब एक हजार महिलाओं की सम्मेलन में भागीदारी होगी। मंगलवार को तिलकहाल में तैयारी बैठक में महिला कांग्रेस कानपुर ग्रामीण अध्यक्ष आजाद क्षत्रिय, दक्षिण क्षेत्र अध्यक्ष आशा जायसवाल मौजूद रहीं। करिश्मा ने बताया कि यूपी विधानसभा चुनाव में पार्टी की स्थिति भले ही दयनीय रही हो पर कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 155 महिलाओं को मैदान में उतारा था जबकि भाजपा ने 45, सपा ने 42 और बसपा ने 38 महिलाओं को टिकट दिया था। उनका कहना है कि महिलाओं में मतदान के प्रति उत्साह है और वे परिवर्तन चाहती हैं।

करिश्मा ठाकुर। अमृत विचार

अल्का लांबा अमृत विचार

- हिमाचल से आयी पर्यवेक्षक पुष्पा कटोच और नमिता मिश्रा ने बैठक की
- प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया कि 16 फरवरी को होगा महिला सम्मेलन का आयोजन

सार-संक्षेप

सीएसजेएमयू में कार्यशाला हुई। अमृत विचार

वैदिक संस्कृति पर शोध जरूरी

कानपुर। सीएसजेएमयू में मंगलवार को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास कानपुर ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति और नवाचार की भारतीय दृष्टि' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें वेद, पुराण, उपनिषदों का ज्ञान जरूरी बताते हुए प्राचीन वैदिक कालीन संस्कृति पर शोध का आह्वान किया गया। उद्घाटन कुलपति विनय कुमार पाठक ने किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता शोध प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक, नार्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी के प्रो. तिमिर त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित संस्कृति को ऊपर उठाने में शोध की विशेष भूमिका है। हमें वेद, पुराण, उपनिषदों में वर्णित तत्वों को आधुनिकता के साथ तालमेल बनाते हुए आगे बढ़ाना होगा। कुलपति प्रो. पाठक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय निरन्तर भारतीयता को आगे बढ़ा रहा है। प्रतिकुलपति प्रो. सुधीर अवस्थी प्रो. राजेश कुमार द्विवेदी, डा. श्वेता पाण्डेय, प्रो. सीएल मौर्या, सुमित कुमार गुप्ता, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास कानपुर के संयोजक डा. बिन्दु सिंह, रश्मि गोरे, गोपाल सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, ऋषभ गुप्ता, प्रदीप तिवारी मौजूद रहे।

आईआईटियंस ने पुरानी यादें कीं ताजा

कानपुर। आईआईटी में 40 वां रूबी जुबली रीयूनियन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 1984 बैच के आईआईटियंस ने पुराने दिनों को याद किया। परिसर में भ्रमण कर आज की स्थितियों को जाना। प्रो. एस गणेश ने संस्थान की उपलब्धियों के बारे में सभी को जानकारी दी। इस दौरान सभी ने नए छात्रों के सहयोग का वादा भी किया। आज की चुनौतियों के बारे में बताया। भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। सभी ने पुराने दिनों के तरह अपने क्लास को भी देखा। यादों को ताजा करते हुए सभी की आंखे भर आईं। जेपी सिन्हा, अजय द्विवेदी, भगवान शंकर के साथ पूर्व छात्र आईआईटीके डेवलपमेंट फाउंडेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सिपाही, प्रधानपति और समर्थकों पर रिपोर्ट दर्ज

कानपुर। पनकी थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह गुरुवार को पेट्रोल भराने के दौरान हुए विवाद में दूसरे पक्ष की तहरीर पर डीसीपी के आदेश पर आरोपी प्रधानपति, उसके सिपाही भाई और समर्थकों के खिलाफ मारपीट और छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज की गई है। पनकी में पनका गांव स्थित एक पेट्रोल पंप में पिछले सप्ताह गुरुवार को पेट्रोल भराने के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया था। बोतल में पेट्रोल ना देने को लेकर दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चल गए थे। पुलिस ने प्रधानपति की तहरीर पर दूसरे पक्ष की तीन महिलाओं समेत पांच लोगों के विरुद्ध बलवा और मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी, जबकि दूसरे पक्ष से शीतल शुक्ला की तहरीर पर जांच की बात कही थी। इस मामले में मंगलवार को डीसीपी के आदेश पर प्रधान पति विनोद कुशवाहा, भाई सिपाही मुकेश कुशवाहा, राहुल गुप्ता समेत 11 नामजद और कुछ अज्ञात के विरुद्ध बलवा, मारपीट और छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज की गई है। पनकी थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

पिता ने नाबालिग बेटी संग किया रेप, हिरासत में

कानपुर। हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ नाबालिग बेटी से रेप की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी पति को भी हिरासत में लिया है। बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा गया है। संजय गांधी नगर में रहने वाली एक महिला ने बताया कि पति प्राइवेट कंस्ट्रक्शन कंपनी में मैनेजर है। 26 जनवरी की रात वह पति व छोटे बेटे के साथ कमरे में सो रही थी, जबकि सास 13 वर्षीय बेटी के साथ अलग कमरे में सो रही थीं। अगले दिन बेटी ने बताया कि पिता ने उसके साथ गलत काम किया है। बेटी ने शरीर पर हैवानियत के निशान भी दिखाए। इसके बाद पति मोबाइल बंद कर फरार हो गया। हनुमंत विहार पुलिस ने मां की तहरीर पर आरोपी पिता के खिलाफ रेप, पाक्सो समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। इसके साथ ही मंगलवार रात को आरोपी पिता को अरेस्ट भी कर लिया।

केसीए ने फाइनल जीत किया ट्रॉफी पर कब्जा

खेल के मैदान से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ओमप्रकाश पाठक स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता में कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने मुरादाबाद को 5 विकेट से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। केके बोर्डिंग मैदान कन्नौज में खेले गये फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएच एकादश मुरादाबाद ने 28.5 ओवरों में 145 रन बनाए।

इसके जवाब में खेलते हुए केसीए एकादश ने इस लक्ष्य को 5 विकेट पर 150 रन बनाकर 25.4 ओवरों में ही हासिल कर फाइनल को 5 विकेट से जीत लिया। इस मैच में मो. शारिम को मैन आफ द मैच चुना गया।

फाइनल मैच के विजेता और उप विजेता टीमों को उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण एवं सांसद सुब्रत पाठक ने पुरस्कृत किया।

ओमप्रकाश पाठक स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता की फाइनल विजेता केसीए की टीम।

75 हजार सूर्य नमस्कार का लक्ष्य

कानपुर। क्रीड़ा भारती 16 फरवरी को रथ सप्तमी के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर सूर्य नमस्कार महायज्ञ का आयोजन करेगा। इसके लिए 75 हजार सूर्य नमस्कार का लक्ष्य रखा गया है। क्रीड़ा भारती यह कार्यक्रम सूर्य नमस्कार सप्ताह के रूप में 9 से 16 फरवरी तक आयोजित करेगा। क्रीड़ा भारती का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ बनाने की दिशा में आगे बढ़ना है। जिसके लिए उद्यमिता संस्थाएं एवं विद्यालय क्रीड़ा भारती से प्रशिक्षक प्राप्त कर सकते हैं। संस्था सभी को नि:शुल्क प्रशिक्षकों देगा।

प्रिंस और राइडर्स के बीच फाइनल

कानपुर। केसीए, स्पोर्टिंग यूनियन क्लब की समर बहादुर क्रिकेट प्रतियोगिता का मंगलवार को पालिका स्टेडियम में सेमीफाइनल हुआ। जिसमें प्रिंस क्लब और खेरेपति की टीमें टकराईं। प्रिंस ने पहले खेलते हुए 130 रन बनाए। टीम के विजय भान ने सर्वाधिक 50 रन बनाए। जवाब में खेरेपति 121 रन ही बना पाया। और टीम सिमट गई। इस तरह से प्रिंस ने 9 रनों से मैच में जीत हासिल की। अब पालिका स्टेडियम में प्रिंस क्लब और राइडर्स के बीच सुबह 10 बजे से फाइनल मैच खेला जाएगा।

एसी की खिड़की से घुसे चोर, फाल सीलिंग तोड़ की चोरी

कानपुर। चमनगंज थानाक्षेत्र में चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने एक व्यापारी की दुकान की एसी की खिड़की से घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद चोरों ने पास के दाल मिल के ताले तोड़े जिसमें चोर सीसी कैमरे में कैद हो गए।

चमनगंज निवासी कवलजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी दुकान कुंवर ट्रेडर्स के नाम से है। जिसमें बिल्डिंग मेटेरियल का व्यापार होता है। उन्होंने बताया कि 29 जनवकी की रात को वह दुकान को बंद करके घर चले गए थे। बताया कि जब 30 जनवरी को वह रोज की तरह सुबह 8.30 बजे पहुंचे तो पाया कि दुकान के बाहर की खिड़की जिसमें एसी लगा था। उसको हटाकर जगह बनाते हुए चोरों ने अन्दर जाकर फाल सीलिंग तोडकर प्रवेश कियाा। बताया कि दुकान में रखे 4000 हजार रुपये और एक बैग जिसमें एसबीआई कुछ फोटो और अन्य जरूरी कागजात थे चुराकर लेकर चले गए।

आज बैदानी गांव आएंगे धीरेंद्र शास्त्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चौबेपुर के बैदानी गांव में 31 जनवरी को दक्षिणमुखी बालाजी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने आ रहे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने पार्किंग व्यवस्था लागू की है।

बैदानी गांव के सावित्री नगर मोहल्ले में बुधवार को दक्षिणमुखी बाला जी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन है। प्राण प्रतिष्ठा सामारोह में बाबा बागेश्वर धाम धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को शामिल होना है। आयोजन में भक्तों की भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने पार्किंग व्यवस्था लागू की है।

धीरेंद्र शास्त्री।

ऐसा होगी पार्किंग व्यवस्था

- कल्याणपुर से कार्यक्रम स्थल की ओर जाने वाले वाहन मंधना चौराहा से सीधे चौबेपुर रोड पर एनएलके एकेडमी से यूटर्न लेकर राम नगर ग्राम में मौजूद पार्किंग में वाहन पार्क कर सकेंगे।
- बिठूर व गंगा बैराज से कार्यक्रम स्थल की ओर जाने वाले वाहन ब्लू वर्ल्ड पार्किंग में रुकेंगे
- चौबेपुर की तरफ से जाने वाले वाहन राम नगर स्थित पार्किंग में आपने वाहन पार्क कर सकेंगे।

रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.) से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

निविदा की शर्तें निम्न हैं

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.

पश्चिमी विक्षोभ का असर, धूप हल्की बारिश के आसार

कानपुर। शहर में पश्चिमी विक्षोप का असर दिखाई देने लगा है। पांच दिन से लगातार निकल रही चमकीली धूप विक्षोभ के असर से मंगलवार दोपहर गायब हो गई। मौसम वैज्ञानिकों ने दो दिन के भीतर बारिश व छींटे पड़ने की संभावना जताई है। ओले भी गिर सकते हैं।

शहर में दिन में अचानक फिर से मौसम बदल गया। सुबह खिली धूप ने सर्दी के सितम को दूर किया तो दोपहर बाद बादल आ जाने से धूप हल्की हो गई। पांच दिन बाद मौसम में आए इस बदलाव को मौसम वैज्ञानिकों ने पश्चिमी विक्षोप का असर बताया है। उधर मंगलवार को सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिकों ने अधिकतम पारा 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

मुबारक मौका | उमरा से लौटने पर हुसैनी फेडरेशन ने स्वागत किया

मक्का में मुल्क और शहर के लिए दुआ की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हुसैनी फेडरेशन के प्रवक्ता डॉ जुल्फिकार अली रिजवी को मक्का से उमरा से लौटने पर फेडरेशन ने मंगलवार को उनका स्वागत किया।

ग्वालटोली में आयोजित समारोह में डॉ. रिजवी ने बताया कि उन्होंने सऊदी में मक्का में अपने मुल्क, अपने सूबे और शहर में अमन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की है।

उन्होंने यह भी बताया कि उमरा पर यहां से जाने वाले लोग वहां पर तिरंगे की पहचान में रहे। समारोह के दौरान अनवार सज्जादी, एहसान हुसैन रिजवी, ताज मिर्जा, हाजी वाजिद अली रिजवी कबीर हैदर रिज़वी, अयाज हैदर, फुरकान हैदर, नजरे आलम, नकी हैदर, ऐमन रिजवी आसिफ अली रिजवी और मुनतजिर हुसैन आदि मौजूद रहे। **हज के लिए सभी को मौका:** हज के लिए इस बार 880 कोटा के मुकाबले सिर्फ 677 लोगों ने ही आवेदन किए हैं। माना जा रहा है कि कोटा से कम हुए आवेदन पर इस बार आवेदन करने वाले सभी को हज पर जाने का मौका मिलेगा। कोटा के मुकाबले कम आवेदन होने पर इस बार लॉटरी के लिए भी लोगों को इंतजार नहीं करना होगा। हज के लिए पूरे प्रदेश में इस बार 19 हजार से अधिक आवेदन हुए हैं। हज पर जाने के लिए कुल सीटें 24 हजार से अधिक हैं। शहर से आने वाले आवेदनों में इस बार हर उम्र के आवेदक शामिल हैं। इनमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के 30 और 5 महिलाओं ने भी आवेदन किया है। हज प्रशिक्षकों ने बताया कि हज के लिए आवेदन करने वालों की संख्या काफी कम रही है।



उमरा से लौटने पर स्वागत किया गया।

नई तहसील के खिलाफ अधिवक्ता लामबंद

बिल्हौर तहसील में नारेबाजी के साथ वकीलों का प्रदर्शन, मंडलायुक्त के नाम तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

मुहिम तेज

संवाददाता, बिल्हौर

- बोले, नई तहसील के सृजन से बिल्हौर तहसील के अस्तित्व पर गहराएगा संकट
- तहसील क्षेत्र के राजस्व गांव काटे जाने से जनता के साथ होगा खिलवाड़

अमृत विचार: कानपुर नगर जनपद में नई तहसील के गठन को लेकर विरोध के स्वर तेज होते जा रहे हैं। मंगलवार को बिल्हौर तहसील के अधिवक्ताओं ने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया और मंडलायुक्त के नाम ज्ञापन सौंप कर नई तहसील के सृजन में बिल्हौर के राजस्व गांवों को काटे जाने पर विरोध जताया। वकीलों ने कहा कि राजस्व गांव कटने से बिल्हौर तहसील के अस्तित्व पर संकट गहराएगा और जनता के साथ भी खिलवाड़ होगा।

नई तहसील सृजन के प्रस्ताव के विरोध में मंगलवार को बिल्हौर के वकीलों ने नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस मुद्दे को लेकर बिल्हौर तहसील के अधिवक्ता लामबंद हो गए हैं। नई तहसील में बिल्हौर तहसील के सैकड़ों राजस्व ग्रामों को काटे जाने के प्रस्ताव के विरोध में अधिवक्ताओं के दोनों संगठनों बिल्हौर बार एसोसिएशन और लॉयर्स एसोसिएशन के सैकड़ों वकीलों ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और मण्डलायुक्त के नाम सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार तिमिराज सिंह को सौंपा।

बिल्हौर में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

ज्ञापन में अपनी मांगें रखते हुए बिल्हौर तहसील के अस्तित्व को खतरा बताया गया है। कहा गया है कि बिल्हौर तहसील के 144 राजस्व गांवों को काटकर पांचवीं तहसील में जोड़ा जा रहा है, जो कतई उचित नहीं है। ज्ञापन में कहा गया है कि दक्षिणांचल तहसील के गठन के लिए बिल्हौर तहसील के गांवों को विभाजित किया जा रहा है, जिससे बिल्हौर की आम जनता को किसी प्रकार का कोई लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि विभाजन से आम जनमानस को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

नई तहसील के मुद्दे के साथ ही तमाम अलग-अलग बिंदुओं को लेकर अधिवक्ताओं के दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा और खुला विरोध जताया। इस दौरान मुख्य रूप से बिल्हौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रावेश यादव, महामंत्री शिव शरण तिवारी, लॉयर्स एसोसिएशन के महामंत्री जनार्दन सिंह यादव के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता शुशांक मिश्रा, नितिन कटियार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

पतारा ब्लाक के प्रधान भी जता चुके विरोध

पिछले दिनों प्रदेश शासन की ओर से बिल्हौर तहसील की राजस्व ग्रामवार भौगोलिक स्थिति मांगी गई थी। बिल्हौर एसडीएम रश्मि लांबा ने शासन को पूरी रिपोर्ट भेज दी थी। इसी के बाद विधायक एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कानपुर दक्षिण तहसील बनाने की चर्चा छेड़ी तो यह मामला राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना। इसी के बाद नई तहसील के गठन का मामला प्रकाश में आया। चर्चा है कि बिल्हौर तहसील के 144 राजस्व गांव काटकर नई तहसील में शामिल किए जाएंगे। नई तहसील के सृजन का मामला सामने आने के बाद जहां बिल्हौर तहसील के अधिवक्ता लामबंद हैं, वहीं सोमवार को पतारा ब्लाक में जिला पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों ने बैठक कर विरोध जताया था। प्रधानों ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात करने का फैसला लिया है।

सार-संक्षेप

ईवीएम की विश्वसनीयता के लिए गांव-गांव पहुंचा प्रचार वाहन। अमृत विचार

वीवीपैट की टेस्टिंग के लिए लोगों ने डाले वोट

बिल्हौर। ईवीएम वीवीपैट की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में लोगों को जागरूक किया गया। राजस्व निरीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि वीवीपैट के साथ उन्होंने दो दर्जन गांवों का भ्रमण किया, जिसमें चार से पांच सौ लोगों ने वोट डालकर ईवीएम की विश्वसनीयता को परखा। ईवीएम पर राजनीतिक पार्टियों की ओर से सवाल खड़े किए जाने पर निर्वाचन आयोग की ओर से गांव-गांव जागरूकता फैलाने के लिए वैन भेजी जा रही है। इस मौके पर लेखपाल जितेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार भी मौजूद रहे।

नर्वल डायट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। अमृत विचार

पुण्यतिथि पर याद किए गए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

सरसौल। नर्वल के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानमें मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। प्राचार्य और प्रवक्ताओं ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रवक्ता संतोष सरोज ने राष्ट्रपिता के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी अतीत ही नहीं बल्कि भविष्य भी हैं। गांधी जी सत्य, अहिंसा और मानवता के संवाहक थे और सभी धर्मों का आदर करते थे, इसीलिए उनके आवाहन पर स्वतंत्रता आंदोलन में लाखों लोगों ने भाग लिया। 1948 में 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। इस दिन उन सभी शहीदों को भी याद किया जाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। आज बापू की वजह से ही हम सब आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। गांधी जी के असाधारण व्यक्तित्व और साधनापूर्ण जीवन ने सिर्फ भारत को ही नहीं, बल्कि समूचे विश्व को सत्य ,शांति ,अहिंसा और सद्भाव का मार्ग दिखाया।

सपा नेताओं ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। अमृत विचार

नाली बंद करने से सड़क पर भरा गंदा पानी, कैसे निकालें

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार: अरौल थाना क्षेत्र के गूजेपुर गांव में कुछ दबंग लोगों ने नाली के पानी का निकास बंद कर दिया। इस कारण गलियों में लैट्रिन और नालियों का पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों की ओर से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से बार-बार शिकायत करने के बाद समस्या जस की तस बनी हुई है।

मंगलवार को तहसील पहुंचे क्षेत्र के गूजेपुर गांव के लगभग चार दर्जन लोगों ने तहसीलदार से शिकायत करते हुए बताया कि उनके घरों की नालियों का पानी का निकास गांव के कुछ दबंग परिवारों द्वारा बंद कर दिया गया। उनका कहना है कि अपने दरबाजे के सामने से वह गंदा पानी नहीं निकलने देंगे।इस कारण बीते कई माह से गलियों में ही शौचालय व नाली का गंदा व बदबूदार पानी भरा हुआ। जिससे लोगों को घरों में रहना दूभर हो गया है और आने जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है तथा बीमारियों के फैसले का भी भय बना हुआ है।

गूजेपुर गांव के रास्ते पर भरा गंदा पानी। अमृत विचार

समस्या को ग्रामीणों के द्वारा खंड विकास अधिकारी, एसडीएम, तहसील दिवस में और विधायक से भी शिकायत की जा चुकी है किंतु आज तक तमाम आदेशों और आश्वासनों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ।

घर से रुपये समेट चली गई किशोरी

घाटमपुर। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी घर से रुपये समेटने के बाद अपने दोस्त के साथ चली गई। मां ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बेटी को बरामद करने और दोस्त को गिरफ्तार करने की मांग की है।

महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी 25 जनवरी को दोपहर में घर में अकेली थी। वह अपने पति के साथ खेत गई थी। उसी दौरान सजेती क्षेत्र के बांध गांव का श्यामजी उर्फ मंझले उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। है। बेटी घर में रखे पांच हजार रुपये भी ले गई है। बेटी को 23 जनवरी को एक मोबाइल के साथ पकड़ा था। यह मोबाइल श्याम जी ने ही दिया था। महिला ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी श्यामजी उर्फ मंझले के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए बेटी को बरामद करने की गुहार लगाई है। चौकी इंचार्ज आशीष सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच की जा रही है।

बारात बैठी रही, प्रेमी संग चली गई दुल्हन

संवाददाता, चौबेपुर

- बारातियों के नाश्ते के बाद चल रही थी अगवानी की तैयारी

अमृत विचार: क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की रात आई बारात बिना दुल्हन के ही वापस लौट गई। जनवासे में बारातियों के स्वागत और नाश्ते के बाद अगवानी की तैयारी चल रही थी। इसी बीच पता चला कि ब्यूटी पार्लर जाने के बहाने दुल्हन अपने प्रेमी के साथ निकल गई। जब यह मामला सामने आया तो दुल्हन पक्ष के साथ दूल्हा पक्ष को भी सांप सूंघ गया। खोजबीन के बाद भी दुल्हन का कोई पता नहीं चलने पर बारात लौट गई।

पड़ोसी कानपुर देहात जनपद के एक गांव से सोमवार की रात चौबेपुर क्षेत्र के एक गांव में बारात आई थी। बताया जाता है कि बारात आने के बाद जनवासे में बारातियों के स्वागत-सत्कार के साथ जलपान आदि के बाद आगवानी की तैयारी चल रही थी। दूल्हा भी उत्साह से लबरेज था और बाराती मौज-मस्ती के साथ अगवानी में नाचने-झूमने के लिए तैयार हो रहे थे। हर तरफ खुशी और उत्साह का माहौल था।

जनवासे में अगवानी की तैयारियों के बीच खबर पहुंची कि दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। वह सजने-संवरने के बहाने घर से ब्यूटी पार्लर के लिए निकली थी। वहां से मौका पाकर वह अपने प्रेमी के साथ निकल गई। दुल्हन के गायब होने की खबर से हड़कंप मच गया। दुल्हन ही नहीं, दूल्हा के परिजनों और नाते-रिश्तेदारों के होश उड़ गए। पहले तो बाराती खरी-खोटी सुनाते रहे, फिर हताश होकर दूल्हे के साथ सभी बाराती रात में ही वापस लौट गए। थाना प्रभारी संजय पांडेय का कहना है कि उन्हें ऐसे मामले की कोई जानकारी नहीं है।

परास की रामलीला में लक्ष्मण-परशुराम संवाद में गूंजते रहे जयकारे। अमृत विचार

जनक विलाप सुन आंखें हुई नम

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के परास गांव में धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें राम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। रामलीला का मंचन देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। रामलीला में जनक का विलाप सुनकर लोगों की आंखें भर आईं। रामलीला का उद्घाटन सभासद गुड्डू पंडित ने किया।

परास में दो दिवसीय रामलीला के पहले दिन धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया। पुष्प वाटिका, रावण-बाणासुर संवाद के बाद जनक का विलाप सुनकर लोगों की आंखें नम हो गईं। विश्वामित्र के साथ पहुंचे प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण ने रंग मंच पर उत्साह भर दिया। प्रभु राम ने धनुष तोड़कर राजा जनक की प्रतिज्ञा पूरी की। धनुष टूटते ही दर्शकों ने फूलों की वर्षा की। सीता ने श्री राम को वरमाला पहनाई तो महिलाओं ने मंगल गीत गाए।

धनुष भंग होने के बाद परशुराम आए। लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने दर्शकों में जोश भर दिया। सुबह देर तक चले लक्ष्मण-परशुराम संवाद के दौरान परशुराम तो कभी लखन लाल के जयकारे गूंजते रहे। यहां रिंकू शर्मा, अभिनव अवस्थी, राहुल, बउआ शास्त्री आदि मौजूद रहे।

महिला ने लगाया गाली देने का आरोप

घाटमपुर। पतारा चौकी के रघुनाथपुर गांव की रीती पत्नी पिन्टू ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के कुछ लोगों ने शराब के नशे में उसके साथ गालीगलौज की और विरोध करने पर मारा-पीटा।

महिला का कहना है कि मंगलवार की शाम करीब चार बजे संजय, उसका भाई कालिया और बेटा आजाद शराब के नशे में बिना किसी कारण उसके पति पिन्टू, बेटे शिवशान को लाठी-डंडा से मारा-पीटा और विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी दी। गालीगलौज किया और कहा कि कहीं शिकायत की तो पूरे परिवार को मार देंगे। उसने चिकित्सीय परीक्षण कराकर रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि प्रार्थना पत्र मिला है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को जांच के लिए लगाया गया है।

पातेपुर को हरा जयपुर फाइनल में

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: पुरंदर गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में मंगलवार को जयपुर और पातेपुर की टीमों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें जयपुर की टीम ने पातेपुर को तीन विकेट से हराकर फाइनल में जगह सुरक्षित कर ली। अब बुधवार को डेरापुर और जयपुर की टीमों के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा।

जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच जयपुर बनाम पातेपुर के मध्य खेला गया, जिसमें जयपुर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। पातेपुर टीम की ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 124 रन बनाए, जिसमें जीशान ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए 65 रन का योगदान दिया। अन्य खिलाड़ी टीम के लिए अधिक रन नहीं जोड़ पाए। जवाब में जयपुर टीम के खिलाड़ी एसएस मीणा ने शानदार पारी खेलते हुए 57 बनाकर टीम को विजय दिलाई और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया।

मंगलवार को पातेपुर और जयपुर के बीच मुकाबला हुआ। अमृत विचार

- जयपुर के बल्लेबाज एसएस मीणा मैन ऑफ द मैच बने
- जयपुर और डेरापुर की टीमों के बीच फाइनल मैच आज

क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख स्वतंत्र पासवान, वीरेंद्र सिंह राजावत, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, गौरव तिवारी ने विजेता टीम के खिलाड़ी को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। कमेंट्री उत्तम संखवार व मधुर सिंह चौहान ने की। अंपायर के रूप में सोनू सिंह भदौरिया व राधा किशन ने भूमिका निभाई। इस मौके पर राघवेंद्र सिंह भदौरिया, बीके तिवारी, पंकज तिवारी, कमेटी के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह राजावत उर्फ विकास, केशव सिंह परमार, भारत बाजपेई, अंकित सिंह परमार, जितेंद्र सिंह उर्फ मखखल सिंह, अवधेश संखवार, कंचन सिंह परमार, राजकुमार, अभिषेक सिंह परमार, पूतन रावत, प्रदीप मास्टर, गोपाल सिंह सेंगर, अभय सिंह आदि मौजूद रहे।

बूथ मजबूत करने से ही जीतेंगे लोकसभा चुनाव

संवाददाता, भीतरगांव

- कुड़नी में समाजवादी पीडीए पखवाड़ा के तहत जन पंचायत

अमृत विचार: बिठूर विधानसभा क्षेत्र के भीतरगांव ब्लॉक के कुड़नी में मंगलवार को समाजवादी पीडीए पखवाड़ा के तहत जन पंचायत हुई, जिसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ की मजबूरी पर जोर दिया गया। कहा गया कि बूथ की मजबूती से चुनाव जीता जा सकता है, इस लिहाज से सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए अभी से डट जाएं।

जन पंचायत के दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरी जिम्मेदारी के साथ अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ जिताने के लिए अभी से रणनीति बनाने की अपील की। सपा ग्रामीण इकाई के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ला ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता भाजपा से ऊब चुकी है और विकल्प के रूप में सपा की ओर देख रही है। हर कार्यकर्ता को जनता के बीच रहकर समर्थन हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। जन पंचायत में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी ग्रामीण इकाई के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह यादव, बिठूर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष केके कुशवाहा, देवेंद्र भूषण अवस्थी, सर्वेश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष तेजू यादव, राष्ट्रीय सचिव शुभम यादव, राजू यादव प्रधान, नीरज यादव प्रधान, राघवेंद्र प्रधान, रमाकांत पाल प्रधान, कैलाश दिवाकर, माधव यादव, भूरा नेता, रामराज कुशवाहा, इश्तियाक अहमद सहित पार्टी के नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धर्म-अध्यात्म सरांय छीतम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य ने सुनाया गोवर्धन पूजा का प्रसंग

धर्म ही मानव जीवन के सुख का आधार

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार: धर्म ही मानव जीवन के सुख और शांति का मूल है। जब भी मानव जीवन में सुख और शांति का अनुभव करता है, वह उसके धर्म का ही फल होता है। धर्म का मुख्य फल मोक्ष है। संसार में बिना धर्म के मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं है। भागवत कथा सुनने से मनुष्य को सभी तरह के कष्टों से छुटकारा मिलता है। यह बातें मंगलवार को क्षेत्र के सरांय छीतम गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य पं. विष्णुकांत त्रिवेदी ने कहीं। इस दौरान उन्होंने गोवर्धन पूजा का रोचक प्रसंग सुनाया।

श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन आचार्य पं. विष्णुकांत त्रिवेदी ने गोवर्धन पूजा की कथा सुनाते हुए बताया कि एक बार देवराज इंद्र द्वारा शुरू की गई मूसलाधार बारिश से बृजवासी परेशान हो उठे। तमाम पूजा-अर्चना के बावजूद बारिश नहीं थमी, तो भगवान श्री कृष्ण ने आखिर इंद्र का घमंड चूर करने और बृजवासियों की रक्षा के लिए अपनी दिव्य शक्ति से विशाल गोवर्धन पर्वत को छोटी अंगुली से उठा लिया। उसी दिन से गोवर्धन पूजा आरंभ हुई। इस दिन लोग अपने घरों के बाहर दरवाजे पर गाय के गोबर से गोवर्धन बनाकर उसकी पूजा करते हैं।

भागवत कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुईं महिलाएं। अमृत विचार

- भागवत कथा सुनने के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़
- भजनों पर तालियां बजाते हुए झूमते रहे श्रद्धालु


कथा सुनाते पं. विष्णुकांत त्रिवेदी।

कथा श्रवण के लिए दिन-ब-दिन यहां भक्तों की भीड़ बढ़ रही है। कार्यक्रम के संयोजक शैलेंद्र शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुभव शुक्ला व समाजसेवी अतुल दुबे 'मामा' ने भी भागवत कथा का श्रवण कर भगवान की आरती में हिस्सा लिया और आचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया।

युवक ने फांसी लगा दे दी जान

कानपुर। सेन पश्चिमपारा थाना क्षेत्र के बुधेड़ा गांव के रहने वाले एक युवक ने मंगलवार को फांसी लगाकर जान दे दी।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से फतेहपुर जनपद के मलवां थाना क्षेत्र के भदबा गांव निवासी 25 वर्षीय राजकुमार अपनी बहन के यहां बुधेड़ा गांव में रहता था।वह बेनी पुरवा स्थित अजय तिवारी के मुर्गी फार्म में दिन के समय काम करता था।मंगलवार सुबह राजकुमार ने बहन रानी से रुपये मांगे।बहन के मना करने पर वह मुर्गी फार्म चला गया।वही पर गले मे रस्सी का फंदा डाल कर जान दे दी।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था।तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

मां का श्रृंगार कर निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: श्री शक्ति डिग्री कॉलेज सांखाहारी में आदि शक्ति मां के मंदिर का 16वां स्थापना महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्राओं ने फूलों से सजाकर देवी मां का श्रृंगार किया। छात्र-छात्राओं ने मां की आरती करने के साथ भजन गाए और फिर जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक और प्रबंध तंत्र के साथ गांव के लोग भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के संस्थापक और बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्व निदेशक रमेश चंद्र त्रिवेदी ने महाविद्यालय की स्थापना को शक्ति मां का आशीर्वाद बताया। महाविद्यालय के प्रबंधक एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा कानपुर प्रांत के कोषाध्यक्ष विनय त्रिवेदी ने कहा कि देवी मां छात्र-छात्राओं पर हमेशा अपनी कृपा बनाए रखती हैं। सभी छात्राएं मां श्री शक्ति का ही अंश हैं। सभी छात्र-छात्राएं देवी मां के इस मंदिर में बिना किसी भेदभाव के पूजा करते हैं। छात्राओं के लिए हवन यज्ञ आदि कर्मकांड योग्य आचार्य द्वारा सिखाया जाता है।

श्री शक्ति डिग्री कॉलेज में आदि शक्ति का 16वां स्थापना महोत्सव मनाया गया।

प्रबंधक ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही महिलाओं का विशिष्ट स्थान रहा है। प्राचीन काल में गार्गी, आपला जैसी महान विदुषी महिलाएं हुई हैं। भारतीय समाज में सीता-राम, राधे-श्याम, लक्ष्मी-नारायण, उमा-कांत जैसे नाम मातृशक्ति का पर्याय हैं। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी, विपिन मिश्रा, रामकिशोर मिश्रा, डॉ. प्रणव शुक्ला, डॉ. जयकिशोर, शिवशरण वर्मा, मनोज सोनकर, राजकुमार शर्मा, राऊनंदन विद्यार्थी, ज्योत्सना अवस्थी, श्यामजी शुक्ला, सुभाष सिंह, महेंद्र सिंह, सत्येंद्र कुमार अग्निहोत्री के साथ धर्मेंद्र निषाद, शिवभोला सिंह, सत्यम, राहुल, यासिनी, प्रियंका, स्वाती, हिमांशु, अनामिका, अर्पित, एंजेल सचान, आस्था तिवारी, आशीष आदि रहे।

जमीन के विवाद में चचेरे भाइयों ने युवक को पीटकर मार डाला

रिश्तों का कत्ल: एक बीघा जमीन को लेकर चल रहा था विवाद, दो हिरासत में

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। माखी थाना क्षेत्र में एक गांव में जमीन के विवाद में हुई कहासुनी के बाद चचेरे भाइयों में मारपीट हो गई। इसके बाद भाई ने अपने दो बेटे व पत्नी के साथ मिलकर युवक पर लाठी-डंडों व ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने नामजद दो आरोपियों को हिरासत में भी लिया है।

सर्वेश कुमार।

माखी थानाक्षेत्र के रुपऊ गांव के मजरा मर्दन खेड़ा निवासी सर्वेश कुमार (28) पुत्र सुरेश लोधी मजदूरी करता था। उसके पिता का अपने भाई रामू से पैतृक जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा है। बीते सोमवार सर्वेश रुपऊ बजार गया था। रात करीब आठ बजे खरीददारी कर घर लौटते समय घर के पास चचेरे भाई मन्ना ने पत्नी सीमा व बेटों अमित व अंकित के साथ मिलकर उसे रोक लिया और गालीगलौज करने लगे। सर्वेश के विरोध करने पर सभी ने उस पर लाठी-डंडों व ईंट-पत्थर से हत्या के इरादे से वार कर दिये। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर परिजन पहुंचे और उसे घायल हालत में निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के करीब डेढ़ घटा बाद पुलिस पहुंची और जांच की। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें उसके शरीर में आधा दर्जन से अधिक गंभीर चोटें मिली। इसमें सिर की दो चोटें गंभीर होने से मौत होने की पुष्टि हुई है। बेटे की मौत से मां सुमन व भाई चंदन व पत्नी गुडिया बेहाल हैं। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि युवक के पिता की तहरीर पर मन्ना, उसकी पत्नी सीमा व दो बेटों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मन्ना व उसके बेटे अमित को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि जमीनी विवाद में हुई मारपीट में युवक की मौत हुई है। सभी की गिरफ्तारी के पुलिस टीम लगी है।

पोस्टमार्टम हाउस में बिलखते परिजन। अमृत विचार

एक बीघा जमीन के लिए हुई हत्या

सर्वेश की मां सुमन ने बताया कि करीब 10 साल पहले ससुर बाबू ने मन्ना के पिता रामू के नाम पैत्रक संपत्ति में एक बीघा जमीन लिख दी थी। तभी से विवाद की शुरुआत हुई थी। इसके बाद बीते माह सास लीला की मौत हो गई। इसके बाद जेठ रामू ने अपने बेटों के साथ मिलकर बची एक बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया था। जिसका विरोध करने पर विवाद और बढ़ गया था।

पहले भी हो चुका था विवाद

ग्रामीण बताते हैं कि विवाद सन-2015 से चला आ रहा है। इसे लेकर पहले भी रामू व उसके बेटो ने घर में घुसकर मारपीट की थी। इसकी शिकायत दिवंगत की मां ने महिला आयोग तक से की थी। तब मामला शांत हो गया था। लेकिन दोनों पक्षों में तनातनी बनी थी। सूत्र बताते हैं कि घटना के पीछे कई अन्य कारण भी हैं।

स्कूल गया छात्र हुआ लापता, गुमशुदगी दर्ज

सोहरामऊ उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल का 14 वर्षीय छात्र संदिग्ध हालात में लापता हो गया। घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन पता नहीं चला। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बच्चे की तलाश में जुटी है।

छात्र अतुल।

बजेहरा गांव के मजरा हिनौरा निवासी विकासचंद्र यादव का 14 वर्षीय बेटा अतुल सोहरामऊ थाने के सामने स्थित पंचशिला इंटर नेशनल स्कूल में कक्षा सात का छात्र है। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते सोमवार बेटे की स्कूल बस छूट गई थी। इस पर वह उसे स्कूल छोड़कर आया था। लेकिन छुट्टी के काफी समय बाद भी बेटा घर नहीं लौटा तो उसने स्कूल जाकर पता किया। लेकिन बेटे का कुछ पता नहीं चला। मंगलवार सुबह उसने स्कूल पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज देखा तो बेटे के स्कूल जाने के फुटेज दिखे लेकिन उसके बाहर निकलने के फुटेज नहीं दिखे। इसके बाद पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने चौराहे पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। लेकिन अभी तक बच्चे के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

बगैर केवाईसी के वाहनों को टोल प्लाजा से नहीं मिलेगी हरी झंडी

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

अमृत विचार। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए 'वन व्हीकल वन फास्टटैग' की पहल की है। जिसमें एक वाहन पर एक ही फास्टटैग मान्य होगा। वह केवाईसी के माध्यम से अपडेट होना चाहिए। ऐसा न होने पर फास्टटैग 31 जनवरी के बाद बैंकों द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

एनएचएआई की नई गाइड लाइन के मुताबिक एक्सप्रेस-वे व नेशनल हाईवे पर चलने वाले वाहनों पर लगे फास्टटैग को 31 जनवरी की रात 12 बजे तक नो योर कस्टमर (केवाईसी) के माध्यम से अपडेट करना होगा। जिससे टोल प्लाजा पर निर्बाध आवाजाही प्रदान की जा सके। 1 फरवरी से टोल से वही वाहन निकल सकेंगे जिनका फास्टटैग पर केवाईसी अपडेट है। जिनका फास्टटैग अपडेट नहीं होगा उन्हें बैंक ब्लैक लिस्ट कर देगी। हालांकि अपडेट बाद में भी किया जा सकता है। लेकिन फास्टटैग जब तक अपडेट नहीं होगा तब तक नगद भुगतान करके ही जाना होगा। इस संबंध में टोल प्लाजा मैनेजर एएस चौहान ने बताया कि एक फास्टटैग से कई वाहन निकालने वाले चालकों के द्वारा फास्टटैग जानबूझकर वाहन की विंडस्क्रीन पर नहीं लगाया जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है और वाहन सवारों को असुविधा होती है। नवाबगंज टोल प्लाजा से रोजाना 18 से 20 हजार वाहन गुजरते हैं। जिनसे करीब 42 लाख रुपये का टोल वसूला जाता है। जिसमें फास्टटैग से 95 प्रतिशत टोल की वसूली की जाती है।

लखनऊ-कानपुर हाईवे पर नवाबगंज स्थित टोल प्लाजा। अमृत विचार

नए वाहन स्वामियों को होगी दिक्कत

एनएचएआई के इस नियम ने नए वाहन स्वामियों को उलझन में डाल दिया है। क्योंकि फास्टटैग प्रदाता कंपनियां नए वाहन की श्रेणी के हिसाब से मोबाईल नंबर से ही फास्टटैग जारी कर देती हैं। क्योंकि उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ होता है।

वाहन और फास्टटैग एक ही व्यक्ति के नाम हो

हाइवे पर चलने वाले ज्यादातर वाहन ऐसे हैं जिनका वाहन किसी और के नाम है और फास्टटैग किसी और के नाम। वह भी मोबाईल नंबर से जारी हुआ है। इसे लेकर टोल मैनेजर ने कहा कि नए नियम के अनुसार फास्टटैग लेने वाले व्यक्ति का केवाईसी अपडेट होना चाहिए और गाड़ी भी उसके नाम होनी चाहिए। शुरू में छूट रहेगी कि गाड़ी भले ही किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर हो लेकिन जो व्यक्ति फास्ट टैग जारी कर रहा है उसका केवाईसी होना जरूरी है। आगे चलकर यह अनिवार्य कर दिया जाएगा कि वाहन का फास्टटैग व केवाईसी का डाटा एक हो।

घरेलू कलह में दो युवकों ने फांसी लगाई

- बांगरमऊ में पत्नी से विवाद के बाद फंदे से लटका पति
- मौरावां में परिजनों से लड़कर युवक ने लगाई फांसी

संवाददाता गंजमुरादाबाद/पुरवा

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली व मौरावां थानांतर्गत दो युवकों ने घरेलू विवाद के बाद फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर संबंधित थानों की पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटनाओं के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है।

मनोज।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बहलोलपुर गांव निवासी 35 वर्षीय मनोज कश्यप पुत्र शंभूदयाल गृह कलह के चलते बीती सोमवार देररात घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में मफलर का फंदा बनाकर पंखे से लटक गया। कमरे में पहुंचे परिजनों ने उसे फंदे से उतारा और सीएचसी बांगरमऊ लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पर परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। दिवंगत युवक दिल्ली में रहकर टैक्सी चलाता था। वह करीब दो माह पहले ही घर लौटा था। बताते हैं कि मनोज का अपनी पत्नी दिव्या से विवाद चल रहा था। इसके बाद पत्नी एक बेटी के साथ मायके में रह रही है। जबकि एक बेटा आदी उसके साथ रहता है।

केस 01

मौरावां थानांतर्गत गांव मवई निवासी तिरपन लोधी का 22 वर्षीय बेटा धीरज अमृतसर में मजदूरी करता था। तीन दिन पहले वह गांव लौटा था। शराब का लती होने के कारण परिजन नाराज रहते थे। बीती रात करीब आठ बजे नशे में होने से किसी बात को लेकर उसका घर में विवाद हो गया। इसके बाद उसने कमरे की छत में लगे कुंडे में रस्सी से लटककर आत्महत्या कर ली। मां कुआरा बेटे को लटका देख बिलख उठी। ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता ने बताया कि वह दो भाईयों में छोटा था। बड़ा बेटा पप्पू सूरत में नौकरी करता है। घटना की जानकारी पर वह घर लौट रहा है।

केस 02

पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन खड़े परिजन।। अमृत विचार

आबकारी की 26 दुकानों में 17 का लाटरी से चयन

उन्नाव। आबकारी विभाग ने मंगलवार को 2024-25 के लिए प्रथम चरण की ई-लाटरी में 26 दुकानों का चयन होना था। इनमें से कुल 17 दुकानों के लिए आवेदन आए। विभागीय अधिकारी की देखरेख में सभी 17 दुकानों का चयन किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी करुणेंद्र सिंह ने बताया कि जिले की 26 देशी, अंग्रेजी शराब व बीयर दुकानों का प्रथम चरण में ई-लाटरी के तहत चयन किया जाना था। इनमें से 17 दुकानों के आवेदन आए थे। इन सभी दुकानों का ई-लाटरी के तहत चयन किया गया है। चयनित हुई दुकानों में बड़ा चौराहा, बाबूगंज, गंगा बैराज गरेरेपुरवा, बाबाखेड़ा, बाबूगंज 23665 बी, डकौली, देवगांव, शीतलगंज, भदनांग, भगवानखेड़ा, नगर रंजीतखेड़ा, गोशा कुतुब, सचानकोट, भरतखेड़ा मोड़, स्टेशन रोड, जवाहर नगर, जाजामऊ शामिल हैं। बचीं दुकानों का बाद में होगा।

बापू की अहिंसा की ताकत को पूरी दुनिया ने माना

- पुण्यतिथि पर गांधी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर लोगों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर शिक्षण संस्थाओं सहित अन्य स्थानों पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बापू ने अहिंसा की ताकत का न सिर्फ देश, बल्कि दुनिया को भी एहसास कराया।

शहर स्थित गांधी चबूतरा पर स्थानीय निवासियों ने परंपरागत ढंग से कार्यक्रम आयोजित किए। सभी ने यहां स्थापित राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। वहीं पन्नालाल पार्क में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वालों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। यहां न सिर्फ राजनीतिक दलों के लोगों, बल्कि सामाजिक, कर्मचारी व स्वैच्छिक संगठनों के लोग भी श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। राजनीतिक दलों व कार्यकर्ताओं ने संगठन के साथ निजी कार्यालयों में श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित कीं। शहर के मोतीनगर मोहल्ला स्थित विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि मनी। विद्यालय के प्रबंधक नवीन भारतीय ने मां सरस्वती के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया।

प्रधानाचार्य रत्ना पांडेय ने बताया कि बापू ने अहिंसा के पथ पर चलते हुए न सिर्फ देश को एकजुट किया था, बल्कि सभी को स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सेदारी के लिए भी समर्पित भाव से सक्रिय किया। जिससे अंग्रेजों को देश को स्वतंत्र करने को मजबूर होना पड़ा। इस मौके पर विद्यालय के कार्यालय प्रमुख रजी, सिराज, श्रीकांत, कल्पना व प्रमिला आदि ने भी राष्ट्रपिता का स्मरण कराते हुए सभी से उनके जीवन दर्शन पर अमल करने की नसीहत दी। इसी तरह कई अन्य विद्यालयों में भी बापू की पुण्यतिथि मनाई गई।

सार-संक्षेप

जेनरेटर को चालू करतीं पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय। अमृत विचार

पंप हाउस को मिला नया जेनरेटर

शुक्लागंज उन्नाव। आदर्श नगर मोहल्ले में लो वोल्टेज होने के कारण पालिका का बना पंप हाउस सही ढंग से नहीं चल पा रहा था। जिससे क्षेत्रीय लोगों को पानी की किल्लत हो रही थी। जिसे देखते पालिकाध्यक्ष ने पंप हाउस के लिए नया जनरेटर मंगवाया है। जिससे अब लोगों को भरपूर पानी मिल सकेगा। आदर्श नगर में बने पालिका के पंप हाउस से आदर्श नगर, आंशिक कंचन नगर, जगनी खेड़ा, सर्वोदय नगर मोहल्ले को जलापूर्ति की जाती थी, विद्युत आपूर्ति होने के दौरान ही पंप हाउस चल पाता था। वहीं क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या भी थी, जिस कारण क्षेत्रीय लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता था। लोगों की समस्या और क्षेत्रीय सभासद उर्मिला गौतम की मांग पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने पंप हाउस में मंगलवार को नया जेनरेटर मंगवाया। जिससे क्षेत्र के लोगों को अब बिना बिजली के आने पर भी भरपूर पानी मिल सकेगा। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष पति संदीप पांडे, ऋषभ व अन्य लोग मौजूद रहे।

हादसे में बाइक सवार घायल

आसीवन। थानाक्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर कस्बा मियागंज बाजार के पास बांगरमऊ निवासी जमील अहमद किसी काम से लखनऊ जा रहा था। अभी वह लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर मियागंज के पास ही पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसको मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया है।

सभासद ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

बांगरमऊ। नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या-19 के सभासद राहुल शुक्ला ने मंगलवार को नगर पालिकाध्यक्ष रामजी गुप्ता को ज्ञापन देकर वार्ड के लखनऊ मार्ग डिवाइडर पर लगे 35 विद्युत पोल पर नई तिरंगा लाइट व तितली लगवाने की मांग की है। पालिकाध्यक्ष ने आतिशीघ्र विद्युत पोल पर तिरंगा लाइट व तितली लगवाने का आश्वासन दिया है।

गंगा में फिर दिखा मगरमच्छ लोगों में मचा हड़कंप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। कानपुर के घाटों पर मगरमच्छ की चहलकदमी देखने को मिल रही है। ऐसे में शुक्लागंज के घाटों पर भी मगरमच्छ आ सकता है। जिससे रेती में खेती करने वाले किसानों में हड़कंप मचा है।

वर्ष 2022 में सितंबर माह में बाढ़ आने के कारण मगरमच्छों का झुंड गंगा में दिखाई पड़ा था। जिसे देखते हुए एसडीएम ने मिश्रा कॉलोनी से लेकर नमामि गंगे घाट तक मगरमच्छ से बचाव को लेकर चेतावनी बोर्ड लगाए थे। वहीं एक बार फिर कानपुर के घाटों में मगरमच्छ की चहलकदमी देखने को मिल रहा है। मगरमच्छ की चहलकदमी से रेती में खेती करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

ब्लैक स्पॉट के लिए बनी कार्ययोजना

उन्नाव। जिले में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों पर गंभीर डीएम अर्पूर्वा दुबे के निर्देश पर अफसरों ने दुर्घटना बहुल इलाकों को चिह्नित किया था। अब प्रस्तावित कार्यों की रूप रेखा तैयार हो गई है। इसके लिए कैट आई, साइनेज बोर्ड, स्पीड टेबल व अन्य कार्य कराए जाएंगे। इनमें पुरवा मोड़ पर 2.16 लाख, मिर्री चौराहा पर 2.82 लाख की अनुमानित धनराशि खर्च होगी।

चौकीदार को घसीटती ले गई कार, मौत

- लोगों ने शोर मचाया तो कार छोड़ भागा चालक, अस्पताल में डाक्टर ने मृत घोषित किया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अचलगंज थाना क्षेत्र में उन्नाव-लालगंज हाईवे पर खरीदारी कर पैदल लौट रहे ईंट भट्ठा के चौकीदार को तेज रफ्तार कार टक्कर मारते हुए करीब 200 मीटर घसीटती ले गई। यह देख लोगों ने शोर मचाया तो चालक कार छोड़कर भाग निकला। साथी मजदूर उसे अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बिहार राज्य के नेवादा जिला के पकरी वरमा, दुमरावा गांव निवासी प्रभु (52) बंधू मांझी अचलगंज थानाक्षेत्र के मुगुलपुर स्थित एक ईंट भट्ठे में कई वर्षों से चौकीदार था। वह भट्ठे पर ही रहता था। मंगलवार सुबह खरीददारी कर कोरारी मोड़ से वह पैदल लौट रहा था। सुबह करीब 10 बजे भट्ठे से कुछ दूर उन्नाव-लालगंज हाईवे पर अचलगंज से उन्नाव जा रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद वह कार में फंस गया और चालक भागने की फिराक में उसे करीब 200 मीटर तक घसीट ले गया। आसपास खड़े लोगों ने शोर मचाया तो चालक कार वहीं खड़ी कर भाग निकला। सूचना पर साथी मजदूर पहुंचे और उसे कार से निकाल कर अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने मृत बता दिया।

छत से गिरकर छह साल का बच्चा घायल

आसीवन। थानाक्षेत्र के गांव आवागोझा निवासी रामजी का छह वर्षीय बेटा देवांश छत पर खेल रहा था। तभी अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन उसे मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

क्लासीफाइड

NOTICE

I have changed my name from Faizan to Faizan Ali. In future, I should be known and known as Faizan Ali. Faizan Ali, son of Samsad, resident of village Awasthi Kheda, Jogikot police station, Behta Mujawar tehsil Bangarmau district, Unnao.

सूचना

मैने अपने भाई सुदामा पुत्र घासीराम के चाल चलन ठीक न होने व आये दिन लोगों से मारपीट करने से संबध विच्छेद कर लिया है। मै अपनी पत्नी व बच्चों के साथ अलग रहता हूं। भाई सुदामा की ओर से किये गये किसी भी अच्छे बुरे कार्य से उसका व उसके परिवार का कोई वास्ता नहीं है। **अर्जुन उर्फ कन्हैया पुत्र घासीराम निवासी ग्राम सांड़ा थाना ठठिया जिला कन्नौज।**

सूचना

सिकन्दरा थाना में दर्ज अपराध संख्या 181/23 का अभियुक्त ग्राम डुबकी निवासी अशोक कटियार पुत्र कुंज बिहारी लगातार फरार चल रहा है। जिसके सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार बिन्द ने बताया कि उक्त अभियुक्त के विरुद्ध 01.12.2023 को गिरफ्तारी अधि0 मा0 न्यायालय से जारी कराया गया। बराबर दबिश देने के बावजूद अभियुक्त गिरफ्तारी से छिप रहा है। 21.12.2023 को 82 सीआरपीसी की नोटिस मा0 न्यायालय से निर्गत करायी गयी। जिसे 04.01.2024 को समक्ष गवाहान अभियुक्त के दरवाजे पर चस्पा कर हस्ताक्षर कराये गये। तथा ग्राम के चौकीदार से मुनादी/डुगडुगी करायी गयी इसके बावजूद अभियुक्त मा0 न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा है। और पुलिस की गिरफ्तारी से बच रहा है। जिस कारण अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही धारा 174ए आईपीसी का अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है।

प्रभारी निरीक्षक
थाना सिकन्दरा, कानपुर देहात

डर | कुशालखेड़ा गांव के जंगलों में वन विभाग के अधिकारियों की खोजबीन

चरवाहों ने देखी जंगली जानवर की चहलकदमी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली के कटहा दलनारायणपुर ग्रामसभा के कुशाल खेड़ा गांव में रविवार दोपहर गांव की रहने वाली एक किशोरी ने मवेशी को चराने के दौरान जंगलों में जंगली जानवर की चहलकदमी देखी थी। इस खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसे उन्नाव डीएफओ ने संज्ञान में लिया और मंगलवार को वन अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां आसपास खेतों और जंगलों में जाकर जानवरों के पैरों के निशान ढूंढे व कांबिंग भी की।

कुशाल खेड़ा गांव निवासी शिवांगी ने बताया कि रविवार दोपहर गांव के बाहर सरैयां निवासी अनूप के यूके लिप्टस के बाग के पास मवेशी चरा रही थी। इसी बीच झाड़ियों में खड़े एक जंगली जानवर को देखा था। जिसका उसने वीडियो बनाकर सोशल साइट पर वायरल किया था। वहीं देररात भी जानवर ने एक व्यक्ति को दौड़ा लिया था। जिस पर दो दर्जन से अधिक लोग रात के समय लाठी डंडा लेकर जंगलों की ओर पहुंचे थे। इधर डीएफओ ईशा तिवारी के निर्देश पर क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रेमशंकर तिवारी, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेंद्र सिंह, बीट प्रभारी अनुज कुमार भी जंगल पहुंचे। जहां काफी दूर तक छानबीन कर कांबिंग की लेकिन, जानवर का पता नहीं चल सका। इधर फत्तेखेड़ा गांव निवासी रमेश ने बताया कि खेतों में जंगली जानवर के पैरों के निशान देखने के साथ ही उन्होंने खुद भी जानवर को देखा है। जिस पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। इस दौरान उन्होंने बताया कि तेंदुआ नहीं है, हां यह जरूर है कि लकड़बग्घा या लोमड़ी हो सकती है। लकड़बग्घा के होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। बताया कि यदि लकड़बग्घा होता तो किसी जानवर का शिकार करता। ऐसा नहीं पाया गया है। वहीं वन अधिकारियों ने बताया कि रात के समय भी गांव और आस पास के जंगलों में कांबिंग करेंगे।

कुशाल खेड़ा के जंगल में कांबिंग करते वन विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

- वन अधिकारियों ने गांव व आसपास के जंगलों में की कांबिंग

जानवर की जानकारी देता रमेश।

आयुष की बेजोड़ पारी, फाइनल में शिवाइन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। डीसीए द्वारा आयोजित रजनींद्र दीक्षित अंडर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट लीग के दूसरे सेमी फाइनल में शिवा इन की टीम ने प्रतिद्वंद्वी शिवा फर्नीचर को पराजित कर फाइनल मुकाबला खेलना तय करा लिया।

टास शिवा इन होटल के कप्तान आयुष ने जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। शिवा फर्नीचर टीम निर्धारित 30 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 186 रन का स्कोर खड़ा कर सकी। टीम के कप्तान प्रियांशु ने आठ चौके लगाते हुए 45 रन की बेहतरीन पारी खेली। इसके अलावा शुभ राजपूत व अंकित ने भी टीम के स्कोर में क्रमशः 35 और 28 रन जोड़े। शिवा इन की ओर से आयुष जायसवाल व अविनाश ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। जवाब में बैटिंग करने उतरी शिवा इन की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद पांच विकेट पर जीत हासिल कर ली और फाइनल में अपना स्थान तय करवा लिया। टीम के लिए सूरज त्रिपाठी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चार चौकों की सहायता से 47 रन बनाए। वहीं अर्जुन पलई ने 33 रन की बेहतरीन पारी खेली। कप्तान आयुष जायसवाल ने 42 रन की पारी खेलते हुए टीम प्रबंधन से वाहवाही प्राप्त की। शिवा फर्नीचर की ओर से गाजी और अभिषेक ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। मैच के पश्चात पूर्व क्रिकेटर डीसी जैन ने आयुष जायसवाल को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में मुख्य रूप से अभिषेक श्रीवास्तव शंकर, ओम मिश्रा, नवीन सिन्हा सुभाष त्रिवेदी, सुनिल मिश्रा, मुकेश वाजपेयी व मंसूर खान आदि मौजूद रहे। अंपायर की भूमिका में पीयूष मिश्रा और शिशिर रहे, जबकि स्कोरिंग आरके वर्मा ने की। डीसीए सचिव पीके मिश्र ने बताया कि गुरुवार को फाइनल मुकाबला मुस्कान इंटरप्राइजेज व होटल शिवा इन के बीच खेला जाएगा।

विजेता टीम के साथ मौजूद आयोजक। अमृत विचार

63 प्रत्याशियों की हारजीत मतपेटियों में बंद

बार एसोसिएशन के मतदान में 88 फीसदी वकीलों ने डाले वोट , दोपहर बाद बढ़ी वोटिंग, मतगणना आज

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए मंगलवार को जमकर वोटिंग हुई। 88 फीसदी से अधिक अधिवक्ताओं ने अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट किया। सुबह नौ से शाम पांच बजे तक मतदान के बाद मत पेटियों को सील कर रखवाया गया। बुधवार को मतों की गिनती की जाएगी।

बार एसोसिएशन स्थित पुस्तकालय में मंगलवार सुबह नौ बजे से मतदान शुरू हुआ। एल्डर कमेटी के पदाधिकारियों व चुनाव अधिकारियों की देखरेख में शुरू हुए मतदान में सुबह वोटरों की खासी मौजूदगी रही। इसके बाद दोपहर करीब एक बजे से मतदाताओं की संख्या में तेजी से बढ़ना शुरू हुई। जिससे तीनों बूथों कतार लग गई। शाम तीन बजे तक 60 फीसदी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। मतदान की समाप्ति तक यह प्रतिशत बढ़कर 88.13 तक पहुंच गया। 1559 मतदाताओं में 1374 ने वोट डाले। वहीं वोटिंग के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान न हो इसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मतदान सम्पन्न कराने में एल्डर कमेटी उन्नाव के चेयरमैन बीके बाजपेई, चुनाव अधिकारी प्रकाश कुमार निगम, सदस्य जयराम सिंह, हरिशंकर सिंह चौहान, सहायक चुनाव अधिकारी विजय कुमार शुक्ला मौजूद रहे।

वोट डालने आए पूर्व विधायक। अमृत विचार

चुनाव के दौरान मौजूद फोर्स। अमृत विचार

- गहमागहमी के बीच हुआ मतदान, सुरक्षा की दृष्टि से वोटिंग के दौरान तैनात रहा फोर्स

आखिरी समय तक मांगे गए वोट

चुनाव के लिए वैसे तो प्रत्याशी महीनों से एड़ी चोटी का जोर लगाए थे। लेकिन मतदान के दिन भी वे और उनके समर्थक वोट डालने जा रहे अधिवक्ताओं से आशीर्वाद मांगते दिखे। हालांकि मतदाता भी सभी को आश्वासन देते देखे गए।

किसके सिर सजेगा ताज

बार चुनाव को लेकर हुई जमकर वोटिंग के बाद अब आगामी बार एसोसिएशन उन्नाव का अध्यक्ष व महामंत्री के अलावा अन्य पदों पर किसका चयन होगा यह बुधवार को तय होगा। साथ ही किसके सिर पर जीत का ताज सजेगा यह फैसला भी हो जाएगा।

गुरुग्रंथ साहिब के सामने की अरदास

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा में परंपरागत ढंग से गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर लंगर आयोजित हुआ। सदर विधायक पंकज गुप्ता व पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा सहित विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी गुरुद्वारा पहुंचकर गुरुग्रंथ साहिब के सामने माथा नवाया।

गुरुद्वारा साहिब में मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू होगा। सभी सबसे पहले गुरुग्रंथ साहिब के सामने सिर झुकाते हुए अरदास लगाते। इसके बाद कोई जहां उत्तराखंड से आए रागी भाई कुलवंत सिंह, लखनऊ से पधारे दिनेश सिंह, कानपुर के मनोज सिंह व शहर के शुभम सिंह ने शबद कीर्तन सुनाकर सभी को निहाल किया।

कानपुर लाल बंगला के प्रधान रंजीत सिंह, हरजीत सिंह, हरिसिमरन सिंह व तरनजीत सिंह ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने गुरुद्वारा पहुंचकर गुरुग्रंथ साहिब को माथा नवाया। साथ ही रागी जत्थों की ओर से प्रस्तुत शबद कीर्तन भी सुना। इसी तरह पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा के अलावा अन्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इससे पहले सुबह तड़के से ही गुरुद्वारा परिसर में सभी को चाय उपलब्ध कराई जाती रही, जबकि कुछ समय बाद कटलेट्स आदि भी तैयार हो गए। दोपहर से लंगर का आयोजन शुरू हुआ, जो शाम तक जारी रहा।

गुरुद्वारा हाल में सजा हुआ गुरुग्रंथ साहिब का का दिव्य दरबार।

शबद कीर्तन सुनते सदर विधायक सहित अन्य श्रद्धालु। अमृत विचार

भूमि कब्जे की जांच कर टीम ने तैयार की रिपोर्ट

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जा हो गया। सितंबर माह में जिला पंचायत अध्यक्ष के पत्र से इसकी जानकारी हुई। जिस पर विभाग की ओर से कब्जेदारों को नोटिस दी गई। एक कब्जेदार ने हाईकोर्ट में रिट दायर करते हुए दावा किया कि उसने पट्टे की जमीन पर मकान बनवाया है। जिस पर हाईकोर्ट ने जबाव मांगा। मंगलवार को पीडब्ल्यूडी और राजस्व कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जांच पड़ताल कर रिपोर्ट तैयार की है।

23 सितंबर को जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड उन्नाव को पत्र लिखते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमि के बारे में जानकारी दें। जिस पर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन ने बताया कि शुक्लागंज में दस बीघे जमीन कब्जा हैं। तीन माह बीतने के बाद भी विभाग ने जमीन को चिन्हांकन नहीं कराया था। 12 दिसंबर को चालीस कब्जेदारों को नोटिस जारी की। नोटिस मिलने से कब्जेदारों में हड़कंप मच गया था। आजाद नगर बाजार रोड पर रहने वाले भगवानदीन के बेटे इंदल ने हाईकोर्ट में रिट दायर करते हुए दावा किया था कि उन्होंने पट्टे की जमीन पर अपना मकान बना रखा है। जो सही है और पीडब्ल्यूडी की जमीन पर नहीं बना है। हाईकोर्ट ने लोक निर्माण विभाग से जबाव मांगा। जिस पर मंगलवार को विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर अवर अभियंता रामप्रकाश, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय लेखपाल मनोज यादव की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने नक्से के मुताबिक जांच पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने बताया कि रिट दायर करने वाले का मकान भूमि संख्या 285 में बना हुआ है। यह नंबर लोक निर्माण विभाग के नाम से दर्ज है। ऐसे में रिट दायर करने वाले का मकान अवैध बना हुआ है। इसकी रिपोर्ट तैयार कर हाईकोर्ट में दाखिल किया जाएगा। वहीं जेई ने बताया कि जिन लोगों को नोटिस दी गई थी। ऐसे कब्जेदारों से जल्द कब्जामुक्त कराया जाएगा।

आजाद नगर बाजार रोड पर जांच करती टीम। अमृत विचार

इन लोगों ने कर रखा है कब्जा

पीडब्ल्यूडी जमीन पर रमेश भारती, वीरेन्द्र शुक्ला निवासी हरदोई, सुनील, सुनीता वर्मा, अनीता वर्मा, विनोद वर्मा, सुभाष बाजपेई, अस्थाई नर्सरी, एक गेस्ट हाउस, जलबहाव क्षेत्र, धोबी घाट, सरकारी पंचायत घर, 10 प्रतिशत अंशिक आबादी, फिरोज अहमद, हाजी शमसुलइस्लाम, मुहसिन, अकील अहमद, मो0 नईम, सुशीला कुमारी, नन्हकू, लाल बहादुर व मनोज ने कब्जा कर रखा है।

गेस्ट हाउस समेत बने हैं कई मकान

पीडब्ल्यूडी की जमीन फोरलेन के किनारे होने के कारण उस जमीन पर एक गेस्ट हाउस समेत कई आलीशान मकान बने हैं। जिन्हें हटाने में विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी।

इन गाटा संख्या पर है कब्जा

विभाग ने बताया कि 181 घ, 182 घ, 183, 184घ, 185ग, 206ग, 267ग, 268क, 271क, 272क, 283ख, 285, 286, 287, 288ख, 306 गाटा संख्या पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है।

कब्र से निकाला गया नवविवाहिता का शव

संवाददाता, आसीवन-उन्नाव

अमृत विचार। चार माह पूर्व आसीवन क्षेत्र में एक नव विवाहिता की पानी में डूबकर मौत हुई थी। श्वाश नली में अवरोध से युवती की मौत की बात सामने आई थी। पिता रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हुए और बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगा हाईकोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट ने डीएम को शव खुदवा कर दोबारा पोस्टमार्टम के आदेश दिए थे। मंगलवार को एसडीएम सफीपुर व सीओ की मौजूदगी में कब्र खुदवाकर शव पोस्टमार्टम भेजा गया।

आसीवन थानाक्षेत्र के खरगौरा गांव निवासी रामबाबू पुत्र भगौती ने 28 अप्रैल-2023 को बेटी सुनीता देवी उर्फ रीता की शादी सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बरहाली गांव निवासी शुभम के साथ की थी। शादी के बाद से ससुरालीजन बेटी को दहेज के लिये प्रताड़ित करते थे। बीती 16 सितंबर की शाम पति शुभम पत्नी के साथ गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अतरी गांव रिश्तेदारी में गया था। वहां से लौटते समय मवेशी की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर अतरी पुल के नीचे गिर गयी। पानी अधिक होने से सुनीता की डूबकर मौत हो गई थी। जबकि, शुभम बाहर निकल आया।

17 सितंबर को पीएम रिपोर्ट में श्वास नली में अवरोध से मौत होने की पुष्टि हुई। लेकिन पिता को संदेह था कि पहले पति ने उसकी बेटी को साजिशन जहर खिलाया फिर पानी में डूबने की कहानी बनाई है।

शव निकाले जाने के दौरान मौजूद अधिकारी।

सार-संक्षेप

300 हज यात्रियों पर चयनित होंगे एक हाजी सेवक

उन्नाव। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आकांक्षा दुबे ने बताया कि लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस के माध्यम से साउदी अरब में खादिमुल हुज्जाज (हाजी सेवक) के तौर पर अपना चयन कराने के लिए पात्र व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया ने सर्कुलर-चार जारी कर दिया है। आवेदन के लिए सरकारी स्थाई नियुक्त कर्मचारी ही अर्ह होंगे। संबंधित प्रपत्र को हज कमेटी की वेबसाइट पर डाउनलोड कर 15 फरवरी तक चयन कराने के लिए आवेदन किया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक 300 हज यात्रियों पर एक हाजी सेवक चयनित किया जाएगा। इसके लिए महिलाएं भी आवेदन की पात्र हैं। आवेदन करने वाले महिला-पुरुष की आयु 31 मार्च-24 को 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक का पासपोर्ट कंप्यूटर पर पठनीय होना चाहिए। साथ ही 15 फरवरी-24 या इससे पूर्व जारी किया गया हो। साथ ही पासपोर्ट की वैधता 31 जनवरी-25 तक होनी चाहिए। सरकारी विभागों व सरकारी क्षेत्र के अधीनस्थ पब्लिक सेक्टर में कार्यरत स्थाई कर्मचारी ही आवेदन के पात्र हैं। आउट सोर्सिंग, अंशकालिक, संविदा व तदर्थ रूप में कार्यरत कर्मचारी आवेदन के लिए पात्र नहीं माने जाएंगे। साथ ही आवेदक दो बार से अधिक अपनी सेवाएं न सका हो और 2023 की हज यात्रा में उसने सेवा न प्रदान की हो।

गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने गाई रामधुन

शुक्लागंज उन्नाव। नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से मंगलवार को गंगाघाट कोतवाली के बाहर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। जहां कार्यकर्ता रामधुन गाते हुए पोनी रोड से राजधानी मार्ग होते हुए नमामि गंगे तक कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला। जिला सचिव पुत्तीलाल वर्मा ने कहा कि आज ही के दिन महात्मा गांधी ने अपने प्राणों की आहुति दी। महासचिव जयपाल साहू ने कहा देश में बाटो और राज करो कि नीति चल रही है। अंग्रेजों की तरह फूट डालो राज करो कि राजनीति फल फूल रही है। देश में जब तक पढ़े-लिखे लोग बेरोजगार रहेंगे तब तक विकसित भारत की कल्पना करना भी मुश्किल है। महासचिव रवि शंकर गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी जी का सपना था कि भारत देश खुशहाल हो किंतु आनलाइन से आज दुकानदार परेशान है। इस मौके पर रामकिशोर पाल, मुन्ना सोनी, शुभी सिंह, संजय सिंह, राजन, बउवा सोनी, दूधनाथ वर्मा, दयाशंकर शुक्ल, रवि गुप्ता, गौरव आदि मौजूद रहे।

अग्निपीड़ित परिवार को भेजी मदद

परियर। सदर तहसील क्षेत्र के परियर गांव निवासी अजय बीते शनिवार शाम पांच बजे सब्जी मंडी में थे, तभी उसकी फूस की झोपड़ी में आग लग गई थी। जिससे झोपड़ी में रखी नगदी सहित अनाज, कपड़े, खटिया समेत करीब 30 हजार का सामान जलकर राख हो गया था। मंगलवार को पूर्व सांसद व सपा से उन्नाव लोकसभा की प्रत्याशी अनु टंडन ने राहत सामग्री व कपड़े आदि पीड़ित परिवार को भेजी। राहत सामग्री मिलने पर परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली और पूर्व सांसद का आभार जताया।

सभासदों व पालिका कर्मियों ने ली कुष्ठ उन्मूलन की शपथ

शुक्लागंज उन्नाव। डीएम के निर्देश पर मंगलवार को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत नगर पालिका गंगाघाट में पालिका कर्मियों और सभासदों को पालिकाध्यक्ष कुष्ठ रोग को नष्ट करने की शपथ दिलाई। मंगलवार को पालिका में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने पालिका कर्मियों और सभासदों को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सभी को शपथ दिलाई। जहां सभी ने कहा कि मैं यह भी शपथ शपथ लेता हूं कि विकलांग युक्त कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति को किसी भेदभाव से नहीं देखूंगा और भरपूर मदद करूंगा। सरकार द्वारा उनको मिलने वाली विकलांगता प्रमाण पत्र तथा पेंशन राशि इत्यादि दिलवाने में भी उनकी मदद करूंगा। मैं कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति के साथ सामाजिक भेदभाव के रोकथाम के लिए सदा प्रयत्नशील रहूंगा। इस मौके पर संदीप पांडे, अनूप शुक्ला, राजेश गुप्ता, लालता प्रसाद, सुरेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

रेलवे क्रासिंग का बैलेंसिंग लोहा चोरी

शुक्लागंज उन्नाव। बैराज मार्ग पर बनने वाले आरओबी को लेकर नई क्रासिंग बनाई गई है। नई क्रासिंग में कार्यरत वायर मैन योगेन्द्र ने बताया कि क्रासिंग के गेटबूम में बैलेंस के लिए लगा लगभग 50 से 60 किलो का लोहा चोर चुरा ले गए हैं। खास बात यह है कि नई क्रासिंग से महज दूरी पर पुरानी क्रासिंग बनी हुई है। इसके बावजूद गेटमैन की चोरी के दौरान उस पर नजर तक नहीं पड़ी।

सामग्री के अभाव में लटका नई क्रासिंग का निर्माण काम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के ऊपर ओवरब्रिज बनाया जा रहा है। वाहनों के अधिक भार के चलते आए दिन क्रासिंग पर जाम लग रहा है। जिसे देखते हुए बगल में दूसरी क्रासिंग बनाई गई हैं। रेलवे विभाग की ओर से सामग्री न मुहैया होने के कारण क्रासिंग का काम अधर में लटका है।

बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर पुरानी क्रासिंग को हटाकर नई क्रासिंग चालू की जायेगी। जिसकी कवायद चालू हैं। हाल ही में फैजाबाद और लखनऊ से टीम बुलाई गई है। जो बचे कार्य को अंतिम रूप देने का काम कर रही हैं लेकिन टीम को रेलवे विभाग की ओर से सामग्री नहीं मुहैया कराई जा रही है। जिस कारण नई रेलवे क्रासिंग का कार्य पिछड़ रहा है। फिटर हृदय शर्मा और वायरमैन योगेन्द्र ने बताया कि रेलवे विभाग क्रासिंग की फिटिंग से संबंधित सामग्री उपलब्ध नहीं करा पा रहा।

मरम्मत कार्य करते कर्मचारी।

कानपुर से शुक्लागंज तक तीन घंटे का जाम, कराहे लोग

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। मंगलवार सुबह कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा जो स्कूली छात्र-छात्राएं घरों से निकले, नवीन पुल पर फंस गए। वाहनों का भार बढ़ने से जाम बढ़ता गया। इस दौरान एक के बाद एक ई बसें निकली। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। भीषण जाम देख गंगाघाट कोतवाली प्रभारी घंटों मशक्कत करते रहे। इसके बावजूद वाहन सवार रेंगते निकले और जाम फोरलेन तक लगा रहा।

सुबह नौ बजे स्कूली बच्चों के अलावा कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोग अपने-अपने वाहनों से निकले। इधर बालूघाट से नवीन पुल का मार्ग संकरा होने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। वहीं कानपुर की ओर कैंट आरओबी पर भीषण जाम लग गया। जिस कारण शुक्लागंज की ओर से जाने वाले लोगों ने आड़े तिरछे अपने वाहन लगा दिये। जिससे जाम लगना शुरू हो गया और कुछ ही देर में भीषण जाम लग गया। जाम में दोपहिया, टेंपो, ई रिक्शा, लोडर, साइकिल, चौपहिया के अलावा अन्य वाहनों की कतार लग गई। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। कानपुर कैंट आरओबी, नवीन पुल, बालूघाट मोड़ से लेकर फोरलेन तक दोहरी, तीहरी लाइनों में वाहनों की कतारें लग गई। भीषण जाम देख गंगाघाट पुलिस पहुंची। जहां पुलिस ने बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन रेंगे। जाम से छात्र-छात्राओं के अलावा ड्यूटी जाने वाले लोग फंसे रहे।

पीक आवर में नवीन पुल पर लगा जाम। अमृत विचार

डायवर्जन से लगा जाम पैदल चलना मुश्किल

पुरवा। दही-मोहनलालगंज मार्ग पर डायवर्जन होने से ट्रकों व डंपरों की अत्यधिक आवाजाही जारी है। सुबह से रात तक वाहनों की लाइनें लगी रहती हैं। जिससे पैदल सड़क पार करना मुश्किल हो रहा है। मंगलवार दोपहर पौने दो बजे मिर्री चौराहा पर सोहरामऊ मार्ग व पाटन रोड पर ट्रक मुड़ने को लेकर करीब 40 मिनट तक डेढ़ किमी जाम लग गया। नगर के बस स्टेशन, मिर्री चौराहा पर सुबह से शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। मंगलवार को नगर के बस स्टेशन व मिर्री चौराहा पर अत्याधिक वाहनों के आवागमन से जाम की स्थिति बन गई। जिससे राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ा। सोहरामऊ मार्ग से आए वाहन के उन्नाव रोड़ पर मुड़ते समय करीब 40 मिनट तक करीब एक किमी जाम रहा।

खुशहाल जीवन | मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिले की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में हुआ आयोजन

462 जोड़े विवाह बंधन में बंधे, मिला उपहार-आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिले की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में 462 जोड़ों ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। मंगलवार को सदर क्षेत्र में 54, भगवंतनगर में 42, पुरवा में 63, मोहान में 67, सफीपुर में 57 व बांगरमऊ में 179 जोड़ों का विवाह धूमधाम के साथ हुआ। इस दौरान विधायकों, अन्य जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद व उपहार के साथ शुभकामनाएं दी

सदर विधानसभा क्षेत्र में सामूहिक विवाह का आयोजन सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक परिसर में किया गया। इसमें 54 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। उन्हें सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिका उन्नाव चेयरमैन स्वेता मिश्रा, सीडीओ ऋषिराज, समाज कल्याण अधिकारी नीलम सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। पुरवा संवाददाता के अनुसार, विकासखंड परिसर में चारों ब्लाकों पुरवा, हिलौली, असोहा व बिछिया के 63 जोड़ों का विवाह विधिविधान के साथ हुआ। विधायक अनिल सिंह ने आर्शीवाद व बधाई देते हुए योगी सरकार की योजनाओं को गिनाया और नव दंपत्तियों को सरकार की ओर से दी जाने सामग्री व प्रमाणपत्र दिये। कार्यक्रम में हिलौली प्रमुख दिलीप दीक्षित, ब्लाक प्रमुख सतीश चौधरी पुरवा, असोहा ब्लाक प्रमुख आन्नद गुप्ता, बिछिया ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता, बीडीओ पुरवा डा. संतोष श्रीवास्तव, बीडीओ हिलौली डा. विकास शुक्ला, भाजपा जिलामंत्री डा. रजनीश वर्मा व मधुसूदन पांडेय रहे। गंजमुरादाबाद संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र के गांव कलवारी स्थित ललिते अम्बे लान में विधानसभा क्षेत्र के 179 जोड़ों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। इसमें क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविन्द सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रावेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह, पुत्तीलाल गौतम, प्रमेश चौधरी, कैलाश शुक्ला, नीरज तिवारी, मनोज सिंह व बांगरमऊ, फतेहपुर चौरासी व गंजमुरादाबाद ब्लॉकों के अधिकारी-कर्मचारी आदि शामिल हुए। सफीपुर संवाददाता के अनुसार, विकासखंड परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें स्थानीय ब्लाक व मियागंज, हैदराबाद से 58 जोड़े शामिल हुए। मुख्य अतिथि विधायक बंबालाल दिवाकर ने पहुंचकर नव विवाहित जोड़ों को उपहार देकर आशीर्वाद दिया। ब्लाक परिसर में हुए कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने विधायक बंबालाल दिवाकर को पुष्प भेंटकर स्वागत किया। विधायक ने जोड़ों को 35 हजार रुपये की चेक व विवाह प्रमाणपत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य को कामना की। इस दौरान खंड विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, एसडीएम नवीन चंद्र, एडीओ पंचायत छोटेलाल, सचिव सर्वेश दीक्षित, जयकांत, लेखाकार धर्मेंद्र कुमार, प्रधान प्रतिनिधि अनूप सिंह लल्ले, लकी रावत, प्रवीण रावत, विनोद मिश्रा, अभिज्ञान तिवारी, दिलीप मिश्रा, अशोक बाजपेई, हुकुम चंद, विनीत तिवारी, राधाकृष्णन, प्रदीप सिंह पप्पू, रामखुशी राजपूत, भाजपा नेता राजू चौहान, लल्ला तिवारी, नीरज कुशवाहा, आशीष कनौजिया आदि रहे। मोहान विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रामसिंह लालता सिंह इंटर कालेज छोटा खेड़ा में विधायक बृजेश रावत ने जोड़ों को आर्शीवाद व शादी के प्रमाणपत्र वितरित किए।


नव दंपति को प्रमाणपत्र देते विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

- जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर नवजीवन की दी शुभकामनाएं

दलित व अल्पसंख्यकों के लिए लगातार प्रयास होगा : बाबू सिंह

संवाददाता, बांगरमऊ-उन्नाव

अमृत विचार। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में संपूर्ण भागीदारी यात्रा नगर के नानामऊ तिराहे पर पहुंची। यहां पार्टी के पदाधिकारियों ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी, और सबको शिक्षा एक समान-गरीब हो या धनवान जैसे नारे जब तक चरितार्थ नहीं होते तब तक जन अधिकार पार्टी संघर्ष करती रहेगी। कहा कि आजादी के 76 वर्षों के बाद भी पिछड़ा दलित व अल्पसंख्यक समाज अपने हिस्से से वंचित है। यह समाज राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक सभी क्षेत्रों में अत्यंत पिछड़ा है। भारत की आजादी के 45 वर्ष बाद मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू होने से पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण तो मिला लेकिन, अब तक की सरकारों ने आरक्षण को येन केन प्रकारेण रोकने का काम किया। जो आरक्षण मिला भी उसे भी विभिन्न तरीकों से समाप्त किया जा रहा है। कहा कि जन अधिकार पार्टी जातिगत जनगणना कराने व उसके आधार पर धन-धरती और राजपाट में सबको हक व हिस्सा दिलाने तक संघर्ष जारी रखेगी। इस दौरान जंग बहादुर कुशवाहा, विजय पाल कुशवाहा प्रधान, राम नरेश कुशवाहा पूर्व चेयरमैन गंजमुरादाबाद, पप्पू कुशवाहा सभासद, अभय सैनी रहे।

यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते बाबू सिंह कुशवाहा।। अमृत विचार

- जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री संपूर्ण भागीदारी यात्रा लेकर पहुंचे

प्रवृत्तवाक् विचित्रकथ ऊहवान् प्रतिभानवान्।
आशु ग्रन्थस्य वक्ता च य: स पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति बोलने की कला में निपुण हो जिसकी वाणी लोगों को आकर्षित करे, जो किसी भी ग्रंथ की मूल बातों को शीघ्र ग्रहण करके बता सकता हो, जो तर्क-वितर्क में निपुण हो, वही ज्ञानी है।

संपादकीय

प्रतिस्पर्धी वैश्विक राजनीति

भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता तेज हो गई है और सत्ता व रसूख के लिए संघर्ष नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। चीन का एक मात्र लक्ष्य एक एशियाई ताकत के रूप में अपने रुतबे को और अधिक बढ़ाना, हिंद महासागर के विशाल संसाधनों तक अपनी पहुंच बनाना, भारत की घेराबंदी करना, संचार की महत्वपूर्ण समुद्री लाइनों को सुरक्षित करना और विशेष रूप से शिनजियांग और तिब्बत जैसे अपने अस्थिर क्षेत्रों में आर्थिक विकास की शुरुआत करना है। जबकि भारत वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से 'वैश्विक दक्षिण'का नेतृत्व करने और विश्व राजनीति में प्रमुख हितधारक बनने के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। पड़ोस में जटिलताओं से उसके प्रयासों में बाधा आ रही है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय व्यवस्था में रणनीतिक वर्चस्व के लिए भारत और चीन होड़ करते रहे हैं और सीमा विवादों में उलझे रहते हैं। हालांकि, अपने तमाम मतभेदों के बावजूद दोनों देशों ने अतीत में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सहयोग भी किया है। वास्तव में वैश्विक राजनीति एक प्रतिस्पर्धी खेल है। ऐसे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर का यह कहना महत्वपूर्ण है कि चीन भारत के पड़ोसी देशों को प्रभावित करेगा और भारत को ऐसी 'प्रतिस्पर्धी राजनीति' से नहीं डरना चाहिए। एक प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के नाते, चीन संसाधनों का इस्तेमाल करके चीजों को अपने तरीके से आकार देने की कोशिश करेगा।

भारत ने अतीत में वैश्विक उथल-पुथल का सामना अच्छी तरह से किया है। फिर भी दक्षिण एशिया में राजनीतिक रूप से भारत विरोधी शासनों का उदय चिंता की बात है। भारत और मालदीव के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि हर देश के पड़ोस में समस्याएं हैं। हमारा काम अनुमान लगाना, आकलन करना और प्रतिक्रिया देना है। अंत में पड़ोसियों के एक-दूसरे के साथ संबंध रहते हैं। राजनीति और कूटनीति को परिभाषित करते हुए जयशंकर ने अहम बात कही कि राजनीति में तीखे रुख अपनाए जाते हैं और कूटनीति हमेशा उन तीखे रुख से नहीं चलती। आखिरकार, पड़ोसियों को एक-दूसरे की जरूरत होती है। इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता। इन हालात में आगे बढ़ने के लिए भारत को आर्थिक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए और सकारात्मक संबंधों के लिए अपने 'सॉफ्ट पावर' का उपयोग करना चाहिए। विकसित हो रहे दक्षिण एशियाई परिदृश्य में एक स्थिरताकारी शक्ति बनने के लिए रणनीतिक संचार, क्षेत्रीय मंचों में सक्रिय भागीदारी और दीर्घकालिक दृष्टिकोण भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बदल रही है भारतीय खेती

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है।

भारतीय खेती के पिछड़ेपन का मुख्य कारण भूमि सुधार संस्थागत सुधार और तकनीकी सुधारों में पिछड़ापन तो रहा ही,साथ में कभी उसको एक व्यवसाय के रूप में न देखकर मात्र आजीविका के रूप में देखने की सोच भी रही है। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान कृषि का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के आर्थिक हितों की पूर्ति करना था। हालांकि स्वतंत्रता पश्चात भारत ने कई कृषि सुधारों को लागू किया है। पचास और साठ के दशक के सुधार कृषि उत्पादकता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर केंद्रित थी। हरित क्रांति का उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों,आधुनिक कृषि तकनीकों और सिंचाई सुविधाओं की शुरूआत के माध्यम से कृषि उत्पादकता को बढ़ाना था। यह भारत को खाद्य अल्पता की स्थिति से आत्मनिर्भर राष्ट्र में बदलने में सफल रहा। सरकार ने भूमि हदबंदी कानूनों के माध्यम से भूमि के पुनर्वितरण के प्रयास किए जिसका उद्देश्य सामंती भूमि स्वामित्व प्रणाली को तोड़ना था। हालांकि उद्देश्य अच्छा था,परंतु कार्यान्वयन खराब होने के कारण विभिन्न राज्यों में इसका प्रभाव अलग-अलग रहा। 1990 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण और बढ़त निजीकरण के चलते कृषि नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। निर्यात बाधाएं हटी और किसानों को नकदी फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इससे जहां नए अवसर खुले,वहीं छोटे किसानों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता का भी सामना करना पड़ा। प्रौद्योगिकी में प्रगति से कृषि में नए रास्ते आए।

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत योगदान देती है। संस्थागत सुधारों के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा पिछले एक दशक में उठाए गए कदम महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लक्ष्य वर्ष 2024 तक 100 मिलियन हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई प्रदान करना है। नई नहरों एवं बांधों का

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है।

निर्माण,मौजूदा नहरों और बांधों का नवीनीकरण और आधुनिकीकरण,सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा भूजल पुनर्भरण किसानों का क्षमता निर्माण, इसके प्रमुख लक्ष्य हैं। मार्च 2023 तक इस योजना के अंतर्गत लगभग 30 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित की गई थी। परंपरागत कृषि विकास योजना किसानों को पारंपरिक कृषि के लिए प्रशिक्षण,इनपुट और सुनिश्चित खरीद गारंटी प्रदान करती है। स्वाभाविक रूप सुधारों से कृषि उपज में वृद्धि हुई है और उसके मार्केटिंग की समस्या भी किसानों के समक्ष आती है। सरकार भले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों की उपज खरीदती है,परंतु यह सिर्फ कुछ गिने-चुने फसलों के लिए है। कृषि उपज के विपणन, प्रसंस्करण,पैकेजिंग,ग्रेडिंग और निर्यात पर ध्यान न देने के कारण कृषि उपज बिक्री और निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। विश्व के कुल कृषि उपज निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 2.4 प्रतिशत ही है। सरकार ने फसल विविधीकरण पर जोर दिया,ताकि किसान गेहूं-धान-गन्ना जैसी चुनिंदा फसलों की खेती से आगे बढ़कर बागवानी,मछली पालन,दुग्ध उत्पादन जैसी आयपरक गतिविधियों में संलग्न हों। कृषकों को उनकी उपज का उचित एवं प्रतिस्पर्धी मूल्य दिलाने के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) की शुरुआत की गई है। इससे किसान बिना किसी बिचौलियों के अपनी उपज बेच रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) द्वारा संचालित ई-नाम किसानों को देशभर के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एकल मंच प्रदान करता है। इससे किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर और प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है और मूल्य में उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करने में भी सहायता मिलती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी रिसर्च के अनुसार ई-नाम के माध्यम से अपनी उपज बेचने वाले किसानों को पारंपरिक मंडियों की तुलना में औसतन 10 प्रतिशत अधिक मूल्य प्राप्त हुआ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार ई-नाम से कृषि वस्तुओं की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत अस्थिरता कम हो गई है। छोटे किसानों को बाजार व्यवस्था से जोड़ने के लिए सरकार 22 हजार ग्रामीण हाटों के बुनियादी ढांचे में सुधार कर उन्हें आधुनिक बना रही है।

उक्त सुधारात्मक प्रयासों के अतिरिक्त किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) का गठन छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। देश में छोटे और सीमांत किसानों की संख्या लगभग 12 करोड़ से अधिक हैं। यह कुल किसानों का लगभग 86 प्रतिशत हैं। इनकी कृषि जोत का औसत आकार 1.10 हेक्टेयर से कम है। इन किसानों को उत्पादन से जुड़े कार्यों और बाजार तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती है। एफपीओ द्वारा अपने सदस्य किसानो से फल-फूल, सब्जी, मछली आदि से संबंधित उपजों को खरीदकर सीधे कंपनियों को बेचा जाता है। सरकार ने वर्ष 2024 के अंत तक दस हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा है जिससे लगभग 30 लाख किसान लाभान्वित होंगे। नाबार्ड के अनुसार वर्ष 2020-22 के मध्य एफपीओ से जुड़े किसानों की कृषि उत्पादकता में 31.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एफपीओ के माध्यम से पिछले तीन-चार वर्षों में वाराणसी कृषि उपज के निर्यात का एक हब बनकर उभरा है। वर्ष 2022 में वाराणसी एयरपोर्ट से 541 मीट्रिक टन कृषि उपज का निर्यात किया था,जो गतवर्ष बढ़कर 655 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग 20 हजार किसान 50 एफपीओ से जुड़कर अपनी फसलों का निर्यात कर रहे है। स्पष्ट है सरकार बिचौलियों को हटाकर सीधे किसानों को निर्यातक बना रही है। राजस्थान के झुंझुनू जिले के लांबी अहीर गांव में एक एफपीओ ने अपने 300 सदस्यों के साथ 800 कुंतल सरसों की कटाई और बिक्री की है। यहां की महिला सरपंच नीरू यादव द्वारा संचालित एफपीओ ने 50 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है। किसानों का संगठन अब 5 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक कृषि-प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है। इतना ही नहीं लैंगिक समानता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस एफपीओ ने 150 महिला किसानों को उनके पुरुष समकक्षों के साथ इक्विटी धारकों के रूप में शामिल किया है। बिहार के बख्तियारपुर, एकंगरसराय, बाढ़ और हरनौत के लगभग 3273 किसानों ने एफपीओ के माध्यम से अपने सब्जियों को सीधे दिल्ली,नोएडा जैसे बड़े शहरों में बेचना शुरू कर दिया है। राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के एफपीओ और एफपीसी के छोटे-छोटे किसान अब बड़ी-बड़ी कंपनियों से आंखों में आंखें डालकर अपनी फसलों का सौदा तय करते हैं। यह आत्मविश्वास उन्होंने एफपीओ की सामूहिक शक्ति से पाया है।

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है। देश के 700 जिलों में से लगभग 256 जिलों में अत्यधिक भूजल दोहन के चलते भूजल स्तर बहुत नीचे जा चुका है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्वायल हेल्थ कार्ड योजना,परंपरागत कृषि विकास योजना, नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन आदि योजनाएं चलाई जा रही है। इन सब प्रयासों से भारत में जैविक उत्पादों का बाजार प्रति वर्ष 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अभी यह बाजार लगभग 1.20 लाख मिलियन रुपये का है। आज भारत में कुल 4.43 मिलियन हेक्टर में जैविक खेती की जा रही है, जो वैसे तो कुल कृषि क्षेत्रफल का दो प्रतिशत ही है,परंतु विश्व में इसका पांचवा स्थान है। जाहिर है भारतीय खेती अब तेजी से बदल रही है। खेती किसानी के सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए सरकार और खुद किसान दृढ़ संकल्पित हैं।

व्यंग्य

लात और हैसियत

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

किसी को लतिया देना,हमारी महान सभ्यता की गौरवशाली परंपरा है। आमतौर पर या तो हम किसी को लतियाते है या खुद लतियाये जाते हैं। यही भारतीय जीवन पद्धति है। हम हमेशा चाहते हैं कि जिसने कभी भूतकाल में हमसे ये सद्व्यवहार किया हो,मौका मिलते ही उसका कर्जा सूद समेत लौटा सकें। जब भी ऐसा कर पाते हैं हम,हल्के हो जाते हैं, खुशी मिलती है और लगता है कि धरती पर अभी न्याय बचा हुआ है। हालांकि पेट पर भी लात मारी ही जाती है,पर इस बाबत लोग कुछ ज्यादा ही बुरा मान जाते हैं। ऐसे मे इस काम के लिए पिछवाड़ा ज्यादा मुफीद जगह है। यदि आप किसी को लतियाना तय कर ही चुके हैं तो फिर सामने वाले के लात मारते वक्त किसी भी तरह का लिहाज करना ठीक नहीं। किसी को लतियाना,फिर उसे चींचीं करके हुए देखना परमानंद है।

वैसै किसी को लतिया देने के लिए हमारे पास कोई वाजिब कारण हो ही ये कतई जरूरी नहीं है। ये तो मन की मौज भर भी हो सकती है। पेट भरा है हमारा,करने को कुछ खास है नहीं, सामने कोई लाचार दिख गया है तो यह कार्य केवल मजे मजे के लिए भी किया जा सकता है। लतियाया गया आदमी यदि कमजोर है तो वो ऐसे व्यवहार से चौंकता नहीं। या तो उसे इसकी आदत होती है या वह आपसे ऐसा ही कुछ किए जाने की उम्मीद लेकर आया होता है। ऐसे लोगों को लतियाना कोई खास मजेदार नहीं होता। बहुत बार ऐसा करने के बाद उस पर दया करने की,उसे पुचकारने की इच्छा भी हो सकती है आपकी,जो कि घाटे का सौदा होती है। शातिर लोग तो खुद ही ऐसा माहौल बना देते हैं कि आप उन्हें लात मारे बिना रह न सके और बाद में वे पांव पकड़ कर अपनी बात मनवा लें।

हालांकि लतियाते वक्त ज्यादा सोचा विचारा नहीं जाता। फिर भी यदि सामने वाला बंदा आपसे हर लिहाज से कमजोर हो और निकट भविष्य मे भी उसके कमजोर ही बने रहने की उम्मीद हो तो ठीक रहता है। होता ये है कि जिस आदमी को लतिया दिए जाने की आदत नहीं होती वो शुरू-शुरू में इसका थोड़ा बहुत बुरा मान जाता है। उसका बुरा मानना जरूरी भी है ,वरना लतिया देने का सारा मजा ही किरकिरा हो सकता है। कमजोर को लतिया लीजिए पर नंगों से दूर रहिए। इसलिए क्यों नंगों से खुदा भी डरता है। नंगों का कोई भरोसा नहीं। खोने को कुछ होता नहीं उसके पास ऐसे में वो निडर हो जाता है,उससे उलझने में उल्टे बांस बरेली वाली नौबत आ सकती है। किसी को अकेले में लतियाना भी मजा कम कर देता है। जंगल में मोर नाचेगा तो कौन देखेगा? यह काम चार लोगों से सामने कीजिए। आपकी शोहरत में चार चांद लगेंगे इससे और देखने वाले बिना आपकी लात खाए आपको बड़ा और काम का आदमी मान लेंगे। यदि आप एक साथ पच्चीसों को लतिया सकते है तो यकीनन आपकी इज्जत तो बढ़नी ही है। इससे आपका लतियाना सामने वाले को भी शोहरत बख्श सकता है।

एक फायदा और है इससे। ऐसा करके आप अपनी औकात का भी अंदाजा लगा सकते हैं। लात और हैसियत का सीधा संबंध है। हमारे देश में हैसियत वाला ही लात मार सकता है और लात चलाने की हिम्मत रखने वाले के हैसियतदार हो जाने की पूरी गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। आपके लात मारने के बाद सामने वाला यदि आपकी कॉलर न पकड़े,आपके प्रति और अधिक आदर भाव से भर उठे तो इसका मतलब यही है कि आप हैसियत वाले हैं और जैसा कि आपको पता ही है हमारे यहां हैसियत वाले आदमी को ही इज्जतदार कहा जाता है। हालांकि ऐसा कम ही होता है,पर बहुत से कमजोर ऐसे ही खब्ती होते हैं,जो अपनी इज्जत की चिंता करते हैं। उन्हें लगता है कि उनके पास वही है जिसे बचाना जरूरी है। ऐसे में वो भी अपनी लातों का इस्तेमाल कर सकता है। जब भी ऐसा हो तो किसी को कानों कान खबर न होने दें। इसे अपने तक रखिए। सामने वाले से हाथ मिला लें और उस दिन का इंतजार करें जब वो बिल्कुल गाफिल हो और आप उसे दोबारा,पिछली बार से भी ज्यादा करारी लात मार सकें।

एक सवाल जो पूछा ही जाना चाहिए कि यदि किसी को लतिया देने का ख्याल आता कहां से है? आमतौर पर ये आता है कि भरी जेब से,जेब की गर्मी सीधे दिमाग पर असर करती है और ऐसे हर शख्स का मन अपनी लात इस्तेमाल करने के लिए कुलबुलाने लगता है। भरी जेब होने के बाद भी जो आदमी अपनी लात को काबू में रखे हमारे यहां तो लोग उसको रसूखदार मानने के लिए ही राजी नहीं होते। यदि आप ऐसा नहीं करते तो अब करके देखिए। अच्छा लगता है।

लोक संस्कृति का आधार है बोली

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है।

लोक संस्कृति सामान्य जन की संस्कृति है। सामान्य जन का जीवन बोली में ही व्यतीत होता है। इसलिए लोक संस्कृति अनिवार्य रूप से बोली में होती है। बालक को बोली के रस से पहला परिचय मां के द्वारा होता है। पहला बोल मां का होता है। अमृत एक मीठी कल्पना है,लेकिन मां का बोल वास्तविक है और वह इस कल्पना से अधिक मीठा है। बालक का पहला संस्कार "भाषिक संस्कार" होता है और यह संस्कार मां की लोरी से होता है "हलराबै दुलराइ मल्हाबै जोई सोई कछु गावै।" अपने बालक में मां अपने को भूल जाती है। अपने को भूलना ही तो आत्मप्रतीति है और रस का प्रतिपादन करते हुए आचार्य अभिनव कहते हैं यह आत्मप्रतीति ही रस है। मां बालक में खो जाती है और बालक मां के रूप में अपने को पा जाता है। यह बोली की रस प्रक्रिया है।

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है। फिर उसी बोली में दादी और नानी उसे कहानी सुनाती हैं, उसी बोली में जीजी पहेली पूछती है,उसी बोली में काकी गीत गाती है और मौसी कहनावत कहती है-ग्वाल-बाल सखा-मंडली उसी बोली में आंख-मिचौनी खेलती है। छठी से लेकर विवाह तक के संस्कार बोली के मांगलिक गीतों के संग होते हैं। देवी-देवताओं को बोली में मनाया जाता है,पति-पत्नी का प्यार बोली में ही छलकता है। प्यारी बोली में रूठ जाती है तो प्रियतम बोली में ही मनुहार करता है। इस परस्परता के भाव में बोली का रस अंतर्निहित है। बोली परिवार और समुदाय की जिंदगी के साथ जल से लहर की तरह जुड़ी होती है। हर सुख-दुख में बोली उसके साथ रहती है। वह प्रगाढ़ आत्मीयभाव कोई दुराव नहीं,कोई छिपाव नहीं,कोई औपचारिकता नहीं,अकृत्रिम सहज भाव हृदय की मुक्तावस्था आचार्य शुक्ल कहते हैं- इसी का नाम रसदशा है। हम कहीं परदेश में हों और वहां हमें किसी से अपनी बोली सुनने को मिल जाए तो जान-पहचान के अभाव में भी एक आत्मीय भाव जगता है,क्योंकि बोली अपने मूल रूप में समष्टि चित्त पर परिवेश का प्रतिबिंब है। बोली नैसर्गिक दाय है। बोली से विच्छिन्न होने का मतलब है, अपनी जड़ों से कट जाना।

शतकोटिजन के परिवेश में असंख्य भिन्नताएं हैं- कहीं पहाड़ है तो कहीं समुद्र है,कहीं जंगल हैं तो कहीं गांव है,कहीं झोपड़ी है तो कहीं बहुमंजिले महल हैं। सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक और सांस्कृतिक परिवेश की भिन्नताओं के कारण शतकोटिजन का संवाद विविधताओं का संवाद है। इस संवाद के अनेक स्तर हैं। इस संवाद की असंख्य शैलियां हैं और इस संवाद के विभिन्न रूप हैं। इसी कारण बोलियों में विविधता है। यह विविधता नैसर्गिक है और नैसर्गिक है इसलिए अपरिहार्य है। जैसे संवाद और परस्परता अन्योन्याश्रय है,वैसे ही संवाद और बोलियां भी अन्योन्याश्रय है। संवाद होता है तो बोलियां बनती है और बोलियां बनती हैं तो संवाद होता है। सामान्यजन का संवाद सामान्य से होता है, सामान्य के माध्यम से होता है, बोली में होता है। यही कारण है कि जब बुद्ध और महावीर सामान्यजन से संवाद करने निकले,तो पाली और प्राकृत में बोले।

कबीर को भाषा के 'सामान्य तत्व' की बड़ी गहरी पहचान थी,बोले-संसकिरत है कूप जल भाखा बहतानीर। विद्यापति ने जब 'देसिल बयना सब जन मिट्ठा का सूत्र दिया था,तब उन्होंने बोली के अभ्यंतर-संगीत को पहचान लिया था। कोई भी भाषा अपने मूलरूप में बोली ही होती है। विभिन्न बोलियां बोलने वाले जब परस्पर मिलते हैं तब उनके बोली तत्व भी परस्पर मिल जाते हैं। कोई भी बोली अपने जनपद में सीमित रहे, अन्य जनपदों में उसका संपर्क और प्रसार न हो तो वह भाषा नहीं बन सकती।

कोई भी बोली तब भाषा बन जाती है,जब अन्य बोलियों के भाषा तत्व घुल मिलकर आधार भाषा के रूप को बदल देते हैं, जब कोई आंदोलन आंधी की तरह उठता है, तब उसके केन्द्र की बोली भी उठती है। जहां-जहां आंदोलन पहुंचता है, वहां-वहां बोली पहुंचती है और विविध बोलीतत्व परस्पर अंतर्भुक्त होते हैं। बोली भाषा बनती है तो शाही फरमान या सरकारी आदेश का इंतजार नहीं करती। जब कोई बोली भाषा बनती है तो वह व्याकरण का इंतजार नहीं करती, वह किसी कोशरचना की मोहताज नहीं है। वह कभी नहीं कहती कि पहले मानकीकरण कर लो तब आगे बढ़ूंगी। किनारे नदी को नहीं बनाते,नदी किनारों को बनाती है। नदी बहती है तो किनारे अपने आप बन जाते हैं। बोली भाषा बनती है तो समष्टि जीवन के परस्पर संवाद से बनती है। वह सामूहिक भाव कितना व्यापक है, अंतर्जनपदीय और अंतर्प्रांतीय संपर्क जितना प्रगाढ़ है,वह भाषा उतनी ही समर्थ है।

सोशल फोरम

विज्ञान की आजादी

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

अतीत में विज्ञान एक साधना थी। बेचैन वैज्ञानिक रात-रात जगकर नए आविष्कार करते थे। आज विज्ञान का ज्यादा इस्तेमाल उपनिवेशवादी तौर-तरीकों से सीखकर कूट उद्देश्यों से होता है। यह हम खासकर सूचना क्रांति,उपग्रह प्रक्षेपण,कृत्रिम मेधा और युद्ध तकनीक के क्षेत्र में देख सकते हैं। हम मंगल ग्रह पर जल्दी जा सकते हैं, लेकिन उत्तराखंड के पहाड़ों पर सुरंग निर्माण में फंसे 41 श्रमिकों के पास जल्दी नहीं पहुंच सकते। वर्तमान विश्व में सत्ताएं उच्च टेक्नोलॉजी और इसके डिजिटल औजारों का इस्तेमाल अपने नागरिकों पर निगरानी रखने के लिए कर रही हैं। इस दौर में बढ़ती बेरोजगारी और विषमता से जन्मे क्षोभ को दबाना मुश्किल नहीं है। विश्वभर में सभ्य ढंग से क्षोभ का डिजिटल दमन हो रहा है। विकसित टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल पिछड़ी मानसिकता के प्रसार के लिए ज्यादा हो रहा है। इतिहास के गड़े मुर्दों को हथियारबंद किया जा रहा है। समस्या यह है कि बाजार और राजनीति दोनों ही निरंकुश ढंग से टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए यथार्थ को अपने उद्देश्य के अनुरूप ढालने में कुशल हो गए हैं। वे करिश्माई हैं और लोगों को रंगीन अंधविश्वासों, प्रलोभनों तथा भ्रमों से सम्मोहित करने में सक्षम हैं। जाहिर है,आज विज्ञान की आजादी का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है।

विज्ञान की प्रधान शिक्षा यह है कि व्यक्ति बिना सोचे-समझे या ठीक से जांचे-परखे किसी चीज को आंख मूंदकर न माने और सोशल मीडिया के भ्रामक प्रचार से न घिरे। विज्ञान सिर्फ इसलिए नहीं है कि इसके बल पर चालाकियां की जाएं,आराम की चीजों और सुख-सुविधाओं को इकट्ठा किया जाए। उसका एक बड़ा उद्देश्य जीवन की समस्याओं का यथार्थ तरीके से समाधान निकालना है। हम यह भी कैसे मानें कि वैज्ञानिक दृष्टिसंपन्न होने का दावा करने वाले बुद्धिजीवी विज्ञान की शिक्षाओं पर चलते हैं। वे वैज्ञानिक दृष्टि-संपन्न कैसे हो सकते हैं? यदि वे सर्वज्ञ होने के अहंकार से भरे हों,उनके शब्द तथा कर्म के बीच दूरी हो और उनमें बौद्धिक सहृदयता नहीं हो सकती। दरअसल उनसे अधिक वैज्ञानिक गांवों-शहरों के वे साधारण लोग हैं जिनमें आज भी 'कॉमन सेंस' और बौद्धिक सहृदयता बहुत ज्यादा है।

-फेसबुक वॉल से

बापू और गोडसे

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

महात्मा गांधी ने सेक्युलर शब्द न कभी कहा और न कही लिखा। वे चाहते थे कि यदि पुनर्जन्म हुआ तो वे हिंदू ही हों। अपने को संकोच नहीं होता था। फिर भी मनसा, वाचा, कर्मणा बापू अप्रतिम सेक्युलर थे। इसीलिए वेदना होती है,रोष भी,जब अधकचरी जानकारी के बूते विकृत बातें पेश की जाती हैं। मसलन तुर्की के खलीफा का समर्थन कर गांधीजी ने भारत में इस्लामी फिरकापरस्ती को खादपानी दिया,पोषित किया। आधुनिक संदर्भ में जब हिंदू-मुस्लिम रिश्तों में विषाक्तता बढ़ रही है। यह विश्लेषण करना होगा कि क्या बापू की यह भूल थी कि इस्लामी दुनिया के खलीफा और तुर्की के अपदस्थ सुल्तान मोहम्मद चतुर्थ को पुनर्प्रस्थापित करने हेतु खिलाफत आंदोलन चलाया जाना चाहिए था? इस्तानबुल स्थित ओटोमन खलीफा ने 1774 से रूस से युद्धोपरांत एक संधि की थी जिससे तुर्की के बाहर बसे मुसलमानों का मजहबी संरक्षक बन गया था। इसके कारण 1880 से भारत के मुसलमानों का भी यह तुर्की सुल्तान अब्दुल हामिद द्वितीय खलीफा बन गया था,किंतु प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी,तुर्की और रूस की ब्रिटेन व अमेरिका द्वारा हरा दिए जाने पर तुर्की की सल्तनत खत्म हो गई। अंग्रेजों ने पराजित सुल्तान का खलीफा पद को अमान्य करार दिया। इससे 1920 से 1924 तक भारतीय मुसलमानों ने मौलाना मोहम्मद अली,उनके भाई मौलाना शौकत अली,मौलाना अबुल कलाम आजाद,डॉ.मुख्तार अहमद अंसारी,बेरिस्टर मोहम्मद जान अब्बासी आदि के नेतृत्व में भारतीय केन्द्रीय खिलाफत समिति बनाई जिसने खलीफा को पुनः स्थापित करने हेतु आंदोलन छेड़ा। गांधीजी इस केन्द्रीय समिति के सदस्य बने और मोतीलाल नेहरू ने उनके कदम का खुला समर्थन किया। मगर मोहम्मद अली जिन्ना ने खलीफा को बचाने का कड़ा विरोध किया। बापू की पुण्यतिथि पर नाथूराम विनायक गोडसे की भी याद अनायास आती है। जिस देश में पंचमी के दिन नाग को दूध पिलाते हों,वहां इसमें अचरज नहीं होगा। आखिर कैसा, कौन और क्या था गोडसे? नाथूराम स्कूल से भागा हुआ छात्र था। नूतन मराठी विद्यालय में मिडिल की परीक्षा में फेल हो जाने पर उसने पढ़ाई बंद कर दी थी। उसका मराठी भाषा का ज्ञान भी अल्प था। अंग्रेजी और इतर भाषाओं की जानकारी तो शून्य ही थी। जीविका हेतु उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। सांगली शहर में दर्जी की दुकान खोल ली थी। उसके पिता विनायक गोडसे डाकखाने में बाबू थे,मासिक आय पांच रुपये थी। नाथूराम अपने पिता का लाडला था,क्योंकि उससे पहले जन्मी सारी संतानें मर गई थीं। नाथूराम के बाद और भी पैदा हुए थे जिनमें था गोपाल,जो नाथूराम के साथ सहअभियुक्त था। लोग अभी भी नाथूराम गोडसे के प्रति थोड़ी बहुत नरमी बरतते हैं,उन्हें इस क्रूर हत्यारे के बारे में प्रमाणित तथ्यों पर गौर करना चाहिए। गांधीजी को मारने के दो सप्ताह पूर्व नाथूराम ने अपने जीवन को काफी बड़ी राशि के लिए बीमा कंपनी से सुरक्षित करा लिया था। जाहिर है उसके मौत के बाद उसके परिवारजन इस बीमा राशि से लाभान्वित होते। (पृष्ठ 18 व 19 : गांधीवध और मैं, लेखकः गोपाल विनायक गोडसे, प्रकाशकः वितस्ता प्रकाशन पुणेः 1982)। ऐतिहासिक मिशन को लेकर चलने वाला व्यक्ति बीमा कंपनी से क्या ऐसा मुनाफा कमाना चाहेगा? अब जानिए गोड्से के परम सखा, फांसी पर लटके नारायण दत्तात्रेय आप्टे को। उसने 29 जनवरी की रात दिल्ली के वेश्यालय में गुजारी थी। ताकत बढ़ाने हेतु। आप्टे और गोड्से ने जेल के भीतर सुविधाओं की मांग की। हम भारतीय सीधी, सरल बात करना कब शुरू करेंगे कि हत्या एक जघन्य अपराध और सिर्फ नृशंस हरकत है। वह भी लुकाटी थामे, एक वृद्ध अधनंगे हिन्दू की जो राम का अनन्य, आजीवन भक्त रहा।

क्या असीम है नेताओं की कार्यक्षमता

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मानव की आत्मा जिस खोल में रहती है,उसे शरीर या देह कहा जाता है। इसीलिए आत्मा को 'शरीरी' या 'देही' भी कहते हैं। शरीर शब्द का अर्थ ही है कि जो शीर्ण यानी क्षरित होता है। शनैः शनैः उसकी क्षमताएं और सामर्थ्य कम होती जाती है। इसी कारण सेवाओं में एक सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की गई है। मान्यता है कि तत्समय वह अक्षम हो चुका होगा,अतः उसे सेवा मुक्त कर दिया जाए। अपने देश के संविधान के अनुच्छेद 14 में 'समानता' का सिद्धांत पवित्रता के साथ संरक्षित है। हालांकि जब हम विभिन्न वर्गों की एतत्संबंधी आयु पर दृष्टि डालते हैं तो स्पष्ट रूप से असमानता परिलक्षित होती है। अध्यापन वृत्ति से जुड़े लोगों के लिए यह 65 वर्ष है। सर्वोच्च न्यायालय के जजों के लिए भी यही है। उच्च न्यायालय के जजों हेतु 62 वर्ष है और राजकीय कर्मचारियों के लिए 60 है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए कोई सेवानिवृत्ति आयु नहीं है। वे कितने ही उम्र दराज हो जाए,अशक्त हो जाए,ह्वील चेयर पर चलें,तो भी वे सक्षम और समर्थ हैं। भाजपा ने एक अलिखित नियम बनाया है जिसके अनुसार उनका नेता 75 वर्ष का होने पर सक्रिय राजनीति हेतु अक्षम माना जाता है,जिसे रिटायर होना कह सकते हैं। यद्यपि वह राज्यपाल या सक्रिय राजनीति के अगल-बगल वाले पदों पर रह सकता है। क्या भाजपा का कथित 75 वाला नियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी लागू होगा, जब वे 17 सितम्बर, 2025 को 75 के हो जाएंगे। ऐसी ही विषमता पेंशन के संबंध में है। सरकारी कर्मचारियों के लिए यह बंद कर दी गई है,लेकिन एमपी,एमएलए आदि व जजों की बरकरार है। सेना में 'अग्निवीर' प्रणाली लाकर इसे खत्म कर दिया गया है। जैसे 'एक देश एक चुनाव' की बयार सरकार ने चलाई है,वैसे ही 'एक सेवानिवृत्ति आयु और पेंशन' नियम भी प्रवृत्त होने चाहिए। संविधान की आत्मा तो यही कहती है।

बावरिया गिरोह के दो डकैतों को दी जेल में बिताई गई अवधि की सजा

विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) ने सात साल चार माह दस दिन की सजा सुनाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शहर के दो घरों में डकैती डालकर दिया था वारदात को अंजाम, पुलिस ने था पकड़ा

अमृत विचार। शहर में दो घरों में परिजनों को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले बावरिया गिरोह के दो डकैतों को विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) ने जेल में बिताई अवधि सात साल चार माह दस दिन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों डकैतों पर पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर दोनों को दस-दस दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ल ने बताया कि जनपद संभल के थाना असीवन क्षेत्र के ग्राम सईमन निवासी सुल्तान बावरिया उर्फ राशिद तथा बरांडी उर्फ शोएब बावरिया ने शहर के दो घरों में डकैती की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों घटनाओं का मुकदमा दर्ज कर डकैतों को गिरफ्तार कर लिया और उनसे लूट का माल भी बरामद हुआ था। पुलिस ने दोनों डकैतों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था तथा अभियोजन पक्ष की तरफ से 18 गवाह पेश किए गए थे। दोनों डकैत पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद थे। विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) इंद्रजीत सिंह ने दोनों डकैतों को दोष सिद्ध करते डकैती व घातक चोट पहुंचाने के आरोप में जेल में बिताई गई अवधि सात वर्ष चार माह दस दिन का कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

केस 01 शहर के मोहल्ला बालाजी नगर में एक मई 2016 की रात में यशवीर सिंह भदौरिया के मकान पर सशस्त्र बदमाशों ने धावा बोल दिया था। बदमाशों ने यशवीर सिंह और परिजनों को बंधक बनाकर जमकर मारपीट की। डकैतों ने लाखों रुपये के जेवरात लूट लिए थे। सभी बदमाश कच्छा-बनियान पहने हुए थे। मारपीट में दंपती समेत बेटा व बेटी घायल हुए थे।

केस 02 शहर के मोहल्ला नसरापुर नई बस्ती में एक मई 2016 की रात डेढ़ बजे के करीब कच्छा-बनियान गिरोह के बदमाशों ने सोहन मिश्रा के मकान पर धावा बोल दिया तथा परिजनों को बंधक बनाकर लाठी-डंडे व सरिया से पीटा। डकैतों ने नगदी व लाखों रुपये के जेवरात लूट लिए थे। बदमाशों की पिटाई से भाभी रेनू मिश्रा व बेटी काजल मिश्रा घायल हो गई थीं।

युवक की हत्या में दोषी को मिला आजीवन कारावास

कन्नौज। गांव के बाजार में मुफ्त में सब्जी लेने का विरोध करने पर हत्या करने वाले दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। शासकीय अधिवक्ता यतेंद्रपाल सिंह ने बताया कि तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम बमरौली में 11 फरवरी 2021 की रात में घनश्याम पाठक की ईंटों से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई थी। बेटे ने बताया था कि 11 फरवरी 2021 को सब्जी बाजार लगा था, जिसमें संतोष वर्मा आया था। उसने विक्रेता से सब्जी ले ली और पैसे नहीं दिए, जिसका उनके पिता ने विरोध किया था। उसी रात 12 बजे के करीब संतोष ने दो अन्य लोगों के साथ ईंट से कुचलकर घनश्याम की हत्या कर दी। वह जब अपने मामा पुत्र रामऔतार के साथ पहुंचे तो संतोष को भागते हुए देख लिया था। मंगलवार को अपर जिला जज प्रथम लोकेश वरुण ने संतोष को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास तथा जान से मारने की धमकी में एक साल का सश्रम कारावास की सजा दी।

मुख्यमंत्री की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात उप निरीक्षक की मौत

फर्रुखाबाद। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात उप निरीक्षक की मंगलवार को अपने पैतृक निवास पर मौत हो गई।

दरोगा सुरेश।

थाना कम्पिल के गांव करनपुर के रहने वाले दरोगा सुरेश पुत्र अंतराम मुख्यमंत्री के यहां सिक्योरिटी में तैनात थे। उनका एक माह से कानपुर के रीजेंसी हास्पिटल में कैंसर का इलाज चल रहा था। वह 40 दिन की छुट्टी लेकर आये थे। उनकी छुट्टी 3 फरवरी को खत्म हो रही थी। मंगलवार सुबह नौ बजे के आस पास उनका सांस फूलने लगी। आननफानन उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉ. अनुराग ने दरोगा को मृत घोषित कर दिया। दरोगा अपने पीछे अपनी पत्नी शीतला व पुत्र रत्नेश को छोड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने बताया कि दरोगा की मौत की सूचना पुलिस मुख्यालय भेज दी गई है।

कोल्ड स्टोरेज में भरे जाएंगे आलू दाम बढ़ने की संभावना भी बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

12 लाख मीट्रिकटन आलू पैदा होने का अनुमान

80 शीतगृहों में भंडारण क्षमता 6 लाख मीट्रिकटन

शीत गृह। अमृत विचार

अमृत विचार। आलू उत्पादन के लिए चर्चित जनपद में आलू का शीतगृहों में भंडारण का कार्य एक फरवरी से शुरू हो जाएगा। आलू की अगैती फसल का भाव न मिलने से बर्बाद हुए किसानों को भंडारण शुरू होने से भाव में उछाल आने की आस जगी है। वहीं उपभोक्ताओं को भी आलू महंगा मिलने की संभावना है। अभी तक आलू की कच्ची फसल होने से उन्हें सड़ने से बचाने के लिए किसान व्यापारियों के माध्यम से औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर था। अब आलू भी पकने लगी है और उसके भंडारण का बंद रास्ता भी खुलने जा रहा है। मांग के अनुरूप आपूर्ति न हो पाने पर दाम बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

बताते चलें कि दो हजार हेक्टेयर भूमि पर किसानों ने आलू की अगैती फसल तैयार की थी। अगैती फसल तैयार होते ही आलू के भाव धड़ाम हो गए। शुरु से अंत तक किसानों को अगैती फसल का आलू घाटे का सौदा साबित हुआ। आज भी आलू के भाव पांच सौ रुपये क्विंटल चल रहे हैं। शीत गृह एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय गंगवार सन्नू भइया ने बताया कि एक फरवरी से 15 फरवरी तक जिले भर के शीतगृहों में आलू भंडारण का कार्य शुरू हो जाएगा। आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर कुमार उर्फ रिंकू वर्मा ने बताया कि कच्ची फसल का आलू अब खत्म हो गया है। शीतगृहों में भंडारण शुरू होते ही आलू की मांग बढ़ेगी, जिसकी वजह से आलू के भाव मे उछाल आ सकता है। प्रगतिशील किसान नारद सिंह कश्यप का कहना है कि हर साल शीतगृहों में भंडारण शुरू होते ही आलू के भाव मे उछाल आता है। इस साल भी भंडारण शुरू होने की खबर आलू किसानों को कच्ची सीजन के आलू में हुए घाटे के पूरा हो जाने की आस जगी है।

जिला आलू विकास अधिकारी राम नरायन वर्मा ने बताया कि जिले में 42 हजार हेक्टेयर भूमि पर आलू खुदने को तैयार हो रहा है। जिसमे 12 लाख मीट्रिक टन आलू पैदा होने का अनुमान है। जिले में 80 शीतगृह हैं। जिनकी भंडारण क्षमता 6 लाख मीट्रिक टन के आस पास है। शीत गृह में आलू भंडारण करने के लिए शीत गृह मालिक व व्यापारी दोनों सक्रिय होंगे। इस वजह आलू के भाव मे उछाल आने की पूरी तरह से उम्मीद है। किसानों को चाहिए कि वह समय रहते अपना आलू बेंच लें। शीतगृह फुल होने के बाद कोई गारंटी नही कि आलू के भाव सही मिले। उन्होंने कहा कि किसानों को चाहिए कि वह अपने आलू को बाहर की मंडियों में भी ले जाएं।

क्रिकेट टूर्नामेंट: मुरादाबाद को हराकर कानपुर ने जीता फाइनल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

विजेता टीम को ट्राफी देते समाजकल्याण मंत्री असीम अरुण व सांसद सुब्रत पाठक।

- कानपुर के मो. सारिम बने मैन ऑफ द मैच, समाज कल्याण मंत्री ने प्रदान की ट्राफी

अमृत विचार। राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मुरादाबाद व कानपुर के बीच फाइनल मैच में रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें कानपुर ने बाजी मार ली। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने विजेता टीम को ट्राफी व पुरस्कार प्रदान किए। कानपुर के मोहम्मद सारिम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। हजारों दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का जमकर उत्साहवर्द्धन किया।

शहर के बोर्डिंग मैदान पर मंगलवार को स्व.ओमप्रकाश पाठक मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सुबह जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दोनों टीमों के बीच टॉस कराया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मुरादाबाद की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 25 ओवरों में मुरादाबाद की टीम ने सभी विकेट खोकर 145 रन बनाए और कानपुर को 146 रनों का लक्ष्य दिया। कानपुर के तेज गेंदबाज मोहम्मद सारिम ने चार विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम ने 22 ओवरों में ही मैच को अपने नाम कर लिया। कानपुर के सलामी बल्लेबाज व कप्तान सागर शर्मा ने 39 रन बनाए और दूसरे छोर से सतनाम सिंह ने 36 रनों का योगदान दिया। कानपुर ने फाइनल मुकाबला जीत लिया। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक,रिया शाक्य ने विजेता टीम को शील्ड व ट्राफी प्रदान की। मो. सारिम को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया। इस दौरान क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक संजय सामवेदी, एसोसिएशन के चेयरमैन पवन त्रिवेदी, आनंद मिश्रा, शुभम दुबे, ममतेश तिवारी, अजय यादव, गौरव मिश्रा, सजल सिंह, मोहित सिंह, जुबेर हाशमी, आशू दुबे मौजूद रहे। अंपायरिंग रितेश व रोहित व स्कोरिंग आकाश मिश्रा ने की।

मेडिकोलीगल में लापरवाही पर डॉक्टर पर हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने दोबारा मेडिकोलीगल कराने के लिए सीएमओ को आदेश दिया
- कार्रवाई की रिपोर्ट एक माह के अंदर कोर्ट में पेश करने के आदेश न्यायाधीश ने दिए हैं

अमृत विचार। दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले में पीड़िता के मेडिकल परिक्षण में लापरवाही बरतने पर पाक्सो एक्ट कोर्ट ने महिला डाक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई और पीड़िता का फिर से मेडिकल परीक्षण कराने के आदेश दिया है। कोर्ट ने सीएमओ को कार्रवाई की रिपोर्ट एक माह के अंदर कोर्ट में प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

किशनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 11 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म हुआ था। किशोरी का शनिवार को जिला महिला अस्पताल में मेडिकल परिक्षण हुआ। महिला डाक्टर अंजलि ने पीड़िता का कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार चिकित्सीय परीक्षण नहीं किया।

रिपोर्ट के कालम नंबर 18 के अत्यंन्त महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कोई इंद्राज नहीं किया गया। जिससे केस पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। विवेचक ने भी डाक्टर पर गंभीर आरोप लगाए। विवेचक संजीव कुमार ने सहायक शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में फिर से मेडिकोलीगल परीक्षण कराने का प्रार्थना पत्र दिया। मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट ने लापरवाही बरतने पर डाक्टर अंजलि के खिलाफ सीएमओ को विभागीय कार्रवाई करने और फिर से मेडिकोलीगल परीक्षण कराने के आदेश दिए हैं। कार्रवाई की रिपोर्ट एक माह के अंदर कोर्ट में पेश करने के आदेश न्यायाधीश ने दिए हैं।

कन्नौज में प्रत्याशिता पर बढ़ी बेचैनी

कन्नौज। सपा ने सूबे के 16 लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। लेकिन कन्नौज से प्रत्याशी घोषित न होने से यहां के नेताओं में बेचैनी देखी जा रही है। माना जा रहा है कि सूची में समाजवादी पार्टी के सभी दिग्गजों के टिकटों की घोषणा नहीं हुई है, इससे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के फिर से यहां चुनावी ताल ठोकने की संभावनाएं बढ़ गईं हैं। हालांकि पहले कुछेक बार वह इशारों-इशारों में कन्नौज से चुनाव मैदान में उतरने की बात कह चुके हैं। सपा ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी उन प्रत्याशियों के नाम की सूची जारी की है, जिनको पार्टी लोकसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ाएगी। वर्तमान में मैनपुरी सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव फिर से उसी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी। वर्ष 2012 के उपचुनाव व 2014 के सामान्य चुनाव में वह कन्नौज से सांसद बनीं थीं। 2019 में उनको यहां से हार का सामना करना पड़ा था। इसी तरह पड़ोसी जिला फर्रुखाबाद डॉ. नवल किशोर शाक्य, कानपुर देहात के अकबरपुर संसदीय क्षेत्र से राजाराम पाल व उन्नाव से अन्नू टंडन का भी टिकट फाइनल हो गया।

नवल किशोर को सपा प्रत्याशी बनाने से गठबंधन को झटका

चन्द्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद

- कांग्रेस के कद्दावर नेता सलमान खुर्शीद के समर्थकों में छाई मायूसी
- कांग्रेस की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ने कहा- शीर्ष स्तर का मामला

नवल किशोर शाक्य।

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस सरगर्मी को सपा ने प्रत्याशियों की घोषणा कर और तेज कर दिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने फर्रुखाबाद से प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य को घोषित कर कांग्रेस के गठबंधन को करारा झटका दिया है। इससे कांग्रेस के कद्दावर नेता सलमान खुर्शीद के समर्थकों में मायूसी छा गई है।

मंगलवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सपा लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा की, जिसमें फर्रुखाबाद का टिकट डॉ. नवल किशोर शाक्य की झोली में चला गया। डॉ. नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी बनाते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। डॉ. नवल किशोर शाक्य ने बताया कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वह खरे उतरेंगे। फर्रुखाबाद की सीट सपा की झोली में डालकर वह अपने मुखिया अखिलेश यादव को तोहफा देंगे। प्रत्याशी बनाए जाने पर जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र शाक्य, पूर्व प्रधान मिथुन शाक्य, राजन यादव व सुब्रत शाक्य ने डॉ. नवल किशोर शाक्य को बधाई दी। कांग्रेस की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने बताया कि इस मामले में वह कुछ नहीं कह सकतीं। यह शीर्ष नेतृत्व स्तर का मामला है।

लोक सभा चुनाव लड़ने के लिए सलमान खुर्शीद पूरी तरह तैयारी में थे।

कक्षा दो तक के बच्चों को अंक की जगह मिलेगा स्टार

संवाददाता,ककोर, औरैया

अमृत विचार। जिले की प्राथमिक विद्यालय में अब कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों को मार्कशीट नहीं दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने अब उन्हें स्टार अंक देने का प्लान बनाया है।

वहीं कक्षा एक से आठ तक के बच्चों के रिपोर्ट कार्ड पर विषयों के मूल्यांकन के साथ ही बच्चों के व्यवहार का आकलन भी देखने को मिलेगा। परिषदीय विद्यालयों ने कक्षा एक से आठ तक के बच्चों का समग्र प्रगति कार्ड तैयार किया है। जिसमें बच्चे की विषय में दक्षता के साथ ही छात्र की आयु, लंबाई, वजन के अलावा बच्चे का स्कूल और घर में व्यवहार को भी दर्शाया जाएगा।

समग्र प्रगति कार्ड को राज्य शैक्षिक अनुसंधान केन्द्र ने तैयार किया है। जिसे नए सत्र से परिषदीय विद्यालयों में लागू कराएंगे। राज्य संदर्भ समूह सदस्य सुनील दत्त राजपूत ने बताया कि समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड में कक्षा एक से दो तक के छात्रों के अंक की जगह स्टार दिए जाएंगे।

कोर्ट में बेहमई कांड में फिर टली सुनवाई

कानपुर देहात : जिले के बहुचर्चित बेहमई सामूहिक नरसंहार कांड में कानूनी दांव-पेंच के चलते 42 साल बाद भी पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया है। एंटी डकैती कोर्ट में विचाराधीन इस मामले में बार-बार तारीख बढ़ने से पीड़ित पक्ष में खासी निराशा है। मंगलवार को एक बार फिर सुनवाई टल गई। अब कोर्ट ने इस मुकदमें में सुनवाई के लिए पांच फरवरी की तारीख नियत की है। बेहमई गांव में 14 फरवरी 1981को दस्यु फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ धावा बोलकर लूटपाट करने के साथ ही 20 लोगों को कतार में खड़ा कर मौत के घाट उतार दिया था, जबकि डकैतों की गोलियों से छह लोग घायल हुए थे। जिले के इस सबसे बड़े मुकदमे में हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट तक पत्रावली घूमने के बाद सेशन कोर्ट में वापस आई, लेकिन कानूनी दांव-पेंच के चलते 42 साल बीतने बाद भी बेहमई कांड के पीड़ितों को न्याय नहीं मिल सका है। इस दौरान मुकदमे के वादी और घायलों के साथ कई गवाह तथा न्याय का इंतजार करते हुए कई विधवा महिलाएं दुनिया छोड़ गईं, जबकि फूलन देवी सहित तमाम आरोपितों की भी मौत हो चुकी है। इस मुकदमें में फरार चल रहे आरोपित विश्वनाथ उर्फ अशोक, रामरतन व मानसिंह को पुलिस गिरफ्तार करने में अभी तक नाकाम है। फरार आरोपितों को पकड़ना तो दूर पुलिस उनका सुराग तक नहीं लगा पाई है। मंगलवार को स्पेशल जज एंटी डकैती अमित मालवीय की कोर्ट में आरोपित श्यामबाबू और विश्वनाथ अदालत में हाजिर रहे।

किशोरी से दुष्कर्म में 20 साल कैद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- कोर्ट ने आरोपित पर 25 हजार रुपये लगाया जुर्माना
- जुर्माना अदा नहीं होने पर पांच माह की अतिरिक्त सजा
- स्पेशल जज ने मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद सुनाया फैसला

अमृत विचार: मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बहलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट ने आरोपित को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी परिवार के साथ झींझक कस्बे के एक मोहल्ले में रह रही थी। 28 जून 2022 को वह नाटकीय ढंग से लापता हो गई थी। इस मामले में उसके पिता ने मंगलपुर थाने में अपने गांव के ही प्रिंस उर्फ धनंजय उर्फ प्रांशू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल परीक्षण कराकर मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाने के साथ आरोपित का चालान कर दिया था। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म में आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था।

विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा व एडीजीसी राकेश मिश्रा ने बताया कि इस मामले में वादी और गवाहों के बयानों के साथ ही पुलिस की चार्जशीट और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपित प्रिंस उर्फ धनंजय उर्फ प्रांशू को दोषी पाया, जिसके आधार पर 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही उस पर अलग- अलग धाराओं में 25 हजार रुपये का जुर्माना भी किया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर पांच माह के अतिरिक्त कारावास की सजा का भी आदेश हुआ है।

लाइनमैन से मारपीट में तीन लोग गिरफ्तार

रनियां। क्षेत्र के रहीमपुर निवासी लाइनमैन के साथ छह लोगों ने मारपीट की। उसकी कनपटी में तमंचा भी लगा दिया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने तीन लोगों को पकड़ा है। तीन लोग फरार हो गए। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रनिया थाना क्षेत्र के उमरन के मजरा रहीमपुर गांव का रहने वाला जितेंद्र सिंह रहीमपुर बिजली घर लाइनमैन है। रोजाना की तरह साईकिल से बिजली घर जा रहा था। बिजलीघर पहुंचने के बाद मंसुरा गांव के अभिषेक कुमार का फोन आया।

उपलब्धि राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रसूति विभाग में लैप्रोटॉमी विधि से किया गया ऑपरेशन

महिला के पेट से निकाला छह किलोग्राम का ट्यूमर

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- छह माह से ट्यूमर के कारण परेशान थी महिला, सीटी स्कैन देख हैरान थे डॉक्टर

अमृत विचार। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रसूति विभाग में एक महिला के पेट का ऑपरेशन किया गया तो अंदर छह किलोग्राम का ट्यूमर निकला। डॉक्टरों ने ट्यूमर को जांच के लिए भेज दिया। मेडिकल कॉलेज में स्टेजिंग लैप्रोटॉमी विधि से यह सफल ऑपरेशन किया गया, जिससे पिछले छह माह से पेट दर्द से परेशान एक महिला को जीवनदान मिला तो डॉक्टरों ने उसके परिवार के लाखों रुपये भी बचा दिए।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में तीन दिन पहले पेट दई से परेशान एक महिला आई और प्रसूति विभाग की सहआचार्य एवं सर्जन डॉ. अमृता शाह को दिखाया। महिला के पेट के आकार भी काफी बढ़ गया था और उसे हर काम करने में दिक्कत हो रही थी। डॉक्टरों ने उसकी अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन सहित पेट की सभी जांचें कराईं। पेट में बड़ा सा ट्यूमर देख डॉक्टर हैरान हो गए।

मंगलवार को डॉ. अमृता शाह ने स्टेजिंग लैप्रोटॉमी विधि से ऑपरेशन किया तो उसके पेट में छह किलोग्राम का ट्यूमर देखकर दंग रह गए। ट्यूमर को काटकर अलग कर दिया गया और उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि चिकित्सा विज्ञान में इस तरह के केस कम मिलते हैं। उन्होंने सफल ऑपरेशन करने वालीं सर्जन डॉ. अमृता शाह, डॉ. शिखा मिश्रा, डॉ. अमृता नायक, डॉ. अभिशान व स्टाफ नर्स कंचन को बधाई दी है।

प्राइवेट अस्पतालों में खर्च हो जाते लाखों रुपये

महिला ने बताया कि वह पेट दर्द के कारण पिछले छह माह से परेशान थीं। काफी इलाज कराया लेकिन आराम नहीं मिला। इसमें उसका काफी पैसा भी बर्बाद हुआ। इस पर उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रसूति विभाग में दिखाया था। वहीं, डॉक्टरों ने बताया कि इतने बड़े ट्यूमर को निकालने के लिए प्राइवेट अस्पताल लाखों रुपये खर्च हो जाते। महिला के परिजनों ने चिकित्सकों की टीम के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए बधाई दी है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में ट्यूमर निकालतीं डॉ. अमृता शाह व टीम। अमृत विचार

खेलते समय किशोरी को अटैक पड़ने से मौत

औरैया। दिबियापुर में खेलते खेलते एक 12 साल की किशोरी को अटैक पड़ गया और वह मुंह के बल गिर गई। परिजन उसे आनन-फानन सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्टेशन रोड ककराही बाजार निवासी संजय की 12 वर्षीय बेटी परी छत पर खेल रही थी। अचानक ही उसकी हालत बिगड़ गई और वह मुंह के बल गिर पड़ी। साथ खेल रहे बच्चों ने परिजनों को जानकारी दी तो परिजन उसे बेसुध हालत में ही सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद भी परिजनों का मन नहीं माना और वे उसे 100 सैय्या अस्पताल चिचोली लेकर गए यहां पर भी चिकित्सकों ने परी को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

संवाददाता फतेहपुर

- शिवरी मोड़ के पास ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर

अमृत विचार। किसी काम के सिलसिले में जा रहे बाइक सवार दो लोग मंगलवार शाम सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। खबर पाकर पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजा है।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के शिवरी मोड़ के आगे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार राहुल (25) पुत्र रामकिशन निवासी सराय रघुराजखेड़ा थाना जफरगंज व विनय (26) निवासी सरदारपुर थाना मलवा की मौके पर मृत्यु हो गई। हादसा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने देखा तो युवकों की सांसे थमी थीं। पुलिस ने उन्हें उठाकर अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टरों ने देखते हुए मृत बता दिया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया और बदहवास हालत में पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पुलिस के अनुसार परिजनों से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

माता-पिता की गोली मारकर हत्या करने वाले वकील को फांसी की सजा

13 अक्टूबर 2020 को गोली मारकर की थी हत्या, 13 हजार का जुर्माना भी लगाया

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मीरगंज के बहरोली में संपत्ति विवाद में बुजुर्ग माता-पिता की गोली मारकर हत्या करने वाले वकील दुर्वेश कुमार को परीक्षण में दोषी पाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने उसे फांसी और 13 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुनीति कुमार पाठक ने सजा के प्रश्न पर तर्क दिया कि दुर्वेश कुमार ने सभ्यता, संस्कृति, संस्कार और मानवता की सीमा से परे जाते हुए अपने ही माता-पिता की तीन-तीन गोलियां मारकर हत्या कर दी।

13 अक्टूबर 2020 को सुबह लगभग 6 बजे पिता लालता प्रसाद पर पूजा करते समय दुर्वेश ने ताबड़तोड़ फायरिंग कीं और फिर लाश घसीटकर कमरे में ले जाकर चादर से ढक दिया। मां मोहन देई ने शौचालय में घुसकर अपनी जान बचाने की कोशिश की तो उनकी भी तीन गोली मारकर हत्या कर दी और तमंचा लहराता हुआ फरार हो गया। कोर्ट ने गैर जमानती वारंट और कुर्की आदेश जारी किया था। इसके करीब एक महीने बाद 9 नवंबर 2020 को पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर तमंचा, कारतूस और खून से सने कपड़े बरामद किए थे। शासकीय अधिवक्ता ने कोर्ट से मृत्युदंड की मांग करते हुए कहा कि मुल्जिम ने माता-पिता और पुत्र के पवित्र संबंध पर कलंक लगाया गया है। समाज में कठोर संदेश जाए कि कोई भी पुत्र अपने माता-पिता के साथ ऐसा अपराध करने का विचार भी मन में न लाए। एडीजीसी क्राइम सुनील पाण्डेय ने बताया कि आरोपी के भाई उमेश कुमार सिंह ने थाना मीरगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी। अभियोजन ने नौ गवाह पेश किए थे। अदालत ने दोषी पाते हुए फांसी की सजा सुनाई। कठोर सजा सुनाते हुए आदेश दिया कि दोषी को फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाये, जब तक उसकी मृत्यु न हो जाये।

पुलिस की गिरफ्त में वकील दुर्वेश कुमार। अमृत विचार

13 माध्यमिक शिक्षकों को मिलेगा राज्य अध्यापक पुरस्कार

लखनऊ। राज्य अध्यापक पुरस्कार-2023 के लिए प्रदेश के 13 माध्यमिक शिक्षकों को चुना गया है। राज्य पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों में दो निजी स्कूलों के और 11 सरकारी व एडेड स्कूलों के हैं। लखनऊ से बीकेटी इंटर कॉलेज के रवींद्र कुमार को पुरस्कार मिला है।

सरकारी और एडेड कॉलेज के राजेश कुमार त्यागी (मेरठ), चंद्रमणि सिंह (वाराणसी), पवन कुमार त्यागी (अमरोहा), सुभाष चंद्र मौर्य (बरेली), केशवर प्रसाद सिंह (सुल्तानपुर), रवींद्र कुमार (लखनऊ), ऋषिपाल सिंह (अमरोहा), डॉ. निखिल जैन (आगरा), डॉ. रामशंकर पांडेय (अमेठी) और लालमन (चित्रकूट) को राज्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं निजी स्कूलों के भूपेंद्र कुमार सिंह (अलीगढ़) और अनिल कुमार मिश्र (कानपुर) का चयन हुआ है। निजी स्कूलों के शिक्षकों को पुरस्कार दिया जाएगा।

सीतापुर जेल से आजम खां कर सकते हैं रामपुर में लोकसभा के प्रत्याशी का ऐलान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। हालांकि अभी तक रामपुर से किसी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि आजम खां सीतापुर जेल से ही प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर सकते हैं। इसे लेकर सपाइयों में चर्चा तेज हो गई है। सपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने कहा कि रामपुर सीट पर फैसला आजम खां करेंगे।

मंगलवार शाम लोकसभा चुनाव-2024 के लिए सपा प्रत्याशियों की एक सूची तेजी से वायरल हुई। इसमें काफी प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए हैं। लेकिन रामपुर से अभी तक किसी भी प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया गया है। जब इस बारे में कुछ सपाइयों से जानकारी ली गई, तो उन्होने बताया कि आजम खां के हस्तक्षेप के बाद ही रामपुर में प्रत्याशी का नाम घोषित किया जाएगा। आजम खां के बिना प्रत्याशी के नाम की घोषणा पर कोई फैसला नहीं लिया जाएगा। अब भी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उनके बिना रामपुर में टिकट का ऐलान नहीं कर सकते हैं। हालांकि आजम खां और उनका बेटा 18 अक्टूबर से दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सीतापुर और हरदोई जेल में सात साल की सजा काट रहे हैं। लेकिन अखिलेश यादव उनसे मिलने अभी तक नहीं गए हैं। जबकि कुछ नेता उनसे मिलकर आ चुके हैं।

एमएलए के टिकट की भी जेल से हुई थी घोषणा

सीतापुर जेल से आजम खां की ओर से सांसद प्रत्याशी की घोषणा करना कोई बड़ी बात नहीं है। इससे पहले भी आजम खां विधानसभा के चुनाव के दौरान सीतापुर जेल में बंद थे, जहां उन्होने खुद ही शहर विधान सभा सीट के लिए चुनाव में प्रत्याशी बन गए थे। उन्होने इस दौरान भारी मतों से जीत हासिल की थी।

रामपुर में लोकसभा प्रत्याशी के नाम की घोषणा पूर्व मंत्री आजम खां की ओर से घोषित की जाएगी। लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियां पूरी हैं और गांव-गांव लोगों तक सपा का संदेश पहुंचाया जा रहा है।

– वीरेंद्र गोयल, सपा जिलाध्यक्ष

पीडीए को हथियार बना चुनाव में उतरने तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बयानों से चर्चा में रहने वाले सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क तो अवधेश प्रसाद का भी नाम

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के लिए सपा प्रत्याशियों की जारी सूची से यह भी साफ होता दिखता है कि, पार्टी पीडीए को ही चुनावी हथियार बनाकर चुनावी संघर्ष में उतरने तैयारी में है। पार्टी ने जिन 16 प्रत्याशियों की मंगलवार को घोषणा की, उनमें दो खास नामों पर चर्चा की जा सकती है। इन प्रत्याशियों में अपने तीखे बयानों से चर्चा में रहने वाले सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क का नाम हैं तो वहीं, दलित नेता अवधेश प्रसाद का नाम है। अवधेश प्रसाद को सपा ने उसी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा सीट) से मैदान में उतारा है जहां श्रीराम का मंदिर बनाकर भाजपा पूरे देश में अपने लिए महौल बनाने में जुटी है।

डा. शफीकुर्रहमान बर्क के बयानों के कारण सपा को कई बार असहज स्थिति से गुजरना पड़ा है। कभी मायावती की तारीफ तो कभी मुसलमानों को लेकर आक्रामक बयान देकर भी बर्क के कारण सपा निशाने पर रही है। इन सभी के बाद भी बर्क ने सपा की पहली ही सूची में स्थान बना लिया है। इसके पीछे सपा की पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्संख्यक वाली रणनीति माना जा रहा है।

सपा की सूची में पांच बार के कैबिनेट मंत्री और नौ बार मिल्कीपुर के विधायक अवधेश प्रसाद का भी नाम है। दलित नेता अवधेश प्रसाद को सपा ने उसी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा सीट) से मैदान में उतारा है। नवनिर्मित राम मंदिर और रामलला प्राण प्रतिष्ठा से दुनियाभर में चर्चित चल रही अयोध्या में अखिलेश यादव ने दलित कार्ड खेलकर पहले ही राजनीतिक चाल चल दी है।

क्रिकेटर मयंक अग्रवाल आईसीयू में भर्ती

लखनऊ। भारतीय टीम के स्टार ओपनर रहे मयंक अग्रवाल रणजी मैच खेलकर अगरतला से लौट रहे थे। इसी दौरान एयरपोर्ट प्लेन में चढ़ते समय उनके मुंह और गले में तकलीफ़ होने लगी। मयंक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज़्यादा खराब होने के चलते मयंक आईसीयू में हैं। 32 वर्षीय के मयंक ने भारत के लिए 21 टेस्ट खेले हैं। वह सोमवार को त्रिपुरा के खिलाफ 29 रन से जीत दर्ज करने वाले कर्नाटक की अगुवाई कर रहे थे। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने मामले की अधिक जानकारी दिए बिना बताया, मयंक अग्रवाल को अगरतला के एक स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। उनके अचानक बीमार होने के कारण की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। मयंक अग्रवाल ने भारत के लिए खेले गए 21 टेस्ट में 1488 रन बनाए हैं।

बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप बनाएंगे जेवर में फिल्म सिटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य कैबिनेट की मंजूरी के बाद मिलेगा लेटर ऑफ अवार्ड
- पहले चरण में 230 एकड़ में होगा फिल्म सिटी का निर्माण

अमृत विचार। उप्र. में फिल्म सिटी बनाने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर में परियोजना के लिए मंगलवार को फाइनेंशियल बिड खोली गई, जिसमें बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के ज्वाइंट वेंचर बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने सबसे अधिक बोली लगाकर प्रोजेक्ट हासिल कर लिया।

यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह के अनुसार रेवेन्यू शेयर का अर्थ ये है कि फिल्म सिटी का निर्माण करने के बाद कंपनी को जो भी आय होगी, उसका 18 प्रतिशत वह प्राधिकरण को देगी। प्राधिकरण की ओर से उसे लैंड के अलावा अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराया जाएगा, जबकि फिल्म सिटी के अंदर सभी कंस्ट्रक्शन और सुविधाओं का विकास कंपनी को स्वयं करना होगा। बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी द्वारा 2 अन्य फर्म के साथ कंसोर्टियम करते हुए निविदा प्रस्तुत की गई है। कंसोर्टियम में बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी का 48 प्रतिशत शेयर है और उसका रोल ऑपरेशनल व मेंटिनेंस का है। वहीं, परमेश कंस्ट्रक्शन कंपनी लि. का 26 प्रतिशत शेयर है और उसका रोल फाइनेंशियल होगा। इस कंपनी के ओनर प्रेम भूटानी और आशीष भूटानी हैं। इसी तरह शेष 26 प्रतिशत शेयर नोएडा साइबरपार्क प्रालि. का है, जिसका रोल टेक्निकल सपोर्ट का है।

पीपीपी गाइडलाइंस के अनुसार संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत फाइनेंशियल बिड को पीपीपीबीईसी समिति की संस्तुति सहित सचिवालय कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिसकी संस्तुति को कैबिनेट के अनुमोदन मिलने के बाद लेटर ऑफ अवार्ड जारी किया जाएगा।

खालीपन सबसे पहले स्टार्स की चमक खा जाता है

सुलतानपुर। अयोध्या से भगवान श्री रामचंद्र जी के दर्शन करके कुशभवनपुर (सुलतानपुर) की पावन नगरी पहुंचने पर तमाम धारावाहिकों एवं फिल्मों में काम करने वाले अभिनेता गुलशन पांडेय का जोरदार स्वागत किया गया। गुलशन पांडेय क्राइम पेट्रोल में इंस्पेक्टर का बखूबी रोल निभाते हैं और खासा प्रसिद्धि भी पाए है। उन्होंने बताया कि यूनिक फाउंडेशन के एक कार्यक्रम 'अवध की सभ्यता' में बतौर अतिथि यहां आना हुआ है। फिल्म इंडस्ट्री के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि उनका इंडस्ट्री से पुराना नाता है। उन्होंने बचपन से ही अभिनय को करियर के रूप में देखा और आगे बढ़ते चले गए। फिल्म और धारावाहिक की बात करें तो श्री पांडेय वांटेड, अतिथि तुम कब जाओगे, द डर्टी, पीके, गुंजन सक्सेना, क्राइम पेट्रोल, लापतागंज, चिड़ियाघर, यह है चाहतें आदि जगहों पर काम किया है। साथ ही गोधरा काण्ड पर रिलीज इनकी एक फिल्म मार्च में आ रही है। उन्होने बताया कि कैरियर में हमेशा उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। कभी किसी को हार नहीं माननी चाहिए। इस मौके पर उनके साथ डॉ. राकेश्वर मालवीय, जनपद के उभरते हुए कवि एवं लेखक आर्यन त्रिपाठी, अभिनेता प्रांजल शुक्ल, डॉ अनूप, श्रेयांश तिवारी एवं सुमित श्रीवास्तव आदि रहे।

गुलशन पांडेय।

अक्षय कुमार, बोकाडिया व टी सीरीज भी थे रेस में

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना में रविवार को बिड करने वाली चारों कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया था। प्रेजेंटेशन में कंपनियों द्वारा फिल्म सिटी परियोजना को विकसित किए जाने के संबंध में अपना विजन, कॉन्सेप्ट, टाइमलाइन, हाइलाइट्स पर जोर दिया गया था। चारों कंपनीज को टेक्निकली क्वालीफाइड पाया गया और फाइनेंशियल बिड के लिए भेज दिया गया। बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी की तरफ से बोनी कपूर, आशीष भूटानी, सीईओ भूटानी इंफ्रा, अश्विनी चैटलें एवं अली चैटलें, राजीव अरोड़ा, अरविन्द कुमार बिन्नी द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। इसके अलावा 4 लायंस फिल्म्स प्रालि. की तरफ से केसी बोकाडिया, सुपरसोनिक टेक्नोबिल्ड प्रालि. की तरफ से फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, दिनेश विजन मैडॉक फिल्म्स और सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. (टी सीरीज) की तरफ से प्रेजेंटेशन दिया गया।

फिल्म सिटी परियोजना को छह माह में हो पूरी: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने फिल्म सिटी परियोजना को अगले 6 महीने में धरातल पर उतारने के निर्देश दिए हैं। यमुना सिटी के सेक्टर-21 में फिल्म सिटी का निर्माण होना प्रस्तावित है। यह फिल्म सिटी एक हजार एकड़ जमीन पर बनाई जाएगी। पहले चरण में 230 एकड़ जमीन पर फिल्म सिटी को विकसित किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस विभाग में किया गया बड़ा फेरबदल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इस तबादले में हाल ही प्रमोशन पाए अफसरों को मिली नई तैनाती
- अंकिता शर्मा का पूर्व में वाराणसी कमिश्नरेट में हुआ तबादला निरस्त

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर शासन स्तर पर हो रहे तबादलों के क्रम में मंगलवार को भी 84 आईपीएस अफसरों को बदल दिया गया। दो दिन पहले भी 65 पुलिस अफसरों के तबादले हुए थे। दरअसल, चुनाव आयोग ने एक ही जगह पर 30 जून 2024 को तीन साल का कार्यकाल पूरा कर रहे अफसरों को 31 जनवरी से पहले इधर से उधर करने का आदेश दे रखा है। इस तबादला सूची में इस तबादले में हाल ही प्रमोशन पाए अफसरों को नई तैनाती मिली है। सूची के अनुसार अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर अंकिता शर्मा का पूर्व में वाराणसी कमिश्नरेट में हुआ तबादला निरस्त कर दिया गया है।

शासन की ओर से जारी सूची के मुताबिक संतोष कुमार मीणा को अपर पुलिस उपायुक्त कानपुर, अभिजीत कुमार को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज, श्रुति श्रीवास्तव को अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी, पुनीत द्विवेदी को अपर पुलिस अधीक्षक राज्यपाल उत्तर प्रदेश, शिवा सिंह को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर, नीतू को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, आकाश पटेल को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, धर्मेंद्र सिंह को पुलिस महानिरीक्षक आरटीसी चुनार मिर्जापुर, अब्दुल हमीद को पुलिस महानिरीक्षक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, रोहन पी कनय को पुलिस उपमहानिरीक्षक तकनीकी सेवाएं, संजय सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी गोरखपुर, वैभव कृष्ण को पुलिस उपमहानिरीक्षक वीआईपी सुरक्षा लखनऊ, प्रभाकर चौधरी को पुलिस उपमहानिरीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, संजीव त्यागी को पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना सूचना मुख्यालय लखनऊ, पूनम को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी सेक्टर आगरा और सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज को पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड के पद पर भेजा गया है।

इसी तरह राठौर किरीट कुमार हरि भाई को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी लखनऊ, शैलेश कुमार यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, शफीक अहमद को पुलिस उपमहानिरीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ, राधेश्याम को पुलिस उपमहानिरीक्षक लॉजिस्टिक्स लखनऊ, सुरेश्वर को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय लखनऊ, रामजी सिंह यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, रामकिशन को पुलिस उपमहानिरीक्षक सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ, राजकमल यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, राकेश पुष्कर को पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ, मनोज कुमार सोनकर को उपमहानिरीक्षक एटीएस लखनऊ, कुलदीप नारायण को पुलिस उपमहानिरीक्षक एसटीएफ मेरठ, किरण यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ, शहाब रशीद खान को पुलिस उपमहानिरीक्षक यूपी-112, अशोक कुमार चतुर्थ को पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ तथा प्रदीप गुप्ता को पुलिस उपमहानिरीक्षक दूरसंचार लखनऊ बनाया गया है।

तबादला सूची के मुताबिक अखिलेश कुमार निगम को पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ, कुंतल किशोर को पुलिस उपमहानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं लखनऊ, मनीराम सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक मानवाधिकार लखनऊ, राजीव नारायण मिश्र को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी कानपुर नगर, सुशील कुमार सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात मुख्यालय लखनऊ, हरिश्चंद्र को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर नगर, राहुल राज को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मेरठ, प्रमोद कुमार तिवारी को पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, कल्पना सक्सेना को अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, अतुल शर्मा को सेनानायक 35 वाहिनी पीएसी लखनऊ, आशीष श्रीवास्तव को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, गौरव बांसवाल को पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण एवं सुरक्षा लखनऊ, पूजा यादव को सेनानायक 24 वाहिनी पीएसी मुरादाबाद, अमित कुमार प्रथम को पुलिस अधीक्षक एटीएस लखनऊ, रईस अख्तर को पुलिस अधीक्षक तकनीकी सेवाएं लखनऊ, रवीना त्यागी को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, विक्रांत वीर सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, प्रमोद कुमार को पुलिस उपायुक्त वाराणसी, एसएम कासिम को पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, हृदेश कुमार को पुलिस उपायुक्त वाराणसी, आनंद कुमार को सेनानायक को 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर, श्रवण कुमार सिंह को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, शिवाजी को पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, प्रबल प्रताप सिंह को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नर रेट लखनऊ, शैलेंद्र कुमार राय को पुलिस अधीक्षक कानून-व्यवस्था लखनऊ, डी प्रदीप कुमार को सेनानायक 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र, डॉ दुर्गेश कुमार को सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर और राजधारी चौरसिया को एसपी प्रशासन लखनऊ तैनाती दी।

37वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक बने कमलेश

लखनऊ। कमलेश दीक्षितको सेनानायक 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर, बबीता साहू को सेनानायक 27वी वाहिनी पीएसी सीतापुर, कमला प्रसाद यादव को पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय लखनऊ, रमेश प्रसाद गुप्ता को पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक उत्तर प्रदेश लखनऊ, रामसेवक गौतम को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, सुरेंद्र नाथ तिवारी को पुलिस अधीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, मोहम्मद तारीख को पुलिस अधीक्षक मानवाधिकार मुख्यालय महानिदेशक लखनऊ, पंकज कुमार पांडे को सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, अजीत कुमार सिन्हा को सेनानायक 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी, सुशील कुमार शुक्ला को सेनानायक 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़, दयाराम को सेनानायक दूसरी वाहिनी पीएसी सीतापुर, सर्वानंद यादव को सेनानायक 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर आदि को तैनाती दी गई।

संवेदनहीनता | सीएचसी अधीक्षक और फार्मासिस्ट हटाए गए, वार्ड ब्वॉय निलंबित

वाहन नहीं दिया तो मां के शव को ठेले पर लादकर ले गया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

अमृत विचार: बिलसंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संवेदनहीनता की तस्वीर सामने आई है। अधीक्षक समेत अन्य जिम्मेदारों की करतूत से स्वास्थ्य विभाग शर्मसार हो रहा है। झोपड़ी में अलाव से लगी आग में झुलसने से जान गंवाने वाली महिला की मौत सीएचसी में हुई तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

परिजनों ने शव वाहन मुहैया कराने की मांग की तो जिम्मेदारों ने शव वाहन देने से इनकार कर दिया। मजबूरन मृतका के बेटे समेत अन्य परिजनों को शव ठेले पर लादकर सीएचसी से ले जाना पड़ा। उसके बाद अंतिम संस्कार किया। इस किसी ने सीएचसी में शव ठेले पर रखने के दौरान वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद सीएमओ ने तत्काल कार्रवाई कर दी। सीएचसी अधीक्षक और फार्मासिस्ट को मुख्यालय से अटैच करने के साथ वार्ड ब्वॉय को निलंबित कर दिया।

बिलसंडा क्षेत्र के गांव गौहनिया निवासी 90 वर्षीय देवकी देवी झोपड़ी में अकेले रहती थी। कुछ दूरी पर दूसरी झोपड़ी में बेटा विजयपाल परिवार के साथ रहता है। 26 जनवरी की रात शीतलहर से राहत पाने के लिए वृद्धा ने झोपड़ी में अलाव जलाया था। अलाव से उठी चिंगारी से झोपड़ी में आग लगी और वृद्धा देवकी देवी चपेट में आ गई। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई थी। परिजन वृद्धा को सीएचसी बिलसंडा ले गए थे। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। बेटे विजयपाल व अन्य परिवार वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था। मगर, गांव तक मां का शव ले जाने के लिए वाहन की मांग की थी। आरोप है कि सीएचसी के जिम्मेदारों ने शव ले जाने के लिए शव वाहन मुहैया कराने से इनकार कर दिया। रात भी सीएचसी में ही शव रहा। दूसरे दिन 27 जनवरी की सुबह परिवार ने ठेले की व्यवस्था की और फिर उसी पर गद्दे-चादर बिछाकर शव को बांधकर रखा और सीएचसी से लेकर गए। सोमवार रात सीएचसी से ठेले पर लादकर शव ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। जिम्मेदारों की लापरवाही फजीहत का सबब बन गई। इस वायरल वीडियो का संज्ञान में आने पर वरिष्ठ अधिकारी हरकत में आ गए।

जांच के आदेश दिए। वहीं, प्रथम दृष्टया लापरवाही मानते हुए सीएचसी अधीक्षक बिलसंडा डॉ. मनीष राज शर्मा, फार्मासिस्ट एएन अंसारी को सीएचसी से हटाकर जिला मुख्यालय से अटैच कर दिया। जबकि वार्ड ब्वॉय एमके पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। पूरे प्रकरण की जांच एसीएमओ स्तर के अधिकारी से कराई जाएगी।

ठेले पर रखकर महिला का शव ले जाता परिवार। अमृत विचार

कालपी के स्थलों का वेद-पुराणों में भी जिक्र

कालपी। एक दिवसीय दौरे पर जिले में आए विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना का कालपी यमुना पुल पर जोरदार स्वागत हुआ। यहां पर कालपी के स्थलों पर गए और कहा कि इस धार्मिक नगरी के स्थलों का तो वेद पुराणों में भी जिक्र मिलता है। यहां के बाद वह चमारी गांव में आयोजित भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचे।

कालपी में पूर्व विधायक डॉ. अरूण मेहरोत्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ नें विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का स्वागत किया। महाना ने अंग्रेजों के खिलाफ लडी जंग में 42 दिन अज्ञातवास में बिताए झांसी की रानी के उस प्रदेश देवालय के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

सतीश महाना।

एसी वाले घरों को चिह्नित करने की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने पावर कारपोरेशन के निदेशक को भेजा प्रस्ताव

अमृत विचार। घरों में एसी का इस्तेमाल करने वाले बिजली उपभोक्ता चिन्हित होंगे। इस सिलसिले में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने पावर कॉरपोरेशन के निदेशक आईटी को प्रस्ताव भेजा है। कहा गया है कि बिलिंग मास्टर डाटा में एसी के इस्तेमाल की जानकारी भी शामिल की जाय। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है।

घाटे का सामना कर रही वितरण बिजली कंपनियां राजस्व वसूली बढ़ाने की कवायद में जुटी हैं। सूत्रों के अनुसार मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत के निर्देश पर निगम के निदेशक वाणिज्य ने कॉरपोरेशन के निदेशक आईटी को प्रस्ताव भेजा है। इस प्रस्ताव में अयोध्या के मुख्य अभियंता की ओर से तैयार प्रस्ताव का हवाला दिया गया है। सूत्रों के अनुसार प्रस्ताव में तर्क दिया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता भी एसी का इस्तेमाल करते हैं, जबकि उनसे बिल के तौर पर निर्धारित धनराशि ही ली जा रही है। ऐसे बिजली उपभोक्ताओं को चिन्हित कर उनका भार बढ़ाया जाय। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिलिंग में एसी की जानकारी लेने से उपभोक्ताओं का शोषण बढ़ेगा। शहरी क्षेत्रों में तो मीटर रीडिंग के अनुसार बिल वसूला जा रहा है।

एक नजर

अब पहली तारीख तक मिल जाएगा संविदा कर्मियों को वेतन

अमृत विचार, लखनऊ : अब प्रत्येक माह की एक तारीख तक संविदा बिजली कर्मियों का वेतन का भुगतान किया जाएगा। पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने इस सिलसिले में सभी वितरण कंपनियों को निर्देश जारी किया है। कॉरपोरेशन के निर्देश के बाद वितरण कंपनियों ने भी मुख्य अभियंताओं को निर्देश जारी कर आउटसोर्स एजेंसियों को निर्देश सुनिश्चित कराने को कहा है। कॉरपोरेशन के निर्देश में कहा गया है कि वितरण कंपनियों की ओर से हर हाल में महीने की 25 तारीख तक आउटसोर्स एजेंसियों को धनराशि अवमुक्त की जाए। माह के अंत तक आउससोर्स एजेंसियां आउटसोर्स कर्मियों के बैंक खाते में वेतन की धनराशि स्थानांतरित करें। आगामी माह की चार तारीख तक आउससोर्स एजेंसियां संविदा कर्मियों के ईपीएफ आदि अंशदान का भुगतान सुनिश्चित करेंगी।

महिलाओं को रोजगार देने में बरेली अव्वल, लखनऊ पीछे

आजीविका का दावा पर स्वयं सहायता समूहों को एनआरएलएम के तहत नहीं बांट पाए ऋण

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

एक्सक्लूसिव

- सीएम डैशबोर्ड में अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत शीर्ष पांच में शामिल
- लखनऊ 38वें स्थान पर आकर डी ग्रेड में

अमृत विचार : राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत प्रदेश में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए गठित स्वयं सहायता समूह खोखले साबित हुए। मिशन ने महिला समूहों का गठन तो खूब किया, लेकिन उन्हें चलाने के लिए बैंकों से ऋण नहीं दिला पाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर तक बात करें तो समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज यानी ऋण दिलाने में बरेली पहले स्थान पर है। जबकि अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत भी टॉप-5 में हैं। लेकिन राजधानी लखनऊ 38वें स्थान पर है। यह प्रगति मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से सामने आई है। जो पारदर्शिता के साथ मिशन के कार्य और लापरवाही बता रही है। दिसंबर में राजधानी को खराब प्रगति पर डी ग्रेड श्रेणी में रखा गया है। यहां 2892 समूह को क्रेडिट लिंकेज कराने का लक्ष्य था जिसमें 1,147 समूह का लक्ष्य ही हासिल हुआ। इससे जिले की प्रगति 39.66 प्रतिशत है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि यह कार्य जिले के हैं। वहां के अधिकारियों को ही प्रगति सुधारनी है।

टॉप जिलों का प्रतिशत

बरेली	- 96.74
अंबेडकर नगर	- 89.98
बलिया	- 87.36
मथुरा	- 83.56
बागपत	- 78.42

फिसड्डी जिलों का प्रतिशत

गोंडा	- 10.3
सीतापुर	- 10.91
बाराबंकी	- 11.80
संभल	- 11.92
हमीरपुर	- 11.96

गोंडा, सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर फिसड्डी

स्वयं सहायता समूहों का गठन करना और उन्हें ऋण दिलाने का कार्य बरेली, अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत ने बेहतर किया है। इससे इन जिलों को टॉप-5 पर रखा गया है। जबकि सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर सबसे खराब प्रगति पर नीचे रखे गए हैं। इनके अलावा अन्य जिलों की भी प्रगति बेहद खराब है। लखनऊ की खराब प्रगति का जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने संज्ञान लिया है और बुधवार को बैठक रखी है। मिशन इस खराब प्रगति का कारण नवंबर से चल रही कर्मियों की हड़ताल बता रहा है। तो वहीं बैंकों द्वारा रुचि न लेने का भी हवाला दिया जा रहा है।

नहीं चल रही विभागों की आंकड़ेबाजी

दरअसल, इस वर्ष मुख्यमंत्री डैशबोर्ड लागू हुआ था। इसमें विभागों द्वारा लक्ष्य पूर्ति आदि की प्रगति ऑनलाइन फीड की जाती है। डैशबोर्ड विभागों की वेबसाइट के साथ शासन से लिंक है। इसलिए इसमें प्रगति के फर्जी आंकड़े या फिर एडवांस विभाग नहीं भर पा रहे हैं। जो नीचे कुछ और ऊपर कुछ भेजते थे। इसलिए ज्यादातर विभागों की सही प्रगति अब सामने आ रही है।

फरवरी में ही कराने होंगे 57 हजार जोड़ों के विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फरवरी अंतिम या मार्च प्रथम सप्ताह में लग सकती है लोस चुनाव की आचार संहिता

अमृत विचार : प्रदेश के 75 जिलों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लक्ष्य फरवरी में ही हासिल करना होगा। मार्च के प्रथम सप्ताह में आचार संहिता लगने की संभावना है। अभी तक प्रदेश में 1 लाख 22 हजार जोड़ों ने विवाह के लिए आवेदन किया है और 65 हजार का विवाह कराया जा चुका है।

बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जाता है। एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। दाम्पत्य जीवन की खुशहाली एवं गृहस्थी के लिए 35 हजार रुपये कन्या के खाते में डाले जाते हैं। जबकि शेष राशि आयोजन पर खर्च की जाती है। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभी तक 65 हजार से अधिक जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। जबकि 57 हजार जोड़ों का विवाह इस माह ही कराने की तैयारी है, क्योंकि फरवरी के अंतिम सप्ताह में या मार्च के प्रथम सप्ताह में लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लग सकती है।

फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही पर योगी सख्त

क्षतिग्रस्त फसलों के दोबारा सत्यापन में ढिलाई पर जताई नाराजगी, 17 जिलों के एडीएम से मांगा जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद अधिकारियों ने वंचित किसानों का फिर से सर्वे कराकर शासन से की है बजट की मांग

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्ती दिखाई है। योगी ने क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के अधिकारियों से जवाब तलब किया है। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिये हैं।

दरअसल, बीते दिनों मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में पाया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हजारों किसानों को डाटा फीडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं किया जा सका। उन्होंने दोबारा सत्यापन करा मुआवजे से वंचित किसानों को सहायता राशि देने के निर्देश दिये थे। इस निर्देश के बाद भी कई जिलों के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों का सर्वे नहीं कराया। इसकी वजह से समय से किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका।

मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद हरकत में आए अधिकारियों ने अपने-अपने जिले में मुआवजे से वंचित किसानों का दोबारा सर्वे कराकर शासन से बजट की मांग की है। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि जिलों से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा देने के लिए मांग के अनुसार धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। अभी तक 35 करोड़ से अधिक की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों को जल्द से जल्द मुआवजे से छुटे किसानों का सत्यापन कराकर धनराशि की मांग करने के निर्देश दिये गये हैं ताकि कोई भी किसान इससे वंचित न रह जाए।

सभी जिलों से जवाब मिलते ही रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। बाद में आगे की कार्रवाई की जाएगी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसानों को मुआवजा धनराशि सर्वे के 24 घंटे में डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी जा रही है।

इन जिलों के जिम्मेदारों को किया तलब

अपर मुख्य सचिव राजस्व ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 17 जिलों के एडीएम एफआर से लापरवाही पर जवाब तलब किया गया है। इनमें अलीगढ़, हाथरस, बाराबंकी, मऊ, बरेली, बदायूं, अंबेडकरनगर, शाहजहांपुर, महोबा, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, झांसी, ललितपुर, गाजियाबाद, बिजनौर और कौशांबी के एडीएम एफआर शामिल हैं। सभी एडीएम को एक हफ्ते में अपना जवाब शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रभावित किसानों को दी धनराशि

साल 2021-22 में उप्र. के 75 जिलों के क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित 13,97,480 से अधिक किसानों को 5,08,31,80,715 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी गई। वहीं साल 2022-23 में 10,44,387 से अधिक किसानों को 4,25,22,41,276 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी गई, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनवरी तक 1,87,845 से अधिक किसानों को 80,88,68,299 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि वितरित की जा चुकी है।

यूपी की झांकी को मिला द्वितीय पुरस्कार

- सूचना निदेशक को नई दिल्ली में प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

नई दिल्ली में पुरस्कार प्राप्त करते उप्र सूचना विभाग के निदेशक शिशिर, साथ में अन्य।

अमृत विचार : नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस परेड में 'विकसित भारत-समृद्ध विरासत' की थीम पर सजाई गई प्रदेश की मनोरम झांकी ने दूसरा स्थान हासिल किया है। उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक शिशिर को भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया। हालांकि जबकि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की झांकी ने पहला पुरस्कार जीता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास पथ पर तेजी से दौड़ रहे प्रदेश की सजाई गई झांकी ने इसबार सबका मन मोह लिया था। इसीलिए पीपुल्स च्वॉइस के आधार पर प्रदेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। 26 जनवरी को 16 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के साथ ही 9 अलग-अलग मंत्रालयों व विभागों की कुल 25 झांकियां निकली थीं। लेकिन जनता ने जब वोटिंग की तो, उप्र काफी आगे निकल गया।

मंगलवार को नई दिल्ली में पुरस्कार पाने के बाद निदेशक शिशिर ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की थीम पर सजाई गई प्रदेश की इस झांकी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही रैपिड रेल, ब्रह्मोस मिसाइल के प्रदर्शन तकनीक के साथ ही आत्मनिर्भर होते प्रदेश की झलक पेश कर रहा था।

लगातार 5वें वर्ष मिला सम्मान

प्रदेश के लिए यह गौरव का क्षण है। गणतंत्र दिवस परेड में आकर्षक झांकी के लिए लगातार पांचवें वर्ष सम्मानित किया गया। 2020 में यूपी की झांकी को द्वितीय, 2021 व 2022 में प्रथम पुरस्कार मिला था। 2023 में पीपुल्स च्वॉइस श्रेणी में द्वितीय व तृतीय पुरस्कार यूपी के खाते में आया। वहीं 2024 में भी पीपुल्स च्वॉइस श्रेणी में उत्तर प्रदेश की झांकी दूसरे स्थान पर रही।

मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना की गाइडलाइन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जीएसटीआईएन व टीईएन नंबर वाले उद्यमी योजना का लाभ नहीं ले सकते

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सूक्ष्म दुर्घटना बीमा योजना की नियमावली जारी कर दी गई है। जीएसटीआईएन/टीईएन नंबर वाले उद्यमी योजना का लाभ नहीं ले सकते। साथ ही, 18 से 60 वर्ष आयु के उद्यमी ही ऑनलाइन पंजीकरण कराने के लिए पात्र होंगे।

बीते 21 अगस्त 23 को विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना शुरू की थी। योजना के अंतर्गत पांच करोड़ रुपये से कम पूंजी और 40 लाख रुपये से कम टर्नओवर वाले छोटे उद्यमियों को पांच लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर मुहैया कराया जाएगा। इस श्रेणी के प्रदेश में 90 लाख एमएसएमई हैं, जो भारत के सभी राज्यों में प्रथम स्थान पर हैं। भारत की कुल एमएसएमई संख्या 6.33 करोड़ में प्रदेश का हिस्सा लगभग 14 प्रतिशत है। प्रदेश के कुल औद्योगिक उत्पादन में एमएसएमई क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 60 फीसदी है।

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत जीएसटीआईएन व टीआईएन लेने वाले उद्यमी इस योजना का लाभ नहीं उठा सकेंगे। एमएसएमई विभाग ने इस संबंध में जारी शासनादेश में कहा है कि विभागीय पोर्टल msme.up.gov.in पर 18 से 60 वर्ष के एमएसएमई उद्यमी ऑनलाइन आवेदन करेंगे। योजना के प्रथम वर्ष में ऐसे सूक्ष्म उद्यमी जो 14 अगस्त 2023 तक उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकृत हैं, और जीएसटी विभाग द्वारा संचालित बीमा योजना से आच्छादित नहीं हैं, वही उद्यमी दुर्घटना होने की स्थिति में पात्र माने जाएंगे। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से योजना संचालित होगी। उद्यमी द्वारा पोर्टल पर आवेदन के साथ 10 रुपये के स्टांप पेपर पर तय प्रारूप पर ब्यौरा देना होगा। इसमें बताना होगा कि उद्यमी वास्तविक रूप से उत्पादन अथवा सेवा क्षेत्र में कार्यरत है। साथ ही राज्य सरकार की किसी अन्य दुर्घटना बीमा से आच्छादित नहीं है।

आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण आवश्यक है। भाजपा आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है। वह संविधान को भी बदलना चाहती है। 2024 के बाद लोकतंत्र पर खतरा है। भाजपा जनता को धोखा दे रही है। हालात अच्छे नहीं है। ये विचार समाजवादी पार्टी मुख्यालय के लोहिया सभागार में में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को व्यक्त किए।

अखिलेश ने अपने कार्यकर्ताओं को चेताया कि सन 2022 का परिणाम सबको निगाह में रखना चाहिए। जनता ने तो सपा के पक्ष में फैसला कर लिया था, लेकिन प्रशासनिक धांधली कर मतदाता सूची में गड़बड़ी करके जनता के निर्णय से खिलवाड़ किया गया। हमें इसलिए हर स्तर पर 2024 के चुनाव को गम्भीरता से लेना है।

सपा प्रमुख ने राष्ट्रपिता को किया याद

लखनऊ : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को सपा के राज्य मुख्यालय में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अखिलेश यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता के रास्ते पर चलने और उनके सपनों को पूरा करने का हमें संकल्प लेना है।

प्रशिक्षु अधिकारियों को मुख्य सचिव ने समझाई जिम्मेदारी

अमृत विचार, लखनऊ : प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) 2021 बैच के 47 प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें समानता के सिद्धांतों को कायम रखते हुए पक्षपात या भेदभाव के बिना कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को उनकी पृष्ठभूमि या संबद्धता की परवाह किए बिना समान अवसर देकर और उचित व्यवहार करके उनमें शासन के प्रति विश्वास जगाना होगा। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा के अधिकारियों की एक अहम जिम्मेदारी होती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों मिले, उनके जीवन में किस प्रकार से बदलाव लाया जाय, इस दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य करना होगा।

विपक्षी भी मोदी की सरकार बनाने में कर रहे सहयोग : राजभर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को कहा है कि विपक्ष भी केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने में सहयोग कर रहा है। कुछ नेता करीब आकर तो कुछ नेता दूर से ही सहयोग करने में जुटे हैं। नीतीश कुमार एनडीए में आकर अब करीब से साथ दे रहे हैं तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी दूर से ही सहयोग कर रहे हैं।

पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में राजभर ने सवाल किया कि दिनभर भाजपा के खिलाफ बयानबाजी करने वाले अखिलेश भाजपा के बड़े नेताओं के पास गुलदस्ता लेकर क्यों जाते हैं? सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के बारे में राजभर ने कहा कि वह इस समय दुखी हैं। क्योंकि, उनके हिसाब से सपा नहीं चल रही है। वहीं सुभासपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर ने यहां कहा, पश्चिमी उप्र. में राजभर की सभाओं में उमड़ रही भीड़ को देख अखिलेश घबरा गए हैं।

वर्ग पहेली-328

बाएं से दाएं

4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।
8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।

ऊपर से नीचे

1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।
2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक
3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का श्रृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।
5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।
6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी
7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।



वर्ग पहेली - 327 का हल

1 हु	2 मा	यूँ		3 शि
	यू		4 जी	ली
	5 स	रा	व	गी
		लो		
	6 घ	7 म	क	ना
		सू		8 थो
9 ओ	गा	र	ना	ड़ा

सुडोकू-45

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2				8		
		1	5					7
	3			8		9		4
		5	2			7		8
	8						9	
2		9			6	1		
7		3		9			8	
					1	5		
		6				3		

सुडोकू - 44 का हल

5	8	9	1	4	3	6	2	7
4	2	1	9	7	6	3	8	5
6	3	7	2	5	8	1	9	4
8	6	2	4	3	7	9	5	1
7	9	4	5	8	1	2	6	3
3	1	5	6	9	2	4	7	8
2	4	3	7	6	5	8	1	9
1	7	8	3	2	9	5	4	6
9	5	6	8	1	4	7	3	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 11.36 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.58-12.42 तक।
दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 1 फरवरी 01.08 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

वृष — आज दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

मिथुन — आज कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें। किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। अप्रत्यक्ष रूप से आपके दुश्मन खड़े हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

कर्क — आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारंभिक हिस्सा आपके लिए बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

सिंह — आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर अधीर न रहें। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपके द्वारा बोले गए वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

कन्या — आज आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक होगा। नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसके लिए अपना टीम मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें।

तुला — आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। बाधाओं के साथ काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारी की डांट खानी पड़ सकती है।

वृश्चिक — आज इंटरनेट के माध्यम से कुछ सीखने-पढ़ने का प्रयास करेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

धनु — आज सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। एकांतवास में रहने से मन हल्का होगा। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

मकर — आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। गुप्त प्रेम संबंधों के खुलने का भय हो सकता है। तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है।

कुंभ — आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

मीन — आज भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। विवाहेतर संबंधों को यथासंभव टालने का प्रयास करें। आपको पर्याप्त मात्रा में नींद लेनी चाहिए। जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। बिजनेस के नए अवसर मिल सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.00
- रंग — रात : 07.00

SONY PIX
- मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 09.54
- स्पाइडर मैन 2 — रात : 08.45

SONY SMAX
- सेटर्स — सुबह : 10.46
- केजीएफ : चेप्टर 2 — रात : 09.02

ZEE CINEMA
- आवारापन — सुबह : 10.30
- रावणासुर — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- दस — सुबह : 09.53
- मोतीचूर चकनाचूर — रात : 10.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-09.02 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई।
लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 838।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5200-5400
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	4400-4500
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14800-15000
अरहरस्पेशल1	12400-12600
चनादाल	6850-6950
मटरदाल	5400-5500
मसूरमलका	7050-7100
मसूरदाल	7050-7100
उड़ददाल	8500-12000
उड़द धोवा	10000-12500
मूँगदाल	9000-10500
मूँग धोवा	9500-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	9100-11000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	7000-8000
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5050-5100
अलसी	4500-4600 रुपये।

डिजिटलीकरण से जवाबदेही में होगा सुधार

अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र में एआरडीबी, आरसीएस के कंप्यूटरीकरण की शुरू कीं परियोजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 225 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों और सहकारी समितियों के पंजीयक के लिए कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम शुरू किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के प्रयासों से उनके कामकाज में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार लाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) और सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) के लिए कंप्यूटरीकरण परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है।

शाह ने कहा कि परियोजनाएं संपूर्ण सहकारी तंत्र को एक डिजिटल मंच पर लाकर इसका आधुनिकीकरण करेंगी और इसकी दक्षता बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा- इससे सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि कंप्यूटरीकरण की कुल लागत 225 करोड़ रुपये होगी, जिसमें से 95 करोड़ रुपये आरसीएस के कंप्यूटरीकरण पर खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआरडीबी के कंप्यूटरीकरण से किसानों को मध्यम और दीर्घकालिक ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी, कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण जरूरी था।

अमित शाह ने कहा कि किसानों को दीर्घावधि ऋण सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए इन एआरडीबी को पैक्स से जोड़ने की योजना है। पहली पहल के तहत, 13 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में एआरडीबी की 1,851 इकाइयों को कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा।

किसानों के विकास के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता

जबलपुर (मप्र)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर क्षेत्र में 2,367 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जबतक देश के गांवों, गरीबों, मजदूरों और किसानों का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने न केवल सड़कें बनाई हैं, बल्कि पानी को इकट्ठा करने के लिए तालाब भी बनाए हैं जिससे जल संरक्षण भी होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा-जबतक गांव, गरीब, मजदूर तथा किसान का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'स्मार्ट' शहर के साथ 'स्मार्ट' गांव विकसित करने की जरूरत है और इसमें सड़कों की अहम भूमिका है।

जी-सोनी विलय: एनसीएलटी ने सोनी को जारी किया नोटिस

मुंबई। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलटी) ने जी एंटरटेनमेंट के एक शेयरधारक की उस याचिका को मंगलवार को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने अपनी भारतीय इकाई का सोनी के साथ विलय करने का अनुरोध किया था। नियामक की मंजूरी के बावजूद इस विलय समझौते को पिछले सप्ताह समाप्त कर दिया गया था। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज (जील) के शेयरधारक मैड मेन फिल्म वेंचर्स द्वारा दायर एक याचिका पर सोनी को नोटिस जारी किया। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के नाम से जाना जाता था।

ईपीएस-95 में न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर 7,500 रुपये मासिक करने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **पेंशनभोगियों ने भूख हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी**

सेवानिवृत्ति कोष प्रबंधक ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना-1995 (ईपीएस-95) के तहत न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग को लेकर पेंशनभोगियों ने मंगलवार को भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ईपीएस-95 योजना के तहत पेंशनभोगियों को इस समय 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन मिलती है। यह पेंशन सितंबर, 2014 में लागू नियमों के मुताबिक दी जा रही है। पेंशनभोगियों ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे 31 जनवरी को भूख हड़ताल शुरू करेंगे। देशभर से 50,000 से अधिक पेंशनभोगियों के इस आंदोलन में शामिल होने की उम्मीद है। ईपीएफओ के आंकड़े से पता चलता है कि देशभर में 78 लाख पेंशनभोगी हैं।

पेंशनभोगियों की मांगों के लिए संघर्षरत समिति ने बयान में कहा- ईपीएस-95 की राष्ट्रीय आंदोलन समिति के नेतृत्व में पेंशनभोगी न्यूनतम पेंशन को 7,500 रुपये प्रति माह तक बढ़ाने एवं अन्य लाभों की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर 31 जनवरी से दूसरी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। समिति ने कहा कि केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेन्द्र यादव के आश्वासन के बावजूद उनकी मांगें पूरी नहीं की गयी हैं। समिति के अध्यक्ष अशोक राउत ने कहा- यह हमारी अंतिम चेतावनी है। बार-बार आश्वासन देने के बावजूद हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,650
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,300
गिन्नी (प्रति नग)	47,900-48,100
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,800
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,500
चांदी तैयार	73,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,800
सोना जेवरात गिन्नी	62,800
चांदी पक्की	727 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,000
चांदी आभूषण	73,750।

कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, दवा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजनाओं में बदलाव पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और दवा सहित कुछ क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं में बदलाव करने पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि शीर्ष अधिकारियों से बदलावों की मंजूरी लेने के लिए मंत्रिमंडल टिप्पणी (नोट) को अंतिम रूप दिया गया है। बदलावों से इन क्षेत्रों को अधिक कंपनियों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस योजना की घोषणा 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2021 में 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी। इसमें दूरसंचार, 'व्हाइट गुड्स', चिकित्सकीय उपकरणों का विनिर्माण, मोटर वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, ड्रोन और दवा शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक जैसे कुछ क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि अन्य का प्रदर्शन अभी तक उतना अच्छा नहीं रहा है। सरकार ने अक्टूबर तक इलेक्ट्रॉनिक और दवा समेत आठ क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।

सोना 200 रुपये मजबूत चांदी में भी 300 रुपये की हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 200 रुपये की तेजी के साथ 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये की मजबूती के साथ 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

सेंसेक्स 801 अंक फिसलकर 71,139 पर बंद

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में हुई जमकर बिकवाली**

स्थानीय शेयर बाजार में एक दिन की जोरदार तेजी के बाद मंगलवार को फिर नरमी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 802 अंक लुढ़क गया। मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 801.67 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,139.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 865.85 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.50 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ

21,522.10 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस 5.03 प्रतिशत नीचे आया। तिमाही परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तपसे ने कहा कि कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख का भी घरेलू बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा-बजट आने में एक दिन बचा है, ऐसे में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया है।

राष्ट्रीय

हमें नीतीश कुमार की कोई जरूरत नहीं: राहुल

भारत जोड़ो-न्याय यात्रा: पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में रैली को कांग्रेस नेता ने किया संबोधित

पूर्णिया, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के साथ हाथ मिलाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों का महागठबंधन जदयू अध्यक्ष के बिना राज्य में समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा-(हमें) नीतीश जी की कोई जरूरत नहीं है... हमें उनकी बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा-हम किसानों के हितों के लिए लड़ते रहेंगे। बिहार में किसान आर्थिक अन्याय के शिकार हैं। राहुल गांधी ने कहा-देश को ओबीसी, दलित, आदिवासियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों आदि की आबादी की सटीक संख्या निर्धारित करने के लिए एक्सरे की आवश्यकता है। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राहुल गांधी की यह पहली बड़ी रैली है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को बिहार के पूर्णिया में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए। ● एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को पूर्णिया पहुंची। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्णिया नहीं पहुंच सके। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद ने कहा कि दृश्यता कम होने के कारण उनका (खड़गे का) विमान पूर्णिया हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच सका। रैली को खरगे ने अपने एक वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।

विपक्षी गठबंधन खुद ही मर जाएगा : प्रल्हाद जोशी

नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को विपक्षी दलों के गठजोड़ इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का, उसे "ब्रेन डेड" कहकर मजाक उड़ाया और कहा कि यह एक अप्राकृतिक गठबंधन है और जल्द ही अपनी मौत मर जाएगा"। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि अन्य दलों के साथ झगड़ा करना कांग्रेस का स्वभाव है।

बलात्कार पीड़िता को मिली 23 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक फैसले में एक बलात्कार पीड़िता की 23 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति दे दी और राज्य सरकार के स्वामित्व वाले अस्पताल को इस उद्देश्य के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की सलाह भी दी है। अदालती सूत्रों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। 27 वर्षीय पीड़िता एक समस्या का सामना कर रही थी और 21 सप्ताह के बाद जब उसकी गर्भावस्था का पता चला तो वह एक दर्दनाक स्थिति में थी। देश के कानून के अनुसार 20 सप्ताह या उससे अधिक पुरानी गर्भावस्था को अदालत की अनुमति के बाद ही समाप्त किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य ने मामले की सुनवाई करते हुए दक्षिण कोलकाता के एमआर बांगुर अस्पताल को एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया।

जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंध पर समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट सेवाओं की बहाली के लिए याचिकाओं पर विचार करने के समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। साथ ही न्यायालय ने प्रशासन से उन्हें प्रकाशित करने के लिए भी कहा।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज को निर्देश लेने और सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत को अवगत कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। पीठ 'फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स' द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंधों पर केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली एक विशेष समिति द्वारा पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करने की मांग की गई थी। नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता समिति के विचार-विमर्श के प्रकाशन की मांग कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-समीक्षा आदेश किसलिए हैं? समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। कहा-समिति के विचार-विमर्श को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं हो सकता है, लेकिन पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करना आवश्यक है।

उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी

शुआट्स के कुलपति और अन्य को धर्मांतरण मामले में प्राप्त गिरफ्तारी से संरक्षण बढ़ा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध धर्मांतरण, दुष्कर्म और अनैतिक तस्करी के एक मामले में उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) के कुलपति राजेंद्र बिहार लाल और संस्थान के कुछ अन्य अधिकारियों को प्राप्त गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण मंगलवार को बढ़ा दिया।

विश्वविद्यालय की एक पूर्व संविदा कर्मचारी ने उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में चार नवंबर, 2023 को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कुलपति की याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-अगली सुनवाई की तारीख तक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

एक नजर

राष्ट्रपति, मोदी ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर यहां राजघाट पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपिता के सम्मान में कुछ देर का मौन भी रखा गया मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं।

धर्मांतरण के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

पत्थलगांव। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में धर्मांतरण के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोकड़ा गांव में बगैर अनुमति के एक बड़ी धार्मिक सभा का आयोजन किया गया था। धर्मांतरण का आयोजन देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने रफैल नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ,जबकि ओड़िसा ईसाई मिशनरी का पास्टर सहित अन्य लोग पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही फरार हो गए।

जब तक जीवित हूं, सीएए लागू नहीं होने दूंगी : ममता

रायगंज (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएए का मुद्दा उठाने के लिए मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने जीवनकाल में राज्य में इसे लागू नहीं होने देंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लाभ लेने के लिए आगामी चुनावों से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम यानी सीएए का मुद्दा उठाया है। बनर्जी ने कहा, चुनाव नजदीक आते देख, भाजपा ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए फिर से सीएए का मुद्दा उठाया है। लेकिन मैं यह स्पष्ट कर दूं कि जब तक मैं जीवित हूं, पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं होने दूंगी।

प्रेम प्रसंग में शिक्षक ने 2 सहकर्मियों की गोली मारकर की हत्या

रांची, एजेंसी

▸▸ **झारखंड के गोड्डा जिले के एक स्कूल में हुई वारदात**

झारखंड के गोड्डा जिले में एक सरकारी स्कूल के एक शिक्षक ने 'प्रेम प्रसंग' को लेकर अपने दो सहकर्मियों की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में खुद को भी गोली मारकर बुरी तरह घायल कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर पोरइयाहाट के चतरा अपग्रेडेड स्कूल में पूर्वाह्न करीब 11 बजे घटी। गोड्डा के पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने बताया-दो शिक्षकों के शव स्कूल के एक कमरे में खून से लथपथ मिले जिनमें एक महिला थी। वहीं आरोपी शिक्षक भी गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गोली चलने की आवाज सुनी तो वे वहां पहुंचे और कमरे को अंदर से बंद पाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ दिया लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

संयुक्त परिवार का चलन समाप्त होने से वृद्धजनों की नहीं हो पा रही देखभाल

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी

बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अपनी मां के घर को खाली करने का आदेश दिया जिस पर उसने और उसकी पत्नी ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। अपने फैसले में अदालत ने टिप्पणी की है कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण बुजुर्गों की उनके स्वजनों द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है।

न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि उम्र बढ़ना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है और इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, "संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण, बड़ी संख्या में बुजुर्गों की देखभाल उनके परिवार द्वारा नहीं की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप, कई बुजुर्ग व्यक्ति, विशेष रूप से विधवा महिलाएं अब अपने जीवन के अंतिम वर्ष अकेले बिताने को मजबूर हैं और भावनात्मक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं तथा भौतिक व वित्तीय सहायता की कमी से जूझ रहे हैं।" यह आदेश उपमंडल अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक रखरखाव न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के सितंबर 2021 के आदेश के खिलाफ दिनेश चंदनशिवे द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया था, जिसमें उन्हें उपनगरीय मुलुंड में अपनी बुजुर्ग मां लक्ष्मी चंदनशिवे के आवास को खाली करने का निर्देश दिया गया था। महिला के अनुसार, 2015 में उसके पति की मृत्यु के बाद, उसका बेटा और बहू उससे मिलने आए और उसके बाद घर छोड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर उसे परेशान किया और उसे घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। बाद में महिला अपने बड़े बेटे के साथ ठाणे में रहने लगी। उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी और व्यक्ति और उसकी पत्नी को 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने का निर्देश दिया।

बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों को दिया गया आश्वासन**

सरकार ने मंगलवार को विभिन्न दलों के नेताओं से कहा कि वह 31 जनवरी से आरंभ हो रहे संसद के बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। बजट सत्र के मद्देनजर सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि बैठक में बातचीत बहुत सौहार्दपूर्ण रही और सरकार इस छोटे सत्र के दौरान हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव से पहले यह आखिरी सत्र है।

रक्षामंत्री और लोकसभा में सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जदयू के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्होंने असम में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो-न्याय यात्रा पर हिंसक हमले और उस पर राज्य सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदियों का मुद्दा उठाया। उच्च सदन में कांग्रेस के उप नेता तिवारी ने संवाददाताओं से कहा कि देश में अघोषित तानाशाही कायम है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद जैसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। इस बार 31 जनवरी से 9 फरवरी के बीच संसद सत्र होगा।

सांसदों का निलंबन वापस लिया जाएगा

संसद के बजट सत्र में संसद में अनुकूल माहौल बनाने के लिए सरकार ने पिछले सत्र में निलंबित सांसदों का निलंबन वापस लेने का प्रस्ताव किया है और दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बुधवार से शुरु हो संसद के संक्षिप्त बजट सत्र से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने सांसदों का निलम्बन वापस लेने के बारे में लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्यसभा के सभापति से बात की है। उन्होंने कहा कि बैठक में कुल 30 दलों के 45 नेताओं ने हिस्सा लिया और सभी ने अनुकूल माहौल में अपनी बातें रखी। बैठक में सरकार ने सांसदों से आग्रह किया है कि यह 17वीं लोकसभा का आखिरी और बहुत छोटा सत्र हैं। सत्र में संसद का काम पूरा हो सके इसलिए सौहार्दपूर्ण माहौल में संसद चलाने और सदन में तख्तियां लेकर नहीं आएं।

राजस्थान पीएफआई षड्यंत्र मामले में तीन के खिलाफ आरोप-पत्र दायर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने को उन्हें लड़ने के लिए हथियारों का प्रशिक्षण देने से संबंधित मामले में प्रतिबंधित पीएफआई के तीन कार्यकर्ताओं के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर रोकथाम की कार्रवाई करते हुए राजस्थान पीएफआई षड्यंत्र मामले में वाजिल अली, मुबारक अली और शमशेर खान के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया गया है।

राहुल और जडेजा के चोटिल होने से बढ़ीं चयनकर्ताओं की मुश्किलें

पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर श्रृंखला में वापसी करने पर

नई दिल्ली, एजेंसी

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के पहले टेस्ट मैच में चोटें लगने से चयनकर्ताओं के सामने दुविधा पैदा हो गई है कि उनकी जगह किन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाए। दरअसल पहले मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला में वापसी पर है। जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन करके मैच अपने पाले में कर लिया।

4 स्पिनरों के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

भारतीय टीम इंग्लैंड की तरह ही 4 स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ उतर सकती है। ऐसे में मोहम्मद सिराज पर कुलदीप को तरजीह मिलेगी ताकि सरफराज या वॉशिंगटन को मध्यक्रम में उतारा जा सके। जडेजा की ही तरह सौरभ बाएं हाथ के स्पिनर हैं और हाल ही में शतक भी लगा चुके हैं।

रविंद्र जडेजा और राहुल का विकल्प तलाशना मुश्किल

जडेजा और राहुल दोनों ही मांसपेशियों में दर्द से जूझ रहे हैं। जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिए भी मुश्किल है और राहुल वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं। विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं। लिहाजा शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। रजत पाटीदार हैदराबाद में भारत की 15 सदस्यीय टीम में थे। वह मध्यक्रम में राहुल की जगह ले सकते हैं, जबकि जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

अनिल कुंबले ने कुलदीप यादव को दी तरजीह

स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जाएगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिए। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है। चार टेस्ट के अपने कॅरिअर में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके ऑफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। उन्होंने पांच पारियों में नाबाद 85 और नाबाद 95 रन बनाए हैं और दो विकेट भी लिए हैं।

पूर्व चयनकर्ता ने दी 3 स्पिनरों के साथ उतरने की सलाह

पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है। हमें इंग्लैंड की नकल करके चार स्पिनरों को उतारने की जरूरत नहीं है। अपनी धरती पर दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर हमारी ताकत रहे हैं। हमें उसी पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पारी की शुरुआत शुभगन गिल और यशस्वी जायसवाल को करनी चाहिए और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए।

इंग्लैंड के खिलाड़ियों में भारत को मात देने की क्षमता : बेन स्टोक्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम में जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है वे भारत को उसकी धरती पर मात देने में सक्षम हैं। टॉम हार्टले ने अपने पहले टेस्ट में ही भारत की दूसरी पारी में 7 विकेट लेकर इंग्लैंड को 28 रन से यादगार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इंग्लैंड की टीम हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में सिर्फ एक तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ मैदान में उतरी और उसकी यह रणनीति कामयाब रही।

स्टोक्स ने कहा कि कभी-कभी अनुभवहीनता को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है। हालांकि इसमें संदेह नहीं कि अनुभवी खिलाड़ी इन परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करता है। इस दौरे के लिए हमने जिन स्पिनरों को चुना है, वे भारत को हराने का सबसे अच्छा मौका देंगे। हम चाहते हैं कि वे परिणाम के बारे में ज्यादा चिंता किए बिना अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

अक्षदीप सिंह ने पैदल चाल में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

चंडीगढ़, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब के अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में मंगलवार को पुरुषों के 20 किलोमीटर वर्ग में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर अपना ही एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

सूरज पंवार, प्रेमजीत सिंह बिष्ट ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

उत्तराखंड के सूरज पंवार दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने पेरिस ओलंपिक का एक घंटे 20 मिनट 10 सेकंड का क्वालीफाइंग मार्क पार किया। उन्होंने एक घंटे 19 मिनट 43 सेकंड का समय निकाला। वह पेरिस ओलंपिक में पैदल चाल के लिए क्वालीफाई करने वाले चौथे भारतीय हैं।

प्रेमजीत सिंह बिष्ट और विकास सिंह भी क्वालीफाई कर चुके हैं। एक देश से तीन ही खिलाड़ी ट्रैक और फील्ड की व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग ले सकते हैं और अब भारतीय एथलेटिक्स संघ को तय करना है कि इन चारों में से कौन पेरिस जाएगा। मंजू रानी ने 1:34:16 के समय के साथ महिलाओं की रेस वॉक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। रानी के बाद पोडियम पर पायल (1:34:45) और मुनिता प्रजापति (1:35:36) ने जगह बनाई।

मुशीर का शतक, सुपर 6 मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 214 रन से रौंदा

296 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 81 रन पर हुई ढेर

ब्लूमफोंटेन, एजेंसी

मुशीर खान के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मंगलवार को अंडर-19 विश्वकप में सुपर-6 के पहले मुकाबले न्यूजीलैंड को 214 रनों से हरा दिया है। मुशीर खान ने 131 रन की शतकीय और आदर्श सिंह ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 8 विकेट पर 295 रनों का स्कोर खड़ा किया।

296 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। न्यूजीलैंड ने पहले ही ओवर में अपने सलामी बल्लेबाज टॉम जोन्स का विकेट शून्य पर गवां दिया। इसके बाद न्यूजीलैंड के विकेट लगातार गिरते चले गए। जेम्स नेल्सन 10 रन, कप्तान ऑस्कर जैक्सन 19 रन, जैक कमिंग16 रन, एलेक्स थॉम्पसन 16 रन बनाकर आउट हुए।

शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। सौमी पांडे के 4 विकेट, मुशीर खान और राज लिंबानी के दो-दो विकेट, नमन तिवारी और अर्शीन कुलकर्णी के एक-एक विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को 28.1 ओवर में 81 रन पर ढेर कर विश्व कप का पहला सुपर 6 मुकाबला जीत लिया।

131 रन की पारी खेली मुशीर खान ने

52 रन बनाए अदर्श सिंह ने 58 गेंदों में

शुरुआती झटकों के बाद मुशीर ने संभाली पारी

टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का विकेट पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर खो दिया। इसके बाद आदर्श सिंह ने मुशीर खान के साथ दूसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़े। आदर्श 58 गेंद में छह चौके की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान उदय सहारन ने मुशीर के साथ 87 रन की साझेदारी की। उदय 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अरावेली अवनीश 17 रन, प्रियांशु मोलिया 10 रन, सचिन दास 15 रन बनाकर आउट हुए। इस बीच मुशीर खान ने शतक जड़ा। यह उनका इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक है। मुशीर खान ने टूर्नामेंट में चार मैच की चार पारियों में 81.25 की औसत से 325 रन बना चुके हैं। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक है। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 295 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से मेसन क्लार्क ने 4 विकेट लिए। रयान त्सोर्गस, इवाल्ड श्रेडर, जैक कमिंग और ओलिवर तेवतिया ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

खेल डायरी

दीप्ति शर्मा टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

दुबई। भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढ़कर आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में मंगलवार को संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि भारत की रेणुका सिंह भी दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा 3 पायदान गिरकर दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई। दीप्ति के साथ पाकिस्तान की सादिया इकबाल दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई हैं। ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं है, इसमें दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। बल्लेबाजों में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना चौथे, जेमिमा रौड्रिग्स 13वें, शेफाली वर्मा 16वें और हरमनप्रीत कौर 17वें स्थान पर है। आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं, जबकि उनकी हमवतन ताहलिया मैकग्रा दूसरे स्थान पर हैं।

हॉकी : भारत ने कीनिया को 9-4 से हराया

मस्कट। उत्तम सिंह की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को एफआईएच हॉकी 5 पुरुष विश्व कप के पांचवें से आठवें स्थान के वर्गीकरण मैच में कीनिया के खिलाफ 9-4 से शानदार जीत हासिल की। उत्तम ने तीन गोल किए, जबकि मंजीत, पवन राजभर, मनदीप मोर, गुरजोत सिंह ने एक-एक और मोहम्मद राहील ने दो गोल दागे। कीनिया के लिए मोसेस अडेंबा ने 3 और कप्तान इवान लुडियाली ने एक गोल किया। भारत ने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी। टीम ने शुरुआती मिनटों में कीनिया के गोलकीपर को कई बार चुनौती दी। भारत टूर्नामेंट में अब बुधवार को पांचवें और छठे स्थान का मैच खेलेगा। इससे पहले राहील की हैट्रिक के बावजूद भारत को क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड ने 7-4 से हरा दिया।

मयंक की विमान में बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

अगरतला। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल की दिल्ली के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मयंक अब खतरे से बाहर हैं। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया कि मयंक फिलहाल अगरतला के एक अस्पताल में निगरानी में है। डॉक्टरों से अपडेट मिलने के बाद वापस बेंगलुरु ले जाएंगे। मयंक सूरत में रेलवे के खिलाफ अगला रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलेंगे। त्रिपुरा क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा कि टीम विमान में थी। मयंक ने शायद किसी तरल पदार्थ को पानी समझ कर पी लिया, जिसके बाद उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी। उन्होंने विमान में कई बार उल्टी भी कर दी। इसके बाद वह विमान से उतर गए।

त्रीशा-गायत्री दूसरे दौर में, अश्विनी-तनीषा से होगी भिड़ंत

थाईलैंड मास्टर्स

बैंकॉक। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले में लोक लुइ और विंग युंग एनजी की हांगकांग की जोड़ी को हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। छठी वरीय भारतीय जोड़ी ने पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे और 14 मिनट में 16-21, 21-10 21-18 से जीत दर्ज की। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की हमवतन गैर वरीय जोड़ी से भिड़ेंगी। तनीषा और अश्विनी ने लिंग फैंग हू और शियाओ मिन लिन की चीनी ताइपे की जोड़ी को 21-13, 21-17 से हराया। पुरुष एकल में भारत के समीर वर्मा और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रामण्यम दो क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में सफल रहे। समीर ने अमेरिका के होवार्ड शू को पुरुष एकल क्वालीफिकेशन के पहले दौर में 21-9, 21-16 से हराने के बाद चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ को 16-21, 21-16, 21-15 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। मुथुस्वामी ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को 9-21, 21-17, 21-12 से हराने के बाद थाईलैंड के कोराकृत लाओत्राकुल को 20-22, 21-10, 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। समीर पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस जबकि मुथुस्वामी मलेशिया के जुन हाओ लियोंग से भिड़ेंगे।

दिव्या देशमुख ने दर्शकों पर लगाया लिंगभेद का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने आरोप लगाया है कि हाल ही में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान दर्शकों की ओर से लिंगभेद का सामना करना पड़ा।

शतरंज खिलाड़ी दिव्या ने नीदरलैंड दौरे का साझा किया अनुभव

नागपुर की 18 वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय मास्टर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में अपने इस खराब अनुभव का ब्योरा दिया है। उन्होंने लिखा कि मैं काफी समय से इस पर बोलना चाहती थी लेकिन टूर्नामेंट खत्म होने का इंतजार कर रही थी। मैंने देखा है कि शतरंज में दर्शक महिला खिलाड़ियों को बहुत हलके में लेते हैं। हाल ही में खुद यह अनुभव किया। कुछ मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिस पर गर्व है। उन्हें लोगों ने बताया कि दर्शकों का ध्यान उनके खेल पर था ही नहीं बल्कि बाकी गैर जरूरी चीजों जैसे कपड़े, बाल, लहजे पर था।

देशमुख चैलेंजर श्रेणी में 4.5 स्कोर करके 12वें स्थान पर रहीं। उन्होंने कहा कि पुरुष खिलाड़ियों को उनके खेल के लिए जाना जाता है जबकि महिलाओं के मामले में उलटा है।

उन्होंने कहा कि वह इससे काफी दुखी थी। यह काफी दुखद है कि जब महिला शतरंज खेलती है तो वह कितना भी अच्छा खेले, लोग खेल पर ध्यान नहीं देते। महिला खिलाड़ियों को रोजाना इसका सामना करना पड़ता है। इतने साल तक यह सब झेला है। महिलाओं को भी समान सम्मान मिलना चाहिए।

एआईएफएफ के महासचिव बर्खास्त

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया ने अव्यवस्था के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे को जिम्मेदार ठहराते हुए मंगलवार को उनके इस्तीफे की मांग की, जबकि शाजी प्रभाकरन को महासचिव के रूप में दूसरी बार बर्खास्त किया गया।

एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने मंगलवार को प्रभाकरन को महासचिव पद से हटा दिया, जबकि इससे दो महीने से अधिक समय पहले सात नवंबर को विश्वास के उल्लंघन के लिए आपात समिति ने ऐसा ही किया था।

मुंबई ओपन चैंपियनशिप 5 फरवरी से

मुंबई, एजेंसी

मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे, इसका आयोजन 6 साल बाद मुंबई में 5 से 11 फरवरी तक होगा।

मुंबई ओपन के तीसरे सत्र में एकल वर्ग में शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल तीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि युगल वर्ग में छह खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए 1,25,000 डॉलर सीरीज का हिस्सा है। विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज अमेरिका की कायला डे टूर्नामेंट के एकल में भाग लेने वाली 32 खिलाड़ियों में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी हैं। वह 2016 में अमेरिकी ओपन में लड़कियों की एकल वर्ग की चैंपियन रही है। जापान की नाओ हिबिनो और फ्रेंच ओपन की पूर्व सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक एकल में शीर्ष 100 में शामिल दो अन्य खिलाड़ी है।

अंकिता रैना एकल मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय हैं। युगल में भारत की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी प्रार्थना थोम्बरे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो को मुख्य ड्रॉ में सीधा प्रवेश मिला है।

बॉलीवुड हलचल

स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी पुष्पा २

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 इस साल 15 अगस्त को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा द राइज की जबरदस्त सफलता के बाद अब मेकर्स इसका सीक्वल पुष्पा 2 लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने पुष्पा 2 का नया पोस्टर लॉन्च किया है। पुष्पा 2 : द रूल का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा कि पुष्पा राज का शासन शुरू होने में बस 200 दिन बाकी। 15 अगस्त को दुनियाभर में होगी रिलीज। पुष्पा : द राइज को सुकुमार ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म के निर्देशक सुकुमार और अभिनेता अल्लू अर्जुन मई के अंत तक पुष्पा 2 की शूटिंग खत्म करने की कोशिश में हैं। कहा जा रहा है कि अभी फिल्म की लगभग 100 दिनों की शूटिंग बाकी है, जिसे खत्म करने के लिए टीम अगले 5 महीनों तक लगातार शूटिंग करेगी।

वीडियो में बोल्ड अंदाज में दिखने पर सोशल मीडिया पर ट्रोल हुईं साक्षी चोपड़ा

रामानंद सागर की पड़पोती साक्षी चोपड़ा की बोल्ड फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हैं। साक्षी चोपड़ा इन दिनों अपने एक गाने को लेकर चर्चा में हैं। साक्षी चोपड़ा के गाने के नाम घोस्ट्स है। जिसको लेकर एक्ट्रेस खूब ट्रोल हो रही हैं। इस वायरल हो रहे गाने में साक्षी चोपड़ा बेहद बोल्ड अंदाज में दिखाई दीं। साक्षी चोपड़ा को उनके बोल्ड अंदाज को लेकर खूब ट्रोल हो रही है। साक्षी चोपड़ा के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए यूजर्स उनकी तुलना उर्फी जावेद से करते हुए नजर आए तो वहीं फैंस को साक्षी चोपड़ा का ये बोल्ड अंदाज काफी पसंद आ रहा है। फैंस साक्षी चोपड़ा के इस डांस वीडियो की जमकर तारिफ करते हुए नजर आए।

मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं स्मृति सिन्हा

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री स्मृति सिन्हा की पहली मराठी और हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली फिल्म 2 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी। स्मृति सिन्हा इस फिल्म के जरिये मराठी और हिंदी में डेब्यू कर रही हैं। वह इस फिल्म को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म में उनके साथ पुष्कर जोग, पूजा सावंत, दिशा परदेशी और पुष्कराज चिरपुटकर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा कि यह उनके लिए शानदार मौका है अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का। पूरा भरोसा है कि उनका काम मराठी ऑडियंस को भी बेहद पसंद आएगा। साथ ही हिंदी भाषी लोगों को भी फिल्म मुसाफिरा अपनी ओर आकर्षित करेगी। स्मृति सिन्हा ने कहा कि उन्हें अपनी मेहनत और काबिलियत पर भरोसा है। उन्होंने हमेशा कोशिश की कि अपने हिस्से का किरदार पूरी संजीदगी से निभाएं, वह चाहे रियल लाइफ में हो या रील लाइफ में।

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज

अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी जल्द ही रोमांटिक फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है। टाइटल ट्रैक में शाहिद और कृति के बीच बेहतरीन रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। यह गाना राघव और तनिष्क बागची द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। इस गाने को दोनों ने असीस कौर के साथ मिलकर गाया है। इसके बोल बागची ने लिखे हैं। शेख जानी बाशा ने गाने की कोरियोग्राफी की है। दिनेश विजान निर्मित तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

सनी लियोनी ने नोएडा में खोला रेस्टोरेंट

बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी ने फूड इंडस्ट्री के बिजनेस में कदम रखा है। सनी ने अपना खुद का रेस्टोरेंट शुरू किया है, जिसकी ओपनिंग राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा शहर में की गई है। इसको लेकर सनी लियोनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ वीडियो और फोटोज भी शेयर की हैं। सनी लियोनी के रेस्टोरेंट का नाम चिका लोका है। सनी लियोनी ने बताया कि वह एक्टिंग और फिल्मों के साथ बिजनेस में कदम बढ़ा रही हैं। रेस्टोरेंट के अलावा वे और भी कई सारे आइडियाज में काम करना चाहती हैं।

ऋतिक रोशन को कॉमेडी फिल्म करने का बेसब्री से इंतजार

ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच ऋतिक रोशन ने कहा कि वह पिछले कुछ समय से कॉमेडी फिल्म करने का इंतजार कर रहे हैं। ऋतिक रोशन ने कहा कि वह एक कॉमेडी फिल्म करने के लिए उतावले हैं। लेकिन कोई स्क्रिप्ट नहीं मिली है। वह अमेरिकी कॉमेडी फिल्म हैंगओवर जैसी कहानी की तलाश में हैं। इस तरह से ऋतिक रोशन ने अक्षय कुमार और अजय देवगन को टक्कर देने के लिए सोच लिया है। दरअसल, अक्षय कुमार और अजय देवगन कॉमेडी फिल्में करते नजर आते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आश्चर्यजनक ब्लैक होल खोज निकाला है, जो अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा है। इस तरह की यह पहली खोज है, जो ब्रह्मांड के एक अजूबे रहस्य को उजागर करती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि बिग बैंग के 400 मिलियन बाद यह ब्लैक होल अस्तित्व में आया था।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों का मानना है कि ये ब्रह्मांड का सबसे पुराना ज्ञात ब्लैक होल है। हबल स्पेस टेलीस्कोप ने इसे खोजा है। इस आकाशगंगा का नाम जीएन- जेड11 है। यह एक महाविशाल प्राचीन ब्लैक होल है, जो इस आकाशगंगा के केंद्र में स्थित है। इस खोज मे खगोलविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम शामिल थी। वैज्ञानिकों का कहना है आधुनिक सिद्धांतों के अनुसार इस ब्लैक होल की उम्र 13 अरब वर्ष से अधिक हो सकती है। यह ब्लैक होल अपनी मेजबान आकाशगंगा को खा रहा है। प्रारंभिक ब्रह्मांड में ब्लैक होल की गतिविधि की नई जानकारी मिलती है। यह एक प्रकार से बेहद भूखे ब्लैक होल हैं। ब्रह्मांड इस तरह के ब्लैक होल और भी हो सकते हैं। यूके में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में यह खोज की गई। याग ब्लैक होल आकार में हमारे सूर्य से लाखों गुना बड़ा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्माण्ड में इतने बड़े ब्लैक होल की वजह प्रारंभिक आकाशगंगाओं के अत्यधिक गैस-समृद्ध होना हो सकता है।

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल।

ब्रह्मांड की खोज का नया युग है यह दौर

नैनीताल: वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की खोज की दिशा में यह एक नए युग की शुरुआत है। वेब और हबल जैसी दूरबीनों के आ जाने से ब्रह्मांड की नित नई ऐसी जानकारी मिल रही है, जो हमारी कल्पनाओं से भी परे हैं और भविष्य में इस तरह की न जाने कितने रहस्य उजागर होंगे, जिनके बारे में हम कभी सोच भी नही सकते।

10 भारतीय मछुआरों को दो वर्ष की सजा

कोलंबो। श्रीलंका की एक अदालत ने देश के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए 10 भारतीय मछुआरों को दो वर्ष की निलंबित सजा सुनाई।

उत्तरी जाफना प्रायद्वीप के पॉइंट पेड्रो के मजिस्ट्रेट ने सोमवार को सजा सुनाते हुए नौका के मालिक को 24 अक्टूबर को अगली सुनवाई के दौरान अदालत में पेश होने का आदेश भी दिया। अवैध रूप से मछली पकड़ने के मामले में नौका जब्त की जा चुकी है। दो साल की जेल की सजा को पांच साल के लिए निलंबित करने का मतलब है कि मछु आरे वास्तव में जेल नहीं जाएंगे बल्कि उनकी सजा पांच साल के लिए निलंबित कर दी गई है। 23 दिसंबर को गिरफ्तार किए गए मछुआरे तीन बार अदालत में पेश हो चुके हैं।

भारत ने इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के लिए द्विराष्ट्र समाधान का किया समर्थन : जयशंकर

मुंबई, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत दशकों पुराने इजराइल-फलस्तीन संघर्ष को समाप्त करने के लिए द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर की शुरुआत में यहूदी देश के अंदर हमास के हमलों के बाद गाजा पट्टी में युद्ध भड़क उठा है जिसकी समाप्ति का कोई संकेत नहीं दिखता।

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), मुंबई के छात्रों के साथ बातचीत में एक सवाल का जवाब देते हुए, जयशंकर ने कहा कि यह निश्चित रूप से भारत का और बहुत बड़ी संख्या में देशों का विचार है कि द्विराष्ट्र समाधान ही कारगर हो सकता है जहां इजराइल के साथ फलस्तीन राष्ट्र होना चाहिए। तो आज हमारे लिए सभी पहलू हैं। हम एक पहलू नहीं ले सकते और यह नहीं कह सकते कि यही एकमात्र पहलू है।

क्षमता और प्रतिष्ठा के लिए जरूरी है हम मदद करें

लाल सागर में मर्चेंट नेवी के पोतों पर हमले और क्षेत्र में भारतीय नौसेना के पोतों की तैनाती के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत की क्षमता, अपने हित और प्रतिष्ठा के लिए आज जरूरी है कि वह कठिन परिस्थितियों में वास्तव में मदद करें। जयशंकर ने कहा कि भारतीय नौसेना ने इस क्षेत्र में अपने 10 पोत तैनात किए हैं। अधिकारियों ने बताया भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर ईरानी झंडा लगे मछली पकड़ने के जहाज पर समुद्री डाकुओं के

हमले के बाद उस पर सवार चालक दल के 19 पाकिस्तानी सदस्यों को बचाया। आईएनएस सुमित्रा को अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्व में समुद्री दस्यु रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया है।

एक नजर

म्यांमार में अवैध रूप से गोला-बारुद रखने के आरोप में सात गिरफ्तार

यांगून। म्यांमार पुलिस ने पूर्वी प्रांत शान में अवैध रूप से हथियार और गोला-बारूद रखने के आरोप में सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। सरकारी म्यांमार समाचार एजेंसी ने मंगलवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि अवैध रूप से हथियारबंद संदिग्ध लोगों का एक समूह ताचिलेइक शहर में मोबाइल दुकान पर आ रहा है। सूचना के मिलने के बाद पुलिस ने 26 जनवरी को दुकान से संदिग्ध हथियाबंद लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दो थाईलैंड और अन्य पांच म्यांमार के नागरिक शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से चार पिस्तौल, सात मैगजीन तथा 62 गोलियां सहित गोला-बारुद जब्त किया है। संदिग्धों में से एक को थाईलैंड और म्यांमार अधिकारियों ने नशीली दवाओं के मामलों में वांछित भगोड़ा बताया गया था। संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

नाइजीरियाई सेना के हवाई हमले में मारे गए 30 संदिग्ध अपहरणकर्ता

अबुजा। नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत कदुना में सेना की ओर से सप्ताहांत में किए गए हवाई हमले में कम से कम 30 संदिग्ध अपहरणकर्ता मारे गए हैं। नाइजीरियाई वायु सेना के प्रवक्ता एडवर्ड गैबक्वेट ने कहा कि खुफिया रिपोर्ट के बाद एक अभियान चलाया गया था। एक सैन्य लड़ाकू जेट ने कदुना के बिरनिन ग्वारी इलाके में 15 मोटरसाइकिलों के काफिले में सवार संदिग्धों की गतिविधियों को देखा गया था। उन्होंने कहा कि आपराधिक समूह उसी क्षेत्र में सैनिकों पर घात लगाकर किए गए हमले के लिए जिम्मेदार था। उन्होंने बिरनिन ग्वारी में निर्दोष नागरिकों पर कई हमले किए और अपहरण की वारदात का भी अंजाम दिया था। उन्होंने कहा कि संदिग्ध अपहरणकर्ताओं का पीछा किया गया और उन पर सटीक हमला कर उनका खात्मा किया गया।

उ. कोरिया ने एक माह में तीसरी बार दागी क्रूज मिसाइल : दक्षिण कोरिया

सियोल। उत्तर कोरिया ने मंगलवार को पश्चिमी तट के पास समुद्र में कई क्रूज मिसाइलें दागीं जो इस महीने में उसका इस प्रकार का तीसरा परीक्षण है। दक्षिण कोरिया ने यह जानकारी दी। यह परीक्षण ऐसे समय में किया गया है जब क्षेत्र में तनाव पहले से बढ़ा हुआ है। उत्तर कोरिया द्वारा हथियारों का प्रदर्शन और अमेरिका, दक्षिण कोरिया एवं जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास बढ़ गए हैं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाएं इन प्रक्षेपणों का विश्लेषण कर रही हैं। अभी यह जानकारी नहीं दी गई है कि कितनी मिसाइलें दागी गईं या वे कितनी दूर तक पहुंचीं। इससे पहले उत्तर कोरिया ने 24 जनवरी और 28 जनवरी को भी इसी प्रकार के परीक्षण किए थे। उत्तर कोरिया ने बताया था कि उसने पनडुब्बी से प्रक्षेपण के लिए विकसित नई क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने 14 जनवरी को पहली ठोस-ईंधन आधारित मध्यवर्ती रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइल का भी परीक्षण किया था।

पाकिस्तान ने माच जेल पर हमले को किया विफल, पांच आतंकवादी ढेर

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत की माच जेल पर आतंकियों ने रॉकेट और अत्याधुनिक हथियारों से हमला कर दिया, लेकिन सुरक्षा बलों ने कम से कम तीन समन्वित हमलों को विफल कर दिया और एक प्रतिबंधित समूह के कम से कम पांच आतंकवादी मार गिराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सोमवार रात कम से कम 15 रॉकेट केंद्रीय माच जेल को निशाना बनाते हुए दागे गए। इस जेल में कई खतरनाक आतंकवादियों और ऐसे कैदियों को रखा गया है। बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जान अचकजई ने कहा पाकिस्तानी सेना और फ्रंटियर कांस्टेबुलरी बलूचिस्तान ने इन हमलों को विफल करने के लिए बेहद तेजी से कार्रवाई की।

खान यूनिस में अब तक इजरायली सेना ने दो हजार फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया

दावा: गाजा पट्टी पर तीन माह में लगभग 9,000 हमास के लड़ाकों का हो जा चुका है सफाया

30 से 40 हजार के बीच है हमास सैनिकों की संख्या

26,600 से अधिक लोग मारे गए हैं गाजा पट्टी में अब तक

यरुशलम, एजेंसी

इजरायली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक अभियान के दौरान 2,000 से अधिक फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता आर.डी. एम.एल. डैनियल हगारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता हगारी ने कहा कि हाल के सप्ताहों में आईडीएफ के जवान हमास बटालियनों के सैन्य ढांचे को नष्ट करने का काम कर रहे हैं। हमने पहले ही पूर्वी खान यूनिस में हमास के दो बटालियनों को नष्ट कर दिया है और अब हम पश्चिम की ओर बढ़कर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। अभियान में कई कमांडरों को मार गिराया है और कई भाग गए हैं, कुछ ने आत्मसमर्पण कर दिया है, या गिरफ्तार किए गए हैं और बचे हुए आतंकवादी असंगठित आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूरे खान यूनिस में हमने 2,000 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है। इजरायली सेना का दावा है कि गाजा पट्टी पर इजरायली आक्रमण के बाद से तीन महीनों में लगभग 9,000 हमास के लड़ाकों का सफाया किया जा चुका है। विभिन्न कयासों के अनुसार हमास सैनिकों की कुल संख्या 30,000 से 40,000 के बीच है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी को नियंत्रित करने वाले फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और इजरायल की सीमा में घुसकर 1,200 से अधिक लोग मारे डाला था और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया था। वहीं, इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को सुरक्षित बचाकर लाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी स्तर पर हमला शुरू किया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक 26,600 से अधिक लोग मारे गए हैं।



गाजा से हटने और आतंकवादियों की रिहाई से नेतन्याहू ने किया इनकार

यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि गाजा से कोई सैन्य वापसी या जेल में बंद हजारों आतंकवादियों की रिहाई नहीं होगी। फिलहाल चल रही अप्रत्यक्ष संघर्ष विराम वार्ता में हमास की तरफ से रखी गई यह दो मांग प्रमुख हैं। कब्जे वाले पश्चिमी तट में एक कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने एक बार फिर संकल्प जताया कि हमास पर पूर्ण विजय के बिना युद्ध समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने सभी लक्ष्यों को हासिल किए बिना युद्ध खत्म नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम गाजा पट्टी से इजरायली सेना को नहीं हटाएंगे और हजारों आतंकवादियों को रिहा नहीं करेंगे।

इजराइली सेना का अस्पताल में हमला, तीन आतंकवादी ढेर

जेनिन। असैन्य महिलाओं और चिकित्सा कर्मियों के भेष में इजरायली बलों ने मंगलवार को वेस्ट बैंक में एक अस्पताल पर हमला किया, जिसमें एक नाटकीय हमले में तीन फिलिस्तीनी आतंकवादियों की मौत हो गई। इससे पता चलता है कि गाजा में युद्ध से क्षेत्र में कितनी घातक हिंसा फैल गई है। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइली बलों ने जेनिन कस्बे में स्थित इब्न सिना अस्पताल के वार्डों में गोलीबारी शुरू कर दी। मंत्रालय ने हमले की निंदा की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का आह्वान किया कि अस्पतालों में इस तरह के अभियानों पर रोक लगाने के लिए इजराइल की सेना पर दबाव बनाया जाए। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों तरफ से गोलीबारी नहीं हुई जिससे संकेत मिलता है कि यह निशाना साधकर लोगों को मारने का मामला है। सेना ने कहा कि आतंकवादी छिपने के लिए अस्पताल का इस्तेमाल कर रहे थे। हालांकि उसने इस बाबत सबूत पेश नहीं किए। उसने आरोप लगाया कि हमले में जिन लोगों पर निशाना साधा गया उनमें से एक ने सात अक्टूबर को दक्षिण इजराइल पर हमास के हमले के बाद एक सुनियोजित हमले के लिए अन्य लोगों को हथियार और गोला-बारूद पहुंचाए थे।

इमरान और कुरैशी को सिफर मामले में 10 साल की सजा

पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के उप नेता शाह महमूद कुरैशी की बेटी गौहर बानो कुरैशी (बाएं) और पत्नी महरीन कुरैशी ने अदियाला जेल के बाहर अदालत के फैसले के बाद मीडिया से बात की। ● एजेंसी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की राजनीति में मंगलवार को उस समय तूफानी घटनाक्रम सामने आया जब सरकारी गोपनीयता कानून मामलों की विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में मंगलवार को 10 साल की सजा सुनाई। सुनवाई की शुरुआत में खान और कुरैशी को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 342 के तहत एक प्रश्नावली दी गई।

खान की ओर से बयान दर्ज करने के बाद अदालत ने उनसे सिफर के ठिकाने के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि मैंने अपने बयान में यही कहा है जो मुझे नहीं पता। सिफर मेरे कार्यालय में था। सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने दोनों नेताओं को 10 साल जेल की सजा सुनाई। फैसला सुनाने के बाद न्यायाधीश अदालत कक्ष से बाहर चले गए। कुरैशी ने यह कहते हुए विरोध जताया कि उनका बयान दर्ज नहीं किया गया। विशेष अदालत का यह फैसला पाकिस्तान में आगामी आठ फरवरी को होने वाले संसदीय चुनाव से नौ दिन पहले आया है। इस चुनाव में पाकिस्तान तहरी-ए-इंसाफ पार्टी सरकार की सख्ती के बीच और बिना किसी चुनावी चिह्न के भी चुनाव लड़ रही है। बदले घटनाक्रम में अब खान और कुरैशी दोनों नेता अगले पांच साल के लिए कोई चुनाव नहीं लड़ सकते। इस बीच एक नेता ने एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान इमरान और कुरैशी के साथ खड़ा है। दोनों ने देश को बचाने का काम किया है और हकीकी आजादी के लिए खड़े हुए हैं। सिफर मामले में कानून का पूरी तरह से मजाक बनाया गया और उसकी अवहेलना की गई है। दोनों को न्याय दिलाने की हम प्राथमिक जिम्मेदारी नहीं भूलेंगे।

शाह महमूद कुरैशी और इमरान खान

भारतीय मूल के युगल को ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने के आरोप में ठहराया दोषी

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतीय मूल के युगल को ऑस्ट्रेलिया में आधे टन से अधिक कोकीन भेजने का दोषी ठहराया गया है। जांच के बाद पता चला कि वे एक कंपनी से जुड़े थे। उन्होंने कंपनी के नाम पर धातु के टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर कोकीन विमान से ऑस्ट्रेलिया भेजी थी। भारत ने आरोपियों के प्रत्यर्पण की मांग की है।

जांच एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मई 2021 में सिडनी पहुंचने पर ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने 5.7 करोड़ पाउंड की कोकीन पकड़ी और राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के जांचकर्ताओं ने इसे भेजने वाले की पहचान ईलिंग के हनवेल की 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीत सिंह रायजादा के रूप में की। धीर और रायजादा ने ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने और धन शोधन के आरोपों से इनकार किया है। सोमवार को साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद न्यायाधीशों की जूरी ने उन्हें निर्यात के 12 मामलों और धन शोधन के 18 मामलों में दोषी ठहराया। ऑस्ट्रेलिया में बेचे जाने पर इन नशीले पदार्थों की कीमत 5.7 करोड़ पाउंड तक होती, जहां कीमतें ब्रिटेन की तुलना में काफी अधिक हैं। ब्रिटेन में थोक में एक किलोग्राम कोकीन की कीमत लगभग 26,000 पाउंड प्रति किलोग्राम है।



▸▸ भारत ने की आरोपियों के प्रत्यर्पण की मांग, टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर विमान से भेजी थी कोकीन

ह्यूस्टन में एक हवाई बैनर पर लिखा है, ब्रह्मांड जय श्रीराम का नारा लगा रहा है। अयोध्या श्रीराम मंदिर अभिषेक समारोह के एक सप्ताह बाद एक विमान के माध्यम से ह्यूस्टन के आसमान पर दिखा यह दृश्य। ● एजेंसी

ह्यूस्टन: लहराया 'जय श्री राम' का बैनर

ह्यूस्टन। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के एक सप्ताह के बाद भी भारतीय अमेरिकियों के बीच उत्साह का माहौल है और अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में हवाई जहाज से एक बैनर लहराया गया जिस पर लिखा था यूनिवर्स चैंट्स जय श्रीराम यानी ब्रह्मांड में गूंज रहा जय श्री राम का मंत्र।

ह्यूस्टन में पिछले दिनों कंपकंपाती सर्दी और बारिश के बाद परंपरागत भारतीय परिधान पहने भारतवंशी लोग गुजरात समाज और अन्य स्थानों पर जमा हुए। वे भगवा झंडे हाथ में लिए हुए जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। जिस विमान पर यह बैनर लहराया गया, उसके पायलट का भी जय श्री राम के नारे लगाकर अभिनंदन किया गया। आयोजकों ने पूरे ह्यूस्टन में अपनी तरह के पहले हवाई बैनर के बारे में प्रचार किया। भारतीय मूल के लोग आसमान में निहारते रहे। इसके लिए प्रचार करने वाले फ्लायर पर लिखा था आसमान पर नजर रखें और जब आप अपने इलाके में विमान को देखें तो जय श्रीराम के नारे लगाएं। इस शो के आयोजक उमंग मेहता ने कहा कि 500 साल के संघर्ष के बाद श्री राम मंदिर के उद्घाटन का उत्सव मनाने के लिए इस कार्यक्रम की कल्पना की गई।

पड्र्यू विश्वविद्यालय में लापता भारतीय छात्र की मौत की पुष्टि

वाशिंगटन। अमेरिका के इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पड्र्यू विश्वविद्यालय के लापता भारतीय छात्र की मौत हो गई है। विश्वविद्यालय ने इसकी पुष्टि की। भारतीय छात्र नील आचार्य रविवार को लापता हो गया था। पड्र्यू के परिसर में मौरिस जे. जुक्रो प्रयोगशाला के पास नील का शव मिलने के बाद टिप्पेकेनो काउंटी कोरोनर कार्यालय के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई।

▸▸ 28 जनवरी से लापता था नील आचार्य आखिरी बार उबर चालक ने देखा था

विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के अंतरिम प्रमुख क्रिस क्लिफ्टन ने सोमवार को विभाग को भेजे एक ईमेल में कहा कि बहुत दुख के साथ मैं आपको सूचित कर रहा हूं कि हमारे एक छात्र नील आचार्य का निधन हो गया है। नील की मौत की पुष्टि से पहले उसकी मां गौरी आचार्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था कि हमारा बेटा नील आचार्य 28 जनवरी से लापता है। वह अमेरिका में पड्र्यू विश्वविद्यालय में पढ़ता है। आखिरी बार उसे उबर चालक ने देखा था।

राष्ट्रपति मुइज्जू मांगे भारतीय पीएम से माफी: जम्हूरी पार्टी

माले, एजेंसी

मालदीव में जम्हूरी पार्टी के नेता जसीम इब्राहिम ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से औपचारिक रूप से माफी मांगने और द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए राजनयिक सुलह करने का अनुरोध किया है। इब्राहिम की यह मांग चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू की उन टिप्पणियों के संदर्भ में की गई है जिसमें इस महीने की शुरुआत में उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर भारत को धमकाने वाला देश बताया था।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के तीन मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर भारत के साथ राजनयिक विवाद के बीच 13 जनवरी को चीन की पांच दिवसीय हाई-प्रोफाइल यात्रा के बाद स्वदेश लौटने पर कहा था कि हम छोटे (देश) हो सकते हैं लेकिन इससे उन्हें हमें धमकाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। जम्हूरी पार्टी ने यह मांग तब की है जब एक दिन पहले ही विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने सोमवार को कहा कि उसकी मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव रखने की तैयारी है। मीडिया से बातचीत में राष्ट्रपति मुइज्जू से हाल में एक साक्षात्कार के दौरान की गई विवादित टिप्पणियों के लिए भारत और प्रधानमंत्री मोदी से औपचारिक रूप से माफी मांगने को कहा।

'भारत और सिंगापुर उभरती तकनीक पर कर रहे हैं काम'

सिंगापुर। सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने कहा कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) द्वारा चिह्नित किए गए नए क्षेत्रों में काम जारी है जिनमें खाद्य सुरक्षा, हरित विकास एवं उभरती तकनीक शामिल है।

अंबुले ने 75वें गणतंत्र दिवस समारोह संबंधी एक कार्यक्रम में कहा कि आईएसएमआर ने सहयोग के विशिष्ट स्तंभों की पहचान की है और खाद्य सुरक्षा, डिजिटल परिवर्तन, हरित विकास और उभरती प्रौद्योगिकियों के इन नए क्षेत्रों में काम जारी है। आईएसएमआर नेताओं के नेतृत्व वाला मंच है जो तेजी से बदल रहे भू-राजनीतिक घटनाक्रम और आपूर्ति में मौजूदा व्यवधानों को देखते हुए पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग के अवसरों का पता लगाता है।

फैसला कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध, ऐसा करने वाला पहला देश बना न्यूजीलैंड

त्वचा पर दुष्प्रभाव डाल सकते हैं ऐसे उत्पाद

वेलिंगटन, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगा दिया है और ऐसा करने वाला यह पहला देश बन गया है। पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण (ईपीए) के अनुसार सौंदर्य प्रसाधनों में इन रसायनों पर प्रतिबंध लगाना चल रही प्रतिक्रिया का हिस्सा है जिसमें न्यूजीलैंड के पर्यावरण में सभी पीएफएएस-अग्निशामक फोम को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना और पीएफएएस के पृष्ठभूमि स्तरों का परीक्षण करना शामिल है।

ईपीए के पुनर्मूल्यांकन प्रबंधक शॉन प्रेसो ने कहा कि पीएफएएस का उपयोग कभी-कभी नेल पॉलिश, शेविंग क्रीम, फाउंडेशन, लिपस्टिक और मस्कारा जैसे उत्पादों में किया जाता है। इन्हें त्वचा को चिकना करने या अधिक टिकाऊ, फैलने योग्य और पानी प्रतिरोधी बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।

प्रेसो ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शोध से पता चलता है कि पीएफएएस केवल कुछ ही उत्पादों में पाए जाते हैं लेकिन न्यूजीलैंड पीएफएएस से संभावित जोखिमों के लिए एहतियाती दृष्टिकोण अपनाता है। पीएफएएस पर निर्णय कॉस्मेटिक उत्पाद समूह मानक में किए गए कई अद्यतनों में से एक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कॉस्मेटिक उत्पाद सुरक्षित हैं और नियम अंतर्राष्ट्रीय विकास के साथ बेहतर ढंग से संरेखित हैं। उन्होंने कहा कि पीएफएएस पर प्रतिबंध लगने और अन्य बदलावों के प्रभावी होने से पहले हम बदलाव का प्रबंधन करने के लिए उद्योग के साथ जुड़ना जारी रखेंगे। ऑकलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के स्कूल ऑफ साइंस के प्रोफेसर एलन ब्लैकमैन ने कहा कि जैसा कि पिछले साल ईपीए ने संकेत दिया था, सौंदर्य प्रसाधनों में पीएफएएस पर प्रतिबंध इस तरह लागू किया जाएगा कि पीएफएएस युक्त सौंदर्य प्रसाधनों का आयात और निर्माण 2026 के अंत में बंद हो जाएगा तथा इनकी आपूर्ति 2027 के अंत में बंद हो जाएगी।



मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए अहम निर्णय

ब्लैकमैन ने कहा कि यह पहला कदम उठाने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि नॉन-स्टिक कुकवेयर और वाटरप्रूफ कपड़ों जैसे अन्य पीएफएएस स्रोतों के साथ क्या होता है। पर्यावरण विज्ञान और अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक जोखिम मूल्यांकनकर्ता अभिषेक गौतम ने कहा कि सौंदर्य प्रसाधनों में 'हमेशा के लिए रसायनों' के जानबूझकर उपयोग पर प्रतिबंध उनकी संभावित दीर्घकालिक विषाक्तता के कारण मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है। गौतम ने कहा कि ये रसायन हालांकि प्रकृति में सर्वव्यापी हैं और इसलिए किसी भी गैर-अनुपालन की जांच के लिए सौंदर्य प्रसाधनों में इनकी नियमित रूप से निगरानी की जानी चाहिए।

तकनीकी मुद्दे पर ब्रिक्स की बैठक में हिस्सा नहीं लेगा सऊदी अरब

मॉस्को। रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को कहा कि सऊदी अरब एक तकनीकी मुद्दे के कारण मॉस्को में ब्रिक्स देशों के शेरपाओं और सूस-शेरपाओं की बैठक में हिस्सा नहीं ले रहा है।

रयाबकोव ने कहा कि सऊदी अरब के हमारे समकक्ष एक जनवरी को समूह में शामिल होने के बाद पहले ही ब्रिक्स से जुड़े कार्यक्रमों में भाग ले चुके हैं। सऊदी अरब के शेरपा बैठक में शामिल नहीं होने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं, लेकिन यह एक तकनीकी मुद्दा है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब की राजधानी रियाद में चल रही सभी आंतरिक चर्चाओं को पूरा करने के बाद देश के समूह की सभी बैठकों में भाग लेने की संभावना है।